आज

३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

क्रांतिवीर

...चला गया सिनेमा का



वाराणसी, शुक्रवार ९ अक्तूबर, २०२६ सौर २३, आश्विन कृष्ण १४, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

देशके हर जिले तक पहुंची ५जी की सेवा-प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को यशोभूमि में इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 10वें संस्करण का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भारत में 5जी कनेक्टिविटी अब हर जिले तक पहुंच चुकी है और देश में 5.50 लाख से अधिक 5जी बेस स्टेशन हैं। चार दिवसीय सम्मेलन का विषय 'सीमाओं से आगे विस्तार' है। मोदी ने कहा कि इंडिया मोबाइल कांग्रेस पिछले वर्षों में भारत की दूरसंचार और डिजिटल प्रगति तथा आकांक्षाओं को प्रदर्शित करने वाला महत्वपूर्ण मंच बन गया है। डिजिटल कनेक्टिविटी ने



५.५० लाख बेस स्टेशनसे बदली डिजिटलकी दुनिया, इंडिया मोबाइल कांग्रेसको किया संबोधित

शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी सेवाओं को लोगों तक पहुंचाना आसान किया है। मोबाइल फोन अब केवल संचार का माध्यम नहीं, बल्कि सुशासन का महत्वपूर्ण साधन भी बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए करीब 50 लाख करोड़ रुपये लाभार्थियों के खातों में भेजे गए, जिससे लगभग पांच लाख करोड़ रुपये की बचत हुई। सरकार करीब 25 करोड़ विद्यार्थियों को डिजिटल और ऑनलाइन शिक्षा मंचों से जोड़ने का प्रयास कर रही है। कोविड काल में दीक्षा मंच के जरिए पांच करोड़ से अधिक डिजिटल शिक्षा सत्र आयोजित किए गए। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि 2014 में एक जीबी डेटा की कीमत 268 रुपये थी, जो अब घटकर करीब आठ रुपये रह गई है। उन्होंने कहा कि भारत में 55 करोड़ 5जी उपभोक्ता हैं।

ज्ञानेशके इस्तीफेको लेकर तीसरे दिन भी प्रदर्शन

खड़गे-राहुल सहित कई विपक्षी सांसदोंने राजघाटपर दिया धरना

नयी दिल्ली (आससे)। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं के विरोध में विपक्षी इंडिया ब्लॉक का प्रदर्शन गुरुवार को लगातार तीसरे दिन जारी रहा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से आयोजित दोपहर के भोज के बाद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, खड़गे समेत विपक्षी सांसद तीन बसों से राजघाट के लिए रवाना हुए। विपक्ष ने वहां शांतिपूर्ण धरना देने की घोषणा की। राजघाट रवाना होने से पहले राहुल गांधी ने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा के करीब 300 सांसद शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें दो दिनों से प्रदर्शन नहीं करने दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले चुनाव आयोग कार्यालय और फिर जंतर-मंतर जाने से रोका गया। राहुल



आपराधिक साजिश कर देशको किया हाईजैक-राहुल

मोदी, शाह-भागवत और ज्ञानेश कुमारको कटघरेमें लायेंगे

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर 'आपराधिक साजिश' के तहत देश को 'हाईजैक' करने का आरोप लगाते हुये लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि इन लोगों को न्याय के कटघरे में लाना हमारी गारंटी है। राहुल ने जोर देकर कहा कि इन लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा और यह इंडिया गठबंधन की गारंटी है। राजघाट की ओर विपक्षी नेताओं के (शेष पृष्ठ ९ पर) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और सीईसी ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष उन्हें न्याय के कटघरे में लाएगा। ये आरोप विपक्ष के हैं, जिनका चुनाव आयोग और भाजपा खंडन करते रहे हैं। समाजवादी पार्टी, शिवसेना-यूबीटी और एनसीपी-एसपी समेत विपक्षी दलों के सांसद भी आंदोलन में शामिल हुए। विपक्ष का कहना है कि एसआईआर के जरिए मतदाता सूची में बदलाव और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर उठाए गए सवालों का जवाब मिलना चाहिए। उसने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक आंदोलन जारी रखने की बात कही है। विपक्ष के राजघाट जाने के कार्यक्रम के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने वहां भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की और इलाके में (शेष पृष्ठ ९ पर)

नाना पाटेकरका निधन

मुम्बई (आससे)। हिंदी और मराठी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर का गुरुवार सुबह 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। पणजी के पास डोना पाउला स्थित अपने अपार्टमेंट में बेहोश पाए जाने के बाद 75 वर्षीय अभिनेता को एक निजी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल से जुड़े वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शेखर सालकर ने यह जानकारी दी। सालकर ने बताया कि लगातार 45 मिनट तक सीपीआर दिए जाने के बावजूद पाटेकर होश में नहीं आए। उन्होंने बताया कि मेडिको-लीगल मामला दर्ज किया गया है और शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पाटेकर को सुबह करीब पांच बजकर 10 मिनट पर मृत घोषित किया गया। मणिपाल अस्पताल के ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. शेखर सालकर के अनुसार, लगातार सीपीआर दिए जाने के बावजूद नाना पाटेकर को बचाया नहीं जा सका। मामले में मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) दर्ज किया गया है और पोस्टमार्टम कराया जाएगा। नाना पाटेकर ने करीब पांच दशक के फिल्मी सफर में गंभीर, नकारात्मक, सामाजिक, राजनीतिक और हास्य भूमिकाओं में अपनी अलग पहचान बनाई। 1978 की फिल्म 'गमन' से बॉलीवुड में अभिनय की शुरुआत करने के बाद उन्होंने हिंदी और मराठी सिनेमा में लगातार काम किया। 'परिंदा' (1989) में गैंगस्टर की भूमिका ने उन्हें व्यापक पहचान दिलाई। इसके लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और फिल्मफेयर का सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता पुरस्कार मिला। इसके बाद 'अंगार', 'तिरंगा' और 'क्रांतिवीर' ने उनके स्टारडम को और मजबूत किया।



सिनेमा जगतमें शोक, श्रद्धांजलियोंका लगा तांता

एनडीएके मतलब नौकरी देंगे अलायंस-योगी



पुलिस खिलाड़ी कोटेसे ४७० युवाओंको दिया नियुक्ति पत्र

लखनऊ (आससे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पुलिस में कुशल खिलाड़ी कोटे के तहत चयनित 470 खेल प्रतिभाओं को गुरुवार को नियुक्ति पत्र वितरित किये। साथ ही नियुक्ति पाने वाले सभी खिलाड़ियों को उनके स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम लोक भवन सभागार में हुआ। कुशल खिलाड़ी कोटे के तहत चयनित अभ्यर्थियों में 43 उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस), 295 आरक्षी (नागरिक पुलिस) और 132 आरक्षी (पीएसी) शामिल हैं। अब ये सभी खिलाड़ी पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं देंगे। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि आप सभी लोगों की अब जर्सी से वर्दी की यात्रा शुरू हुई है। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों से पूछा क्या किसी ने आपसे कोई पैसा मांगा है, क्या किसी से सिफारिश करने की जरूरत पड़ी? सब लोग ध्यान रखिए ये सरकार का कोई अहसान नहीं है, बल्कि आपकी मेहनत का फल है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले पुलिस में खिलाड़ियों के सीधी भर्ती का कोई रास्ता नहीं था। हमने इसे शुरू कराया। 470 खिलाड़ियों को आज नियुक्ति पत्र दे रहे हैं। 500 (शेष पृष्ठ ९ पर)

आजसे महंगा होगा हवाई सफर, एअर इंडिया और एआई एक्सप्रेस ने बढ़ाया फ्यूल सरचार्ज

नयी दिल्ली (आससे.)। त्योहारी सीजन शुरू होने से पहले हवाई यात्रियों के लिए किराया बढ़ने की खबर आई है। एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के फ्यूल सरचार्ज में बढ़ोतरी की है। कंपनी की नई दरें 9 अक्तूबर से लागू होंगी। यह फैसला विमान ईंधन यानी एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव और हालिया बढ़ोतरी के बीच लिया गया है एअर इंडिया ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में एटीएफ की कीमतों में काफी अस्थिरता रही है। कंपनी के मुताबिक, इसके पीछे भू-राजनीतिक घटनाक्रम और वैश्विक ऊर्जा बाजार पर बना दबाव प्रमुख कारण हैं। ईंधन की कीमत बढ़ने से एयरलाइंस की परिचालन लागत भी बढ़ती है। एअर इंडिया के अनुसार, एयरलाइन के कुल परिचालन खर्च में ईंधन की हिस्सेदारी करीब 40 फीसदी होती है।

जीएसटी काउंसिल की बैठकमें अफसरोंकी गिरफ्तारी शक्तियोंपर अंकुश



ई-कामर्सके जरिये सामान बेचनेवालोंका आसान होगा पंजीकरण

नयी दिल्ली (आससे.)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित 57वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में कारोबारियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए कई बड़े और राहत भरे फैसलों पर मुहर लगाई गई है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कर अनुपालन को सरल बनाना, व्यापारिक बाधाओं को दूर करना और गैर-जरूरी आपराधिक कार्रवाइयों पर रोक लगाना रहा। काउंसिल ने कर अधिकारियों की मनमानी गिरफ्तारी शक्तियों पर अंकुश लगाने के साथ ही आपराधिक अभियोजन शुरू करने की न्यूनतम सीमा को 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये करने की मंजूरी दे दी है। यह कदम व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने और कारोबारियों के कार्यशील पूंजी संकट को दूर करने में मील का पत्थर साबित होगा। जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद वित्त मंत्री ने क्या बताया? केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को जीएसटी परिषद की सिफारिशों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिषद ने नोटिस और कार्रवाई के लिए सामान्य मानक तय करने की सिफारिश की है। अब 10,000 रुपये या उससे कम की मौद्रिक सीमा वाले कोई भी नए नोटिस जारी नहीं किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि (शेष पृष्ठ ९ पर)

कनाडाई लेखिका ऐन कार्सन को साहित्य का नोबल

स्टाहोम (एजेंसी)। स्वीडिश अकादमी साहित्य में नोबेल पुरस्कार विजेता के नाम की घोषणा कर दी है। नोबेल कमेटी के मुताबिक, 2026 में कनाडाई लेखिका ऐन कार्सन को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। उन्हें यह सम्मान 'शास्त्रीय परंपरा के साथ रचनात्मक संवाद करते हुए समकालीन साहित्य के लिए नए रूप गढ़ने वाले उनके साहसिक और कल्पनाशील साहित्यिक लेखन' के लिए दिया गया है। 2026 के नोबेल पुरस्कारों की घोषणा 5 अक्तूबर को मेडिसिन से शुरू हुई थी। इसके बाद फिजिक्स और केमिस्ट्री के पुरस्कारों का एलान हुआ। अब साहित्य के नोबेल पुरस्कार की घोषणा की गई है। नोबेल कमेटी के मुताबिक, ऐन कार्सन का साहित्य अपनी साहसिक शैली और नए प्रयोगों के लिए जाना जाता है। उन्होंने शास्त्रीय साहित्यिक परंपरा को आधुनिक लेखन के साथ जोड़ते हुए साहित्य में नए रूप और अभिव्यक्ति के तरीके विकसित किए हैं।

डॉक्टरोंको महंगे गिफ्ट पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नयी दिल्ली (आससे)। फार्मास्युटिकल कंपनियों द्वारा डॉक्टरों को महंगे उपहार, विदेशी यात्राएं और अन्य सुविधाएं देकर प्रभावित करने के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र सरकार को तीन सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश दिया है। समिति फार्मा कंपनियों की मार्केटिंग गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी व्यवस्था की जरूरत और उसके स्वरूप पर सिफारिश देगी। अदालत ने केंद्र से समिति की रिपोर्ट और उस पर उठाए गए कदमों की जानकारी हलफनामे के माध्यम से देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 29 जनवरी को होगी। यह मामला



फार्मा कंपनियोंके लिए बनेगी विशेषज्ञ समिति

फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशंस ऑफ इंडिया (एफएमआरएआई) की याचिका से जुड़ा है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि कुछ फार्मा कंपनियां डॉक्टरों को महंगे गिफ्ट, विदेशी यात्राएं और अन्य 'फ्रीबीज' देकर महंगी (शेष पृष्ठ ९ पर)

सपा सरकार बनी तो महिलाओं को हर साल मिलेंगे ४० हजार-अखिलेश

अयोध्या (आससे.)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गुरुवार को जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर कृष्णापुर गांव में पवन पांडेय के आवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे। उन्होंने व्यास मंच का आशीर्वाद लिया और मंच से श्रीमद्भागवत कथा का सार भी बताया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का संदेश है कि सभी बराबर हैं और समाज में प्रेमभाव के साथ रहना चाहिए, भेदभाव नहीं होना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम ही श्रीकृष्ण हैं और भगवान श्रीकृष्ण ही श्रीराम हैं। सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की मित्रता का उदाहरण देते हुए उन्होंने इसे पीडीए की शेष पृष्ठ ९ पर)

होमगार्ड भर्ती : अभ्यर्थियों का मेडिकल-चरित्र सत्यापन १२ से

लखनऊ (आससे)। होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 के तहत चयनित अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा और चरित्र सत्यापन की प्रक्रिया 12 अक्तूबर से शुरू होगी। संबंधित जिले की पुलिस लाइन में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोनों प्रक्रियाएं करायी जायेंगी। अभ्यर्थियों को सुबह नौ बजे संबंधित जिले की पुलिस लाइन में उपस्थित होना होगा। अधिकारियों के मुताबिक अभ्यर्थियों को जिला कमांडेंट होमगार्ड की ओर से जारी पत्र के साथ सभी मूल प्रमाणपत्र और अभिलेख लाने होंगे। इसके अलावा कम से कम 10 पासपोर्ट साइज की नयी फोटो भी साथ रखनी होगी। चरित्र सत्यापन के लिए निर्धारित प्रारूप में आवश्यक चरित्र प्रमाणपत्र और 10 रुपये के स्टांप पेपर पर नोटरी से सत्यापित शपथपत्र भी तैयार रखना होगा। पुलिस लाइन पहुंचने पर पहचान सत्यापन, उपस्थिति, हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान से जुड़ी प्रक्रिया पूरी करायी जायेगी।

दिल्ली थप्पड़ कांड : मंत्री प्रवेश वर्मा मामलेमें हाईकोर्ट सख्त

नयी दिल्ली (आससे)। दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा पर आम आदमी पार्टी (आप) कार्यकर्ता साहिब सिंह को थप्पड़ मारने के आरोप से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। न्यायमूर्ति सचिन दत्त ने मामले की सुनवाई करते हुए पुलिस को अब तक हुई काररवाई की स्थिति बताने वाली रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। आम आदमी पार्टी (आप) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें दिल्ली सरकार में उप मुख्यमंत्री एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा सड़क निर्माण में कथित भ्रष्टाचार पर सवाल पूछ रहे एक युवक को थप्पड़ मारते नजर आ रहे। इस घटना के सामने आने के बाद दिल्ली की सियासत गरमा गयी। आप नेता भाजपा पर लगातार हमलावर रहे। वहीं आज दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले में पुलिस से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है।

१.७७ करोड़ की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

डीडवाना (एजेंसी)। उत्तराखंड एसटीएफ ने ऑनलाइन गेमिंग के जरिये कम रकम निवेश कर अधिक लाभ कमाने का लालच देकर 1 करोड़ 77 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी करने वाले आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ की टीम ने ठगी में प्रयुक्त बैंक खाते का गहन विश्लेषण करने के बाद आरोपी को राजस्थान के डीडवाना-कुचामन जिले के लाडनूं थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी के खाते में ठगी की राशि में से करीब 14 लाख रुपये जमा हुए थे। एसटीएफ ने आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। साइबर ठगी का यह मामला हरिद्वार निवासी एक पीड़ित व्यक्ति से जुड़ा है। पीड़ित ने यूट्यूब पर विनाड्डु नामक ऑनलाइन गेमिंग वेबसाइट का विज्ञापन देखा था।

झारखंडमें डीजीपी नियुक्ति पर सुप्रीम फटकार

नयी दिल्ली (आससे)। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के डीजीपी की नियुक्ति से जुड़े राज्य सरकार के नियमों पर कड़ी आपत्ति जतायी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची व न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि पहली नजर में ये नियम सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसले के खिलाफ नजर आते हैं। अदालत ने डीजीपी बनायी गयी वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी तदाशा मिश्रा से भी जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने झारखंड



कहा-नियम हमारे पुराने फैसलेके खिलाफ

सरकार को इस प्रावधान पर पुनर्विचार करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। साथ ही राज्य से कहा है कि यदि वह नियम में बदलाव नहीं करना चाहता है, तो उसे अदालत के समक्ष इसका बचाव करना होगा। केंद्र सरकार ने झारखंड सरकार की ओर से 8 जनवरी 2025 को जारी 'झारखंड डीजीपी चयन और नियुक्ति विनियमन, 2025' को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। केंद्र का कहना है कि ये नियम पुलिस प्रमुख की नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह फैसले के अनुरूप नहीं हैं। झारखंड सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ को बताया कि राज्य सरकार इन नियमों की दोबारा समीक्षा करेगी। वहीं, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र पहले भी झारखंड सरकार को बता चुका है कि ये नियम प्रकाश सिंह मामले में दिए गए फैसले के खिलाफ हैं और इन्हें बरकरार नहीं रखा जा सकता।



यूपीआई : एमडीआर लागू करने की तिथि तीन महीने टली

नयी दिल्ली (आससे)। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई से जुड़े लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने की तारीख आगे बढ़ सकती है। मौजूदा समय में इसके 15 अक्तूबर से लागू होने की बात है लेकिन अब सरकार इसे आगे बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। एमडीआर लागू करने की समयसीमा को 15 अक्तूबर से बढ़ाकर एक जनवरी करने का प्रस्ताव सामने आया है। इस पर अगले कुछ दिनों में फैसला होने की उम्मीद है। हालांकि, अभी तक तारीख बढ़ाने को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। इसके अलावा, जीएसटी परिषद ने यूपीआई मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) पर जीएसटी को मौजूदा 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने के प्रस्ताव पर भी विचार किया। ज्यादातर राज्यों ने यूपीआई एमडीआर पर 18 प्रतिशत जीएसटी को लेकर चिंता जतायी। नये यूपीआई एमडीआर फ्रेमवर्क के तहत ज्यादा वैल्यू वाले मर्चेंट ट्रांजैक्शन पर चार्ज लगाने की योजना है। जीएसटी दर को घटाकर 5 प्रतिशत करने का प्रस्ताव भारत के डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम के लिए एक अहम समय पर आया है।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com
आज

मौसम

सूर्योदय : ०५.४९
सूर्यास्त : ०५.४६

तापमान
अधि. : ३२.०
न्यून. : २५.०

आलोचनाका अधिकार, बदनाम करनेका नहीं



४२ पूर्व जजोंने लिखी चिट्ठी

नयी दिल्ली (आससे)। देश में सांविधानिक संस्थाओं की साख और उनकी स्वायत्तता को लेकर एक बड़ी बहस छिड़ गयी है। इसी बीच 42 पूर्व जजों और सेवानिवृत्त सांविधानिक अधिकारियों ने भारत के नागरिकों के नाम एक खुला पत्र लिखा। जजों ने स्पष्ट किया है कि वे किसी भी राजनीतिक दल के पक्षधर नहीं हैं, लेकिन आज के दौर में साधे रखी गई चुप्पी निष्पक्षता नहीं हो सकती। उनका मानना है कि जब देश की बुनियादी संस्थाओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा हो, तब सामने आकर सच बोलना बेहद जरूरी हो जाता है। इस खुले पत्र में 42 पूर्व जजों ने चुनाव आयोग, न्यायपालिका और अन्य सांविधानिक निकायों पर हो रहे सुनियोजित हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि संस्थाओं की स्वस्थ आलोचना करना एक लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन दुर्भावना से उन्हें बदनाम करना लोकतंत्र के खिलाफ है। मंचों से सांविधानिक संस्थाओं को खुलेआम चोर, कठपुतली और समझौतावादी कहना बेहद खतरनाक है। बिना किसी कानूनी सबूत के प्रेस कॉन्फ्रेंस में वोट चोरी के मनगढ़ंत आरोप लगाए जा रहे हैं, जबकि अदालत में कोई सबूत पेश नहीं किया जाता। पूर्व जजों ने पत्र में तीखा सवाल उठाते हुए कहा है कि चुनाव कराने वाले निष्पक्ष अधिकारियों को खुलेआम डराया-धमकाया जा रहा है और सत्ता बदलने पर बदले की कार्रवाई की धमकियां दी जा रही हैं। किसी भी अदालत ने इन आरोपों को कभी सही नहीं पाया है। जब चुनाव आयोग हलफनामा मांगता है, तब कोई आगे नहीं आता। केवल हार के बाद (शेष पृष्ठ ९ पर)

दुकानमें आगसे फटे दो सिलेंडर, दो की मौत

बागपत (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के खेकड़ा कस्बे के बाजार चौकी क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में दुकान से सटे मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान दो गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गए। हादसे में एक महिला और पांच वर्षीय बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग झुलस गए। धमाकों की आवाज से पूरे बाजार में अफरा तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, व्यापारी प्रदीप जैन की दुकान में सुबह अचानक आग लगी। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं और दुकान से सटे मकान तक पहुंच गईं। आग की चपेट में आने से गैस सिलेंडरों ने भी आग पकड़ ली, जिसके बाद जोरदार धमाके हुए।

एक नजर इधर भी

कवि सम्मेलन और पुरस्कार वितरण के साथ हिंदी माह का समापन

इंडियन बैंक में एक माह से चल रहे हिंदी माह २०२६ का बुधवार को भव्य कवि सम्मेलन और पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। मुख्य अतिथि एफजीएमओ प्रयागराज के उप महाप्रबंधक अरुण कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कवि सम्मेलन में दमदार बनारसी, डाक्टर धर्मप्रकाश मिश्र, डाक्टर प्रियंका अग्निहोत्री और प्रशांत



बजरंगी ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह में अंचल प्रबंधक एवं उप महाप्रबंधक रूपाली सिंह, उप अंचल प्रबंधक एवं सहायक महाप्रबंधक संजय कुमार तथा मुख्य प्रबंधक राकेश चंद्र उपस्थित रहे। संचालन प्रबंधक (राजभाषा) डाक्टर सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने किया।

नागेपुर में पीएम आवास लाभार्थियों को सौर ऊर्जा का मिला लाभ

बैंक ऑफ बड़ौदा, वाराणसी अंचल की ओर से आराजीलाईन ब्लॉक के नागेपुर गांव में वित्तीय समावेशन और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बैंक के महाप्रबंधक-रिटेल एसेट एवं मॉर्गेज, कॉरपोरेट कार्यालय मुंबई राजेश कुमार सिंह, महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, वाराणसी मिथिलेश कुमार तथा यूपीनेडा की वरिष्ठ परियोजना अधिकारी शशि गुप्ता ने ग्रामीणों को बैंकिंग और सौर ऊर्जा



योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में २०० से अधिक ग्रामीण और लाभार्थी शामिल हुए। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों को नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी (आरईएससीओ) मॉडल के तहत सौर पैनल की नि:शुल्क स्थापना का लाभ दिया गया। अधिकारियों ने सौर ऊर्जा से बिजली बिल में संभावित बचत और स्वच्छ ऊर्जा के लाभ बताये। बाद में क्षेत्रीय कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में पीएम सूर्य घर योजना से जुड़े विक्रेताओं के साथ बैठक कर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और बैंक-विक्रेता समन्वय पर चर्चा की गयी

छात्राओं ने दिया जनकल्याणकारी योजनाओं और डिजिटल जागरूकता का संदेश

सुंदरपुर स्थित धीरेंद्र महिला पीजी कॉलेज में गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत सोशल स्पार्क क्लब की ओर से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। 'बदलता भारत, बदल रही जिंदगी' विषय पर आधारित नाटक के माध्यम से छात्राओं ने सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं और डिजिटल जागरूकता का संदेश दिया। नाटक में आयुष्मान भारत योजना, डिजिटल लेन-देन में सावधानियां, महिला उद्यमिता और आत्मनिर्भरता जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। छात्राओं ने बताया कि सरकारी योजनाओं की जानकारी समाज के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचना जरूरी है, ताकि सभी पात्र लोगों



को उनका लाभ मिल सके। साथ ही डिजिटल लेन-देन में सतर्कता बरतने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। प्राचार्य डॉ. नलिनी मिश्रा ने कहा कि जागरूकता, पारदर्शिता और जनभागीदारी सुशासन के महत्वपूर्ण आधार हैं। कार्यक्रम में अन्नपूर्णा, दृष्टि, संजना, आयुषी और प्रियाशी सहित लगभग २० छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन क्लब की इंचार्ज डॉ. ममता पांडेय और को-ऑर्डिनेटर ज्योति सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

पशुओं को खुला छोड़ने पर पशुपालकों पर लगेगा भारी जुर्माना

शहर के सड़कों पर आवारा एवं छुट्टा पशु छोड़ने वाले पशपालकों पर भारी जुर्माना लगेगा। नगर निगम ने छुट्टा मवेशियों को मुक्त कराने के लिए पशुपालकों को अब छ: हजार रूपया अतिरिक्त जुर्माना देना पड़ेगा। शहर में लगातार अभियान चलाकर पकड़े गये मवेशियों को ऐडे व नक्खीघाट स्थित काजी हाउस, छितौनीपुर व शहनशाहपुर स्थित कान्हा उपवन में भेजा जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में नगर निगम प्रशासन का वाहनों में ईधन मेंटेनेन्स और कर्मचारियों के भत्ते के रूप में खर्च आ रहा है। इसके लिए नगर निगम प्रशासन ने वित्तीय बोझ उठाने के लिए लापरवाह पशुपालकों के ऊपर भारी भरकम जुर्माना लगाने का निर्णय किया है। सम्बंधित विषय में नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि आय-व्यय और वर्तमान में बढ़ती समस्या को कम्प्लीट करने के लिए व्यवस्था बनायी गयी है। नगर निगम कार्यकारिणी के बैठक में इस विषय पर सहमति या निर्णय नही हो जाता तब तक आदेश प्रभावी रहेगा। पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डाक्टर विजय अमृत राज ने कादी हाउस और गो-आश्रय केन्द्रों पर अधिकारियों और कर्मचारियों को शक्त निर्देश दिया है कि मवेशियों को तभी छोड़ जब पशुपालक छ: हजार रूपया अतिरिक्त जमा करें। नियम में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।

श्रीराम को मनाने गये और खुद मान कर अयोध्या लौटे भरत

उनका खड़ाऊँ अयोध्या के सिंहासन पर रखकर नंदीग्राम में किया निवास

रामनगर। अयोध्यावासियों को साथ लेकर श्रीराम को मनाने के लिए चित्रकूट पहुंचे भरत श्रीराम को नहीं मना सके और खुद उनकी बात मानकर अयोध्या वापस लौट आये। उन्होंने उनके खड़ाऊ को अयोध्या के राजसिंहासन पर रख दिया और वहां के देख-रेख की जिम्मेदारी छोटे भाई शत्रुघ्न को सौंप कर खुद नंदीग्राम में निवास करने के लिये चले गये और वहां पर्णकुटी बनाकर रहने लगे। भरत ने राम से कहा कि आप जैसी आज्ञा दे हम वैसा करें। जिस पर उन्होंने उनसे संकोच छोड़कर मन की बात कहने के लिये कहा। जिस पर उन्होंने चित्रकूट के पावन स्थलों को देखने की इच्छा व्यक्त की। यह सुनकर श्रीराम ने उन्हें अत्रि मुनि की आज्ञा से वहां के पावन स्थलों को देखने की अनुमति दिया। यह देखकर देवता जय जय कार करने लगी। अत्रि मुनि के कहने पर भरत ने सभी तीर्थों का जल पहाड़ के समीप स्थित एक कूप में रख दिया। जिसका मुनि ने भरत कूप



नाम रखा द्य तो वहीं दूसरी ओर श्रीराम ने इस कूप की महिमा का बखान सभी से किया। चित्रकूट के पावन स्थलों को घूमने के बाद उन्होंने श्रीराम से कहा कि हमारी सभी इच्छाएं पूरी हुई। अब हमें अयोध्या जाने की आज्ञा दीजिए। जिस पर पुन: श्रीराम ने उन्हें एक बार फिर से समझाया। जब उनको संतोष नहीं हुआ तो उन्होंने अपना खड़ाऊँ उतार कर दिया जिसे पाकर भरत आनंदित हो उठे द्य वह उनसे गले मिलकर सभी को लेकर अयोध्या के लिए चल पड़े। राम भाई समेत माताओ, गुरुओं और अयोध्या वासियों को विदा करके अपनी कुटिया में वापस आये। इसके बाद चित्रकूट में भगवान श्रीराम,सीता और लक्ष्मण की आरती हुई। उधर जब अयोध्यावासियों को लेकर भरत अयोध्या पहुंचे तो वहां के राजसिंहासन पर राम का खड़ाऊँ रख दिया और वहां के देखरेख की जिम्मेदारी अपने छोटे भाई शत्रुघ्न को सौंप दी। वह खुद सन्यासी वेश में रहने के लिए नंदीग्राम चले गये। वहां उन्होंने पर्णकुटी बनाया और रहने लगे। नंदीग्राम में भरत जी की आरती हुई और यही पर रामलीला संपन्न हुई।

श्रीराम का नगर भ्रमण, अष्टसखी संवाद और फुलवारी लीला का मंचन

अति प्राचीन श्री रामलीला समिति खोजवा की रामलीला में बृहस्पतिवार को श्रीराम का नगर भ्रमण दर्शन अष्टसखी संवाद और फुलवारी लीला का मनोहारी मंचन किया गया। जनकपुर विश्राम के बाद गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से श्रीराम-लक्ष्मण जनकपुर नगर देखने निकलते हैं। नगर की सुंदरता, बाजारों और महलों को देख दोनों भाई प्रसन्न होते हैं। महल में सीता जी अपनी आठ सखियों के साथ फुलवारी में फूल चुनने आती हैं। सखियां आपस में सीता के विवाह योग्य होने और जनकपुर में आए सुंदर राजकुमारों की चर्चा करती हैं। इसी अष्टसखी संवाद के दौरान सखियों के मुख से श्रीराम के रूप और तेज की प्रशंसा सुनकर सीता जी के मन में राम के प्रति अनुराग जागता है। फुलवारी में ही श्रीराम और सीता जी का प्रथम अप्रत्यक्ष मिलन होता है। सीता जी राम को देखकर गौरी पूजन के लिये जाती हैं और मन में राम को पति रूप में पाने की प्रार्थना करती हैं। इसी के साथ लीला को विश्राम दिया गया। शुक्रवार की लीला में धनुष यज्ञ रावण बाणासुर संवाद धनुष भंग जयमाल लक्ष्मण परशुराम संवाद का मंचन होगा।

मातृत्व कर्म से राक्षसी प्रवृति की पूतना को मिली सद्गति- पंडित दिवाकर शास्त्री

राजादरवाजा स्थित रामजानकी मंदिर में चल रहे भागवत कथा के पांचवे दिन गुरुवार को कथाव्यास ज्ञानमूर्ति पंडित दिवाकर शास्त्री ने श्रद्धालुओं को पूतना वध से जुड़े प्रसंग का श्रवण कराया। कहाकि गोविन्द ने पूतना जैसी राक्षसी को वैसी ही गति प्रदान की जैसा कि मैया यशोदा को की थी। कथाव्यास ने कहा जीव कैसा भी दुखी तभी तक है जबतक भगवान के शरण में नहीं जाता।



पूतना के अन्दर कोई सद्गुण नहीं थे, फिर भी भगवान ने माता जैसे कार्यों के कारण उसे सद्गति प्रदान कर दी। गोविन्द के ऐसे कृत्यों पर विचार करने की आवश्यकता इसलिए भी है कि जब भगवान पूतना जैसी राक्षसी को सद्गति दे सकते तो जो भक्त श्रद्धा, विश्वास और समर्पण के साथ उनकी सर्वसत्ता को स्वीकार करेगा उसे भला प्रभु कैसे नहीं अपनी कृपा प्रदान करेंगे। भगवान तो स्वयं कहते जो भी मेरे शरण में आयेगा उसे सांसारिक हो अथवा पारलौकिक सबकुछ प्रदान करूंगा। इस अवसर पर गिरिराज का पूजन का छप्पन भोग की झांकी सजायी गयी थी। पूजन शिवकुमार रस्तोगी ने किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर १००८ रामशरण दास त्यागी, प्रेम नारायण दुबे, रविकर, गौतम, राजकुमार रस्तोगी रज्जूजी, आत्माविश्वेश्वर, गौरीशंकर पांडेय, अंकित, नेहा, रेणु, वैष्णवी आदि उपस्थित रहीं।

रात्रिकालीन निरीक्षण में कई जगह बन्द पड़ी मिली स्ट्रीट लाइट

रात्रिकालीन सफाई के लिए तैयार होगा रोड मैप

शहर और गलियों में रोशनी बनाये रखने के साथ रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के लिए नगर निगम के अधिकारी सड़क पर उतर चुके हैं। इसके तहत रात्रिकालीन में बीच वार्डो में अधिकारियों एवं आलोक विभाग के टीमों ने राजघाट, चौकाघाट, सरसौली, तुलसीपुर, सिगरा, शिवपुरवा और गोलाघाट समेत मुख्य सड़कों से लेकर गलियों में पर प्रकाश और सफाई व्यवस्था की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान वार्डो के ७५०० से अधिक प्रकाश विन्दुओं में से ९५ प्रतिशत प्रकाश चालू मिले, जबकि शिवपुरवा ११९, सिगरा में ६८, गोलाघाट में २३ सहित कुल २१० लाइटे बन्द पायी गयी। निरीक्षण के दौरान चिन्हित किये गये डाकर्ट-स्पाट समाप्त करने के लिए ३२ नयी लाइटें और ५० नये पोल का प्रस्ताव भेजा गया, जिसमें शिवपुरवा में ४० और सिगरा में १० और आठ सेमी के हाई-मार्ट का प्रस्ताव भेजा गया। इसमें बन्द और पीली पड़ चुकी ईईएसएल लाइटों को बदलने आवश्यकतानुसार स्विचमैन तैनात करने, गलियों में रात्रिकालीन सफाई को और मजबूत बनाने के कार्ययोजना बनायी गयी। अधिकारियों के निरीक्षण में कुछ स्थानों पर सफाई मित्र कार्य करते दिखे। निरीक्षण में अपर नगर आयुक्त विनोद कुमार गुप्ता और बरखा सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त जितेन्द्र आनन्द मुख्य नगर लेखा परीक्षक एस०पी० सिंह, अधिशासी अभियंता आर०के० लाल सहित क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक और सेनेटरी आफिसर भी शामिल है।

चौबेपुर की प्रसिद्ध रामलीला १० से

चौबेपुर। श्री रामलीला समिति चौबेपुर की रामलीला का शुभारंभ १० अक्टूबर को मुकुट पूजा के साथ होगा। ११ को राम जन्म, १२ को मुनि आगमन-ताड़का वध, १३ को फुलवारी, १४ को धनुष यज्ञ, १५ को नक कटैया-सीता हरण, १६ को शबरी मंगल व बाली-सुग्रीव युद्ध, १७ को लंका दहन, १८ को अंगद-रावण संवाद व लक्ष्मण शक्ति और १९ को कुंभकरण व मेघनाथ वध का मंचन होगा। २० अक्टूबर को विजयदशमी के साथ प्रमुख लीला प्रसंग संपन्न होंगे। इसके बाद भारत मिलाप का आयोजन होगा। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष श्याम मोहन गुप्ता ने दी।

काशीकी रामलीला



९ अक्तूबर, शुक्रवार

रामनगर- जयन्त नेत्र भंग, अत्रि मुनि मिलन, विराध वध, इन्द्र दर्शन, शरभंग-सुतीक्ष्ण अगस्त्य-गृद्धराज समागम, पंचवटी में निवास, गीता उपदेश। **औरंगाबाद**- घण्डइल पार, गंगा वाणी, भरद्वाज मिलन, गंवार, ग्वारिन संवाद, चित्रकूट वास। **गायघाट**- भारद्वाज-बाल्मीकि आश्रम, चित्रकूट निवास। **लाटभैरव**- भरत का वन प्रस्थान, घण्डइल। **मौनी बाबा**- श्रीराम घण्डइल। **भदैनी**- कोप भवन। **काशीपुरा**- श्रीराम वन यात्रा। **रोहनिया**- रावण जन्म, रावण उपद्रव, राम जन्म, विश्वामित्र आगमन। **टेकुरी**- मुकुट पूजा। **लोहता**- श्रीराम राज्याभिषेक की तैयारी, कोपभवन।

केवट ने चरण पखार श्रीराम को उतारा गंगापार, धनेसरा तालाब बनी गंगा

श्री राम का वनवास में घंडइल से लेकर चित्रकूट तक की लीला सम्पन्न

मोक्षदायनी पतितपावनी मां गंगा श्री राम के वनवास काल की साक्षी बनी। राम घंडईल की लीला के दौरान गुरुवार के प्रसंग में श्री राम ने गंगातट पर केवट को नौका से उसपार ले जाने को कहा। केवट के जैसा बड़भागी दूसरा कोई कहा होगा। ज्ञानी ऋषि -मुनि भी जिस पल के लिए कठिन तपस्या करते हैं। वो देव दुर्लभ अवसर केवट के अनुग्रह पर श्री राम ने बड़े ही सहजता के साथ प्रदान कर दिया। अवसर था घंडइल लीला का पावन स्थल धनेसरा तालाब जिसे मां गंगा का दर्जा प्राप्त हुआ। भावातुर केवट ने राम के समक्ष उसपार ले जाने के पूर्व एक शर्त रखी कि बिना आपके चरणों को पखारे नहीं ले जाऊंगा। कहा की इन चरणों की महिमा हमने बहुत सुनी है। कहीं हमरी काठ की नैया सुंदर स्त्री बन आकाश में उड़ जायेगी, तो पेट पालने खातिर कोई दूसरा साधन कहा से ले आऊंगा। केवट ने चरण धोकर चरणामृत का पान किया। आगे राम



ने देवाधीदेव महादेव की पूजा की। तदुपरांत भरद्वाज मुनि के आश्रम में आशीर्वाद लिया। यहां से लाट भैरव फर्श जो लीला की दृष्टि से चित्रकूट हैं के लिए प्रस्थान करते हैं। मार्ग में कोलभील आदि वनवासियों से आत्मीय मिलन होता है। दशरथ मरण की लीला जीवंत होती है। शुक्रवार को भईया भरत राम को मनाने के लिए राज्याभिषेक सामग्रियों सहित अयोध्यावासियों के साथ वन की ओर गमन करेंगे। इस दौरान लीला समिति की ओर से व्यास दयाशंकर त्रिपाठी, सह व्यास पंकज त्रिपाठी, प्रधानमंत्री कन्हैयालाल यादव, केवल कुशवाहा, मनोज यादव, श्याम सुंदर, रामप्रसाद मौर्य, गोविंद विश्वकर्मा, संतोष साहू, शिवम अग्रहरि, कामेश्वर पाठक, रोहित चौरसिया आदि उपस्थित रहें।

लोहता में श्रीराम बारात की शोभा यात्रा के दौरान घर की छतों से श्रद्धालुओं ने की पुष्प वर्षा

लोहता। लोहता श्रीरामलीला समिति की ओर से गुरुवार को सायं छह बजे श्रीराम बरात की शोभा यात्रा निकली। श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न चारों भाई सजधज के घोड़े पर सवार थे। पिछे राजा दशरथ, गुरु विश्वामित्र आदि लोग थे। इस बारात की शोभा यात्रा महमूदपुर गांव के छेदी साव के घर से निकला। बारात के आगे बैंड, दफला नगाड़ा, डमरू दल था। डीजे की धुन पर सैकड़ो युवक जय श्रीराम के उद्घघोष पर नाच गा रहे थे। महमूदपुर से चली बारात मीना बाजार, बड़ी बाजार, होते हुए लोहता चौराहे पर पहुंचा। जगह जगह चारों भाइयों की महिलाओं और पुरुषो ने अपने घरों के सामने आरती उतारी। गलियों और चौराहे को सजाया गया था। शोभा यात्रा का लाइव प्रसारण एलईटी की बड़ी स्क्रीन पर किया जा रहा था। इस दौरान घरों के छतों से पुष्प वर्षा भी की गयी। बरातियों के स्वागत में नगरवासियों ने जगह जगह तरह तरह के पकवान परोसा। बरात में युवाओं का एक दल तलवार



बाजी का कौशल भी दिखा रहा था। बरसात भी कुछ देर तक खलल डालने की कोशिश की, लेकिन बरातियों का आत्मविश्वास नहीं डिगा पाया। रास्ते में बार बार बारिश के वजह से लोग भींग जा रहे थे बावजूद इसके लोग आगे बढते गये। रात आठ बजे बारात लोहता चौराहे पर पहुंचा। यहाँ पर स्वागत में दही चूड़ा बांटा गया। श्रीराम बारात को सम्पन्न कराने के लिए थानाध्यक्ष अभिजीत सिंह, कस्बा इंचार्ज रितुराज सिंह,सब इस्पेक्टर राजदर्पण तिवारी,रवि गौड़, महिला पुलिस, पी एसी बल साथ चल रहा था। इस दौरान वाराणसी -भदोही मार्ग पर बड़े वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया था। श्री राम बारात की शोभायात्रा में कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ दुबे मंत्री कन्हैया लाल सेठ सुरेश श्रीवास्तव ओमप्रकाश जायसवाल गुड्डू बाबा बबलू सिंह नरेश चंद पांडे रविंद्र तिवारी सत्येंद्र नाथ दुबे विनोद रस्तोगी सत्यम मौर्य संतोष चौधरी रामदुलार सिंह आदि लोग ग्राम बारात में शामिल है।

विद्या देवी की जयंती पर नारी शिक्षा और सशक्तिकरण का संकल्प

श्री आर्य महिला हितकारिणी महापरिषद् द्वारा श्रीमती विद्या देवी की १२६वीं जयंती श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर उन्हें नमन किया गया। महापरिषद् के विशिष्ट संरक्षक सदस्य डाक्टर शशिकान्त दीक्षित ने कहा कि विद्या देवी ने नारी शिक्षा और महिला सशक्तिकरण की मजबूत नींव रखी। उनके प्रयासों से संस्थानों में प्राथमिक से स्नातकोत्तर स्तर तक छात्राओं को शिक्षा दी जा रही है। शिक्षा के साथ संस्कार, आत्मविश्वास और स्वावलंबन विकसित करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में अमूल्य शर्मा, पूजा दीक्षित, राजीव रमण राय, शम्भूनाथ चतुर्वेदी, आशीष शर्मा, अंजना दीक्षित, प्रोफेसर. जया मिश्रा और प्रोफेसर अनामिका दीक्षित सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

क्षय मुक्त काशी – निरोग काशी

क्षय रोग (TB) के लक्षण

समुचित आहार लेने पर भी शरीर का वजन कम होना। * भूख न लगना, अरूचि होना। * दो हफ्तों से अधिक समय तक खाँसी का ठीक न होना। * गहरी सांस लेने, खाँसने, छींक या हँसी आदि से छाती में चुभन सा दर्द। * थोड़ा श्रम करने से भी हाँफना। * हल्का बुखार जो बना रहे। * मुख से बलगम के साथ रक्त आना। * गले में गाँठ का तीन सप्ताह से अधिक समय तक बने रहना।

क्षय रोग उन्मूलन हेतु



सामाजिक संस्था संकल्प द्वारा 26 वर्षों से अनवरत चलने वाला शिविर/अभियान
क्षय मुक्त काशी-निरोग काशी
डॉ0 अश्विनी जैन क्लिनिक,मलदहिया, वाराणसी से प्रत्येक कार्यदिवस में संचालित है।
चिकित्सक
डॉ0 हर्षित जैन डॉ0 आंचल अग्रवाल (जैन)

संकल्प द्वारा प्रचारित व प्रसारित
सहयोग : आज

कन्हैयालाल गुलालचन्द सर्राफ
सोने, कुन्दन व हीरे के आभूषणों का अद्भुत संग्रह, चांदी के बर्तन, सोने व चांदी के सिक्कों एवम् ग्रह रत्नों की विशाल शृंखला उपलब्ध
चौक (ठठेरी बाजार गली के सामने) वाराणसी फोन: 0542 - 2501754

चांदी सिल प्रति किलो-	2,25,000/-
सिक्का प्रति सैकड़ा-	2,63,000/-
सोना स्टैण्डर्ड 10 ग्राम-	1,48,500/-
सोना 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम-	139600/-

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
ई-नीलामी
दिनांक - 18.11.2026

अंचल कार्यालयः पुतलीघर नटवां (जान्हवी होटल के पास), मिर्जापुर । फोन 05442-220334 ई-मेलः zomirzapur@indianbank.bank.in

अचल सम्पत्तियों के विक्रय का विक्रय सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002 समपठित प्रतिभूति हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 8(6)के अंर्तगत अचल सम्पत्तियों के विक्रय का ई - नीलामी विक्रय सूचना ।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सामान्य रुप से एवं ऋणियों एवं जमानतकर्ताओं को विशेष रुप से सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति जो कि प्रतिभूति क्रेडिटर के द्वारा ऋण सुविधा को सुरक्षित करने के लिए बैंक के पास बंधक/प्रभार के अधीन रखी गई है और जिसका इण्डियन बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूति क्रेडिटर के द्वारा सांकेतिक कब्जा भी लिया जा चुका है, जिसकी वसूली हेतु "जो है जहां है", "जो है जैसे है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर इण्डियन बैंक, के सुरक्षित लेनदार/प्रधिकृत अधिकारी द्वारा

दिनांक - 18.11.2026 समय प्रातः 10.00 से सांय 04.00 बजे तक

सम्पत्ति की ई-नीलामी बिक्री की जाएगी। ई-नीलामी के द्वारा बिक्री के लिए लाई जाने वाली सम्पत्ति का विशिष्ट विवरण निम्नलिखित हैः

1. शाखा- चुनार, मो0- 7054961503 — खाता - श्री शिव शक्ति राईस मिल

ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार का विवरण -1. श्री शिव शक्ति राईस मिल प्रोपराईटर- श्री शंभू प्रसाद, पता- ग्राम- पुरैनिया, पोस्ट- लहौरा, परगना- सक्तेशगढ़, तहसील- चुनार, जिला- मिर्जापुर (ऋणी फर्म), 2. श्री शंभू प्रसाद पुत्र श्री शिव प्रसाद, पता- ग्राम- पुरैनिया, पोस्ट- लहौरा, परगना- सक्तेशगढ़, तहसील- चुनार, जिला- मिर्जापुर (ऋणी), 3. श्री प्रेम शंकर सिंह पुत्र श्री राम आधार सिंह, पता- लहौरा, चुनार, मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश- 231304 (जमानतकर्ता), 4. श्री शिव प्रसाद पुत्र चतुरी, पता- ग्राम- पुरैनिया, पोस्ट- लहौरा, परगना- सक्तेशगढ़, तहसील- चुनार, जिला- मिर्जापुर (जमानतकर्ता/बंधककर्ता)

बकाया राशि -रू. 15,72,182.00 (रूपये पन्द्रह लाख बहत्तर हजार एक सौ बयासी मात्र) दिनांक- 30.09.2026 से प्रभावी ब्याज, लागत तथा अन्य खर्च)

बंधक सम्पत्ति का विवरण - सम्पत्ति का सभी भाग स्थित अराजी नम्बर 1 मि, क्षेत्रफल 0.506 हेक्टेयर, ग्राम- पुरैनिया, परगना- सक्तेशगढ़, तहसील- चुनार, जिला- मिर्जापुर जो कि श्री शिव प्रसाद के नाम में है,

चौहद्दीः पूर्व- शिव प्रसाद का मकान, पश्चिम- पन्नार मुशहर का खेत, उत्तर- गौचर, दक्षिण - लहौरा से डगमगपुर तक सड़क

सम्पत्ति पर ऋणभारः	नहीं	बिड बढ़ोत्तरी राशिः	रू. 10,000.00
आरक्षित मूल्यः	रू. 77,68,000.00	ई- नीलामी की तिथि व समयः	18.11.2026, प्रातः10.00 से सायं 04.00 बजे तक
धरोहर जमा राशिः	रू. 7,76,800.00	सम्पत्ति आईडी सं0	IDIB30094069005

ऑनलाइन बिड में भाग लेने के लिए बोलीदाताओं को यह सलाह दिया जाता है कि वे हमारे ई-नीलामी सेवाप्रदाता पी एस बी एलायंस प्रा0 लिमिटेड की वेबसाइट (http://baanknet.com) का अवलोकन करें। तकनीकि सहायता के लिये कृपया पी एस बी एलायंस प्रा0 लिमिटेड हेल्प डेस्क नं0- 8291220220 एवं सर्विस प्रदाताओं के हेल्प डेस्क में उपलब्ध अन्य हेल्पलाइन नं0 पर कॉल करें। पी एस बी एलायंस प्रा0 लिमिटेड में रजिस्ट्रेशन के स्थिति की जानकारी के लिए, support.BAANKNET@psballiance.com पर सम्पर्क करें एवं धरोहर धनराशि की स्थिति के लिए कृपया support.BAANKNET@psballiance.com पर सम्पर्क करे ।

सम्पत्ति एवं सम्पत्ति का फोटोग्राफ तथा नीलामी के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया http://baanknet.com तथा इस पोर्टल से सम्बन्धित स्पष्टिकरण के लिए कृपया हेल्पलाइन नंम्बर 8291220220 पर सम्पर्क करें।

बोलीदाताओं का सलाह दी जाती है कि वेबसाइटhttp://baanknet.com पर जब सम्पत्ति के लिए जानकारी प्राप्त कर रहें हों तो उपरोक्त उल्लिखित सम्पत्ति आईडी नंम्बर का प्रयोग करें।

कृपया नोट करें कि बैंक का उर्पयुक्त सम्पत्तियों पर सांकेतिक कब्जा हैं न कि भौतिक कब्जा।

baanknet

दिनांकित- 01.10.2026, स्थान- मिर्जापुर | त्रुटि के स्थिति में अग्रेजी पाठ्य मान्य होगा। | प्राधिकृत नोडल अधिकारी (मो0 8433693774) इंडियन बैंक

स्टाइलिश हेयर कटिंग भारत में उभरता हुआ सुनहरा रोजगार

वर्ष 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री नरेंद्र मोदी ने भारत में विभिन्न रोजगारों को विकसित किया। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री विकास कौशल योजना के तहत ऐसे रोजगारों को भी चिन्हित किया जो विभिन्न कैटेगरी के तहत आते थे लेकिन अब उन रोजगारों पर किसी एक जाति धर्म का आधिपत्य नहीं है। ऐसा ही एक सुनहरा रोजगार है स्टाइलिश हेयर कटिंग, इसी मुद्दे पर गुरुवार को होटल ताज में एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें देश के ख्यातिलब्ध हेयर स्टाइलिश एक्सपर्ट ने इस उभरते हुए रोजगार के बारे में न सिर्फ जानकारी थी बल्कि युवाओं को डेमो करके भी दिखाया। हेयर कटिंग और हेयर कलर के क्षेत्र के एक्सपर्ट में होटल ताज में युवाओं को विभिन्न प्रकार के बालों की



कटिंग कर उन्हें जानकारी दी और बताया कि इस रोजगार को कम लागत में किया जा सकता है सिर्फ उन्हें बदलना होगा तो अपने समय के झिझक को। डेमो के साथ युवाओं को बताया गया कि हेयर कटिंग किसी जमाने में एक जाति धर्म का कार्य होता था लेकिन आज यही हेयर कटिंग देश में जाने-माने लोगों के द्वारा भी किया जा रहा है ऐसे ऐसे ब्रांडेड और समूह है कि पूरे भारत भर में उनके ब्रांचेस उपलब्ध है। सेमिनार में वाराणसी और आसपास के क्षेत्र के हेयर एक्सपर्ट हेयर कलर एक्सपर्ट ब्यूटीशियन ब्यूटी पार्लर संचालकों ने हिस्सा लिया और इस पेशे से जुड़े कई सवाल भी एक्सपर्ट से पूछ अपनी जिज्ञासा शांत की ।मुख्य अतिथि के रूप में नाजिब उर रहमान क्रिएटिव निदेशक स्ट्रेस ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आकांक्षा इंटरप्राइजेज की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में आलोक सिंह, आशुतोष दुबे,विवेक सिंह, अमृतसिंह ,वसीम ख़ान,सुरेन्द्रशर्मा , पियूष श्रीवास्तव लोग उपस्थित रहे।

अभिभावक बने नितिन नबीन, कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

काशी की सभी ७१ विधानसभा सीटों और ११ एमएलसी सीटों पर विजय का लक्ष्य, बूथ तक संगठन मजबूत करने पर जोर

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने दो दिवसीय काशी प्रवास के दौरान संगठन को चुनावी तैयारियों की धार देने के लिए मैराथन बैठकें कीं। सात और आठ अक्टूबर को हुई बैठकों में पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करते हुए उन्होंने आगामी चुनावों के लिए लक्ष्य आधारित तैयारी का मंत्र दिया। काशी प्रवास में संगठनात्मक बैठकों के साथ जनसभा और युवा संवाद भी उनके कार्यक्रम का हिस्सा रहा। रोहनिया स्थित एक रिसॉर्ट में आयोजित बैठक में श्री नितिन नवीन ने कहा कि संगठन की असली ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता है। क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्तिकेंद्र और बूथ स्तर की बैठकें हर माह नियमित रूप से हों। आगामी कार्यक्रमों की



समयबद्ध योजना बनाने के साथ जनप्रतिनिधियों और पूर्व पदाधिकारियों से संवाद मजबूत किया जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनावी तैयारियों में पूरी सक्रियता के साथ जुटने का आह्वान किया।

एमएलसी चुनाव को बताया अहम पड़ाव

नितिन नवीन ने आगामी स्नातक एवं शिक्षक विधान परिषद चुनावों में प्रदेश की सभी ११ सीटों पर जीत के लक्ष्य के साथ तत्काल मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले यह महत्वपूर्ण चुनावी पड़ाव है, इसलिए हर कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभानी होगी। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि एमएलसी चुनाव में जीत के लिए संगठन को पूरी ताकत से जुटना होगा। काशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है, इसलिए यहां संगठन की सक्रियता का विशेष महत्व है।

इनकी रही उपस्थिति

भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव एवं पुर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी,राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश के सह प्रभारी जगदीश पटेल,प्रदेश महामंत्री दिलीप पटेल, क्षेत्र अध्यक्ष अशोक चौरसिया, प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं काशी क्षेत्र के प्रभारी रमेश सिंह, शंकर गिरी, कौशलेंद्र पटेल, क्षेत्र उपाध्यक्ष नवरतन राठी, अमित राय, राकेश शर्मा,विपिन सिंह, अनिल श्रीवास्तव,अनूप जायसवाल, विद्याधर तिवारी, अजीत रावत,अनीता त्रिपाठी, कविता पटेल, अवधेश गुप्ता, जगदीश त्रिपाठी,देवेंद्र मौर्या,प्रवीण सिंह गौतम, मधुकर चित्रांश, उत्तम ओझा, अनिल गुप्ता, क्षेत्र सह मीडिया प्रभारी संतोष सोलापुरकर, शैलेन्द्र मिश्रा आदि लोग प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

युवा देश की दशा और दिशा बदलने में सक्षम-नितिन नबीन

संकल्प के साथ बदलाव लाने की जरूरत-पंकज चौधरी

युवा भारत की तस्वीर है, जो देश की दशा और दिशा दोनों



बदलने की क्षमता रखता है। आज का युवा किसी के दिखाये रास्ते पर चलने के बजाय अपना रास्ता स्वयं बनाने में विश्वास रखता है। उक्त बातें गुरुवार को काशी विद्यापीठ में महामना मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान की ओर से 'युवा संवाद २०२६' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश था और है भी। कुछ लोग केवल समाज में विष घोलना आता है, वे देश को बांटने का खेल खेल रहे हैं और घुसपैठियों को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं, लेकिन विदेश से आए घुसपैठियों को भारत के युवाओं का हक नहीं दिया जायेगा। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए देश की जनता की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा, अतीत आपका खजाना है, वर्तमान आपका संघर्ष है और भविष्य आपका सुनहरा सपना है। उन्होंने युवाओं से राजनीति में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं की भागीदारी से देश की बागडोर सही हाथों में जाएगी और भारत के विकसित राष्ट्र बनने का मार्ग मजबूत होगा। विशिष्ट अतिथि भाजपा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि आज का युवा विकसित भारत के निर्माण के साथ देश के भविष्य की दशा और दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जिस बदलाव को हम समाज में देखना चाहते हैं, उसकी शुरुआत स्वयं से करनी होगी। उन्होंने उन्होंने कहा कि व्यक्ति का परिचय चाहे जो भी हो, यदि उसके भीतर सेवा का संकल्प है तो वह समाज और देश की सेवा कर सकता है। उन्होंने कहा कि कहा कि यदि व्यक्ति दृढ़ संकल्प ले तो किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। युवा संवाद कार्यक्रम के दौरान भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष के साथ युवा प्रतिनिधि के तौर पर निशा सिंह, इशिका पाल, गरिमा पाण्डेय व साक्षी राय ने मंच साझा किया। इस दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने गांधी अध्ययन पीठ परिसर में पौधारोपण किया।कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन निदेशक डॉक्टर नागेन्द्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष आशुतोष सिंह आशु ने किया। इस अवसर पर सहायक रजिस्ट्रार डाक्टर आनन्द कुमार सिंह, डाक्टर श्रीराम त्रिपाठी, राजेश राय, रोहन प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

युवाओं से संवाद के जरिये राष्ट्र निर्माण का संदेश, काशी विद्यापीठ में हुआ 'युवा संवाद २०२६'

टेक्नोलॉजी बनेगी विकसित भारत की ताकत

युवाओं से बोले जितेंद्र सिंह—एआई से सवाल पूछिए, जवाब भी मिलेगा

नमो बुक फेस्ट में 'विकसित भारत ङ्क2047' विषय पर युवाओं, वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने भविष्य की चुनौतियों और संभावनाओं पर संवाद किया। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार ने टेक्नोलॉजी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। स्पेस टेक्नोलॉजी को निजी क्षेत्र के लिए खोलने से देश की स्पेस इकोनॉमी को नई गति मिली है। गुरुवार को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. जितेंद्र सिंह ने युवाओं के सवालों के जवाब दिए। एआई को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि एआई का इस्तेमाल जरूरी है और इससे जुड़े सवालों के जवाब भी तलाशे जाएंगे। उन्होंने छात्रों से सरकारी वेबसाइटों को अधिक उपयोगी बनाने के लिए सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि

नमो बुक फेस्ट में 'विकसित भारत 2047' पर संवाद, स्पेस टेक्नोलॉजी से स्टार्टअप तक भविष्य की संभावनाओं पर मंथन



आज भारत की पहचान वैश्विक स्तर पर मजबूत हुई है और विदेशों में रोजगार के लिए जाने वाले लोग भी भारतीय पहचान को सम्मान के साथ बताते हैं। बीएचयू वाइसचांसलर प्रोफेसर अजित कुमार चतुर्वेदी ने नमामि गंगे मिशन के तहत गंगा ट्रीटमेंट प्लांट और नई तकनीक से हो रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने स्वच्छ गंगा के लिए युवाओं और वैज्ञानिकों की भूमिका को अहम बताया। लेखक अमीश त्रिपाठी और सांसद मनोज तिवारी ने काशी, गंगा और लेखन पर चर्चा की। 'काशी बियॉन्ड द घाट' डॉक्यूमेंट्री में काशी की संस्कृति और गंगा के महत्व को दिखाया गया। आरजे रौनक ने युवाओं से कर्म करने, सुजैन ने 'लोकल बनो, फिर वोकल बनो' का संदेश दिया। युवराज पोखरना ने स्टार्टअप की बढ़ती संख्या और अंशु गुप्ता ने भारत की बदलती वैश्विक भूमिका पर विचार रखे।

आयुष मंत्री की अगुवाई में भाजपाजनों ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान गुरुवार को पूर्वाह्न बाबा काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन के लिए पहुंचे। मंदिर मार्ग में जगह जगह पर भाजपा



कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस क्रम में मैदागिन चौराहे पर आयुष मंत्री डाक्टर दयालु के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने भगवा अंगवस्त्र पहनकर एकजुटता का परिचय दिया और हर हर महादेव के गगनचुम्बी उद्घोष के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का अभिनंदन किया। इस अवसर पर डाक्टर दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का काशी की धरती पर आगमन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए हर्ष और उत्साह का विषय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत कर हम सभी सेवा संकल्प के साथ विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए संकल्पित हैं। इस अवसर पर सर्वश्री सुधीर त्रिपाठी, संजय मिश्रा, संतोष सैनी, गौरव राठी, इंद्रेश मिश्रा बबलू, अवध नारायण राय, जय विश्वकर्मा, प्रवीण पांडेय, आकाश सेठ, रविशंकर मिश्रा, अखिलेश यादव आदि उपस्थित रहे।



पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गुरुवारको काशी विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उनके साथ पिण्ड्रा विधायक डाक्टर अवधेश सिंह,कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री रवीन्द्र जायसवाल, अजगरा विधायक त्रिभुवन राम, जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह, अजय प्रकाश सिंह हीरु उपस्थित रहे।

बड़ा कन्टेनर, सफाई व्यवस्था पर लग रहा है प्रश्नचिन्ह

अकथा, टकटकपुर छुट्टा पशुओं के लिए बना चारागाह

नगर निगम प्रशासन जहॉ शहर को स्वच्छ और हरा-भरा और पर्यायवरणयुक्त करने में कोताई नही बरत रहा है, वही सहयोगी एजेंसियों की लापरवाही स्वास्थ्य विभाग के क्रिया कलापों को प्रभावित कर सकती है। निजी कंपनी के सुपरवाइजर, अधिकारी इस मामले को लेकर नगर निगम कर्मचारी या सफाई मित्रों ठिकरा फोड़ते हैं। जबकि इस तरह की एजेंसियों का मुख्य कार्य अधिकारियों की गणेश परिक्रमा करनी है जिससे कि उनकी गलती का खामियाजा नगर निगम कर्मचारियों को मिले। लम्बी-लम्बी दूरी पर कूड़ा एकत्र करेने के लिए रखे गये कन्टेनर इन्हीं की लापरवाही के कारण गन्दगी और छुट्टा पशुओं का चारागाह हो जाता है। आदत के अनुसार निजी सफाई संस्थाएं केवल उन क्षेत्रों में निगरानी रखती है, जहां वीआईपी लोगों का आगमन होना है। टकटकपुर, अखता क्षेत्रों में रखे गये कन्टेनर भरे मिलेगे और आसपास क्षेत्रों में इनकी दुर्गन्ध स्थानीय निवासियों और राहगीरों तक पहुंचती है। साथ ही कन्टेनरों की संख्या कितनी शहर में लगायी गयी है और उनका निस्तारण कैसे किया जाता है, इस विषय में जानकारी लेना मुश्किल सा हो गया है।



उल्लेखनीय है कि जिन-जिन स्थानों पर कन्टेनर रखे है, वहां पर सफाई और कन्टेनर को खाली करने की व्यवस्था सुचारू नही किया गया तो सफाई व्यवस्था पर शिकंजा कसना व्यर्थ साबित हो सकता है। सफाई व्यवस्था का प्रारूप तैयार करने में कड़े परिक्रमा लगाने वाले एजेंसी के अधिकारियों को भी शामिल करना चाहिए साथ ही इनकी जबाबदेही भी तय करना आवश्यक है।

हाइमाक्स लाइट का फाउंडेशन उखाड़ने के विरोध पर भाजपा मंडल अध्यक्ष से मारपीट, मुकदमा दर्ज

मिर्जामुराद। क्षेत्र के बेनीपुर (चंगवार) गांव में चौरा माता मंदिर के पास विधायक निधि से प्रस्तावित हाइमाक्स लाइट के फाउंडेशन को उखाड़ने का विरोध करने पर भाजपा जंसा मंडल के अध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार पटेल से मारपीट और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर के अनुसार, मजदूर हाइमाक्स लाइट लगाने के लिए गड्ढा खोदकर फाउंडेशन बना रहे थे। आरोप है कि गांव के अनिल वर्मा, शुभम वर्मा, आयुष वर्मा और अरुण वर्मा मौके पर पहुंचे और फाउंडेशन उखाड़कर सामान फेंक दिया। डॉ. रमेश कुमार पटेल ने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए फावड़ा लेकर मारने के लिए दौड़ाया और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा के अनुसार सभी आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

निर्वाचन में न हो चूक, हर मतदान केंद्र पर हो पुख्ता इंतजाम

वाराणसी खंड-शिक्षक/स्नातक निर्वाचन-२०२६ को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है।गुरुवार को आयुक्त सभागार में प्रेक्षक जीएस प्रियदर्शी (स्नातक) और प्रांजल यादव (शिक्षक) की अध्यक्षता में हुई बैठक में मतदान से लेकर मतगणना तक की व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिया।आयुक्त/रिटर्निंग ऑफिसर एस. राजलिंगम ने पीपीटी के माध्यम से अब तक की तैयारियों की जानकारी दी। प्रेक्षकों ने सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट तथा माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति जल्द पूरी करने और मतदान-मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण निर्धारित समय में कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी मतदेय स्थलों पर बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के साथ पर्याप्त कार्मिकों की उपलब्धता एवं मतगणना परिसर में पर्याप्त पुलिस बल, बैरिकेडिंग और कंट्रोल रूम की व्यवस्था का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान केंद्रवार कम्युनिकेशन प्लान तैयार करने तथा सभी मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग/सीसीटीवी कैमरे लगाने का भी निर्देश दिया।सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने रेंडमाइजेशन और प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। बैठक में डीएम सत्येंद्र कुमार समेत निर्वाचन अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा सोनभद्र, भदोही, जौनपुर, मिर्जापुर, गाजीपुर, बलिया और चंदौली के जिला निर्वाचन अधिकारी वर्चुअली जुड़े रहे।

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश तिथि १३ तक बढ़ी

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की सत्र जुलाई २०२६ की प्रवेश प्रक्रिया वाइस चांसलर ने छात्रों के मांग पर १३ अक्टूबर २०२६ तक बढ़ा दिया है। पहले सात अक्टूबर २०२६ तक प्रवेश लेने की अंतिम तिथि निर्धारित थी। क्षेत्रीय समन्वक डॉक्टर एस के सिंह के अनुसार छात्रों को अपनी आईडी, एबीसी आईडी एवं यूजीसी डेब आईडी बनाने के पश्चात ही प्रवेश प्रक्रिया सम्पादित की जाएगी। विश्वविद्यालय जुलाई २०२६ सत्र में सभी प्रवेश समर्थ पोर्टल पर ही होंगे। उन्होंने बताया कि चार नए विषय एम ए- लोक प्रशासन, एम ए/ एमएससी मैथमेटिक्स, एमएससी जूलॉजी एवं एमएससी बॉटनी में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की है।

घर पर ईंट-पत्थर फेंकने के विरोध में मिली धमकी, मुकदमा दर्ज

मिर्जामुराद। क्षेत्र के करधना गांव में घर की ओर लगातार ईंट-पत्थर फेंकने तथा विरोध करने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में स्थानीय गांव निवासी कृष्णा पाठक की तहरीर पर पुलिस ने राजेश पाठक उर्फ राजन, प्रफुल्ल पाठक और गोविन्द पाठक उर्फ डबलू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गयी है।करधना गांव निवासी कृष्णा पटेल ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरे घर की ओर करीब २० दिनों से ईंट-पत्थर फेंक रहे हैं। इससे परिवार के लोगों का घर के बाहर बैठना मुश्किल हो गया है। पत्थर लगने से परिवार के सदस्य चोटिल होने से बाल-बाल बचे। राहगीरों को भी चोट लगने की आशंका बनी रहती है। विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। पीड़ित ने दो बार डायल ११२ पर सूचना देने की बात कही है।थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा ने बताया कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।



बिजली के खम्भे से टकराकर युवक की मौत

शिवपुर में घटना

शिवपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गयी। यह हादसा नटीनिया दाई बाईपास रोड पर द रॉयल लॉन के सामने हुआ, जहां एक युवक बिजली के पोल से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी।मृतक की पहचान मोहम्मद राशिद पुत्र मोहम्मद जहीर, निवासी अकबरपुर टांडा के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बताया जा रहा है कि नटीनिया दाई बाईपास रोड पर 'द रॉयल लॉन' के सामने युवक का वाहन बिजली के खम्भे से जा टकराया। टक्कर इतनी गंभीर थी कि युवक को गंभीर चोटें आयीं। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उसकी जान नहीं बचायी जा सकी। युवक की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिवपुर मॉर्चरी भेज दिया।

गजट प्रकाशन का प्रारूप
न्यायालय सब जज प्रथम
मोकाम- बक्सर
मो.नं.- 685 सन् 2024 नम्बरी
संजीव कुमार ------------- वादी
बनाम
राम निवाज चौधरी वगैरह ---------
--------------------- प्रतिवादी

नोटिस बनाम:-पुष्पा देवी, पिता- सुरेश सिंह, साकिन- जगदीशपुर, थाना- भांवरकोल, जिला-गाजीपुर, (उ.प्र.)
चूँ बजरिये इस गजट प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि वादी आपके खिलाफ मेरे न्यायालय में नम्बरी वाद दाखिल किया है। न्यायालय द्वारा दोनों माध्यम से नोटिस भेजने के बावजूद भी आप उपरोक्त वाद में जानबूझकर हाजिर नहीं हो रहे है।
अत: आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-15-10-2026 को समय 10.30 बजे हाजिर होकर उचित पैरवी करें। अन्यथा आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्रवाई कर दी जाएगी।
इसे सख्त ताकिद समझें
मेरे हस्ताक्षर व मुहर के साथ जारी किया गया।
न्यायालय सब जज प्रथम
सिविल कोर्ट, बक्सर

पुलिसकर्मियों को आवंटित २६ सरकारी आवास निरस्त, प्रभारी बदलते ही बदला फैसला

कमिश्नरेट के पुलिसकर्मियों को हाल में आवंटित २६ सरकारी आवास कुछ ही दिनों में निरस्त किये जाने का मामला चर्चा में है। पुलिसकर्मियों के बीच इसे लेकर नाराजगी भी बतायी जा रही है। उनका कहना है कि अधिकारियों के तबादले और प्रभार बदलने के बीच आवास आवंटन एवं निरस्तीकरण को लेकर महकमे में असमंजस की स्थिति बनी है। पुलिस लाइन में नवनिर्मित आवास पुलिसकर्मियों को आवंटित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में कुल २६ पुलिसकर्मियों को आवास दिया जाना था और हाल ही में सभी २६ आवास आवंटित भी कर दिए गये थे। बताया जा रहा है कि प्रभारी बदलने के साथ ही अचानक सभी आवंटन निरस्त कर दिए गये। आवास आवंटन और उसके बाद निरस्तीकरण को लेकर पुलिसकर्मियों में चर्चा है। उनका कहना है कि एक अधिकारी की ओर से आवंटन किये जाने के बाद दूसरे अधिकारी के स्तर से कुछ ही दिनों में निरस्तीकरण किये जाने से कर्मचारियों में नाराजगी है। पुलिसकर्मियों का यह भी कहना है कि अधिकारियों के तबादले के दौरान इस तरह के फैसले महकमे में नकारात्मक संदेश दे रहे हैं।

रुपये मांगने पर देवर ने दंपती को पीटा, जान से मारने की धमकी का आरोप

सेवापुरी। जंसा थाना क्षेत्र के दिनदासपुर गांव निवासी काजल पत्नी विशाल यादव ने अपने देवर पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। काजल के अनुसार उन्होंने अपने देवर विवेक यादव को पैसे दिए थे। आरोप है कि जब उन्होंने अपने २२ हजार वापस मांगे, तो विवेक यादव गाली-गलौज करते हुए उनके और उनके पति विशाल यादव के साथ मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान विशाल यादव के सिर में गंभीर चोट लगने की बात बतायी गयी है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उन्हें और उनके पति को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़िता ने गुरुवार सुबह करीब १० बजे जंसा थाने में शिकायत दर्ज करायी। मामले में जंसा थानाध्यक्ष सत्यजीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

महेशपुर गेट के पास जेसीबी से टूटा बिजली का तार, मजदूर घायल

मंडुवाडीह क्षेत्र के महेशपुर गेट के पास सरकारी नाले की खुदाई के दौरान जेसीबी की चपेट में आने से ऊपर से निकला बिजली का तार टूटकर नीचे काम कर रहे दो मजदूरों पर गिर गया। हादसे में एक मजदूर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, महेशपुर गेट के पास सरकारी नाले की खुदाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान जेसीबी से खुदाई करते समय ऊपर निकली लाइट का एक तार टूट गया और नीचे कार्य कर रहे मजदूरों पर जा गिरा। हादसे में अशोक पुत्र योगेंद्र पंडित (३२ वर्ष), निवासी वर्षाड़, गुजरात मामूली रूप से घायल हुए। बताया गया कि घायल मजदूर ने स्वयं ही प्राथमिक उपचार कराया और इसके बाद वापस अपने कार्य पर लौट आया। घटना की जानकारी मिलने के बाद बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और टूटे हुए तार की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया। घटना के बाद मौके पर स्थिति सामान्य है।

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड Aadhar Housing Finance Ltd
कार्पोरेट कार्यालय :ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सुबुरबन (जिला), महाराष्ट्र-400072
वाराणसी 2 शाखा: बाबा अमर नाथ कॉम्प्लेक्स, दूसरी मंजिल, प्लाट नं. 16, अराजी नं. 107, 108 एवं 110, मौजा पहाड़िया, वार्ड - सारनाथ परगना शिवपुर, जिला वाराणसी - 221001 (उत्तर प्रदेश)

आधिपत्य सूचना परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतु)

जबकी, **आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के **60 दिवस** में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ता राशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे हैं, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ संपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

क्रं	ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकता (ओ)(शाखा का नाम)	धरोहर संपत्ति विवरण (अचल संपत्ति)	मांग सूचना का दिनांक एवं राशि	आधिपत्य की दिनांक
1	(लोन कोड नं. 31310000496/ वाराणसी 2 शाखा) श्याम सुंदर वर्मा (ऋणी) उर्मिला देवी (सह-ऋणी)	संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, अरजी नंबर 340, क्षेत्रफल 1700 वर्ग फुट मौजा कोहांसी स्थित, परगना कटेहर, तहसील सदर, जिला वाराणसी उत्तर प्रदेश **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - अरजी का भाग, पश्चिम - अरजी का भाग, उत्तर - अरजी का भाग, दक्षिण - 10 फुट चौड़ी पक्की सडक	14-04-2026 & ₹ 11,26,535/-	07-10-2026

स्थान : उत्तर प्रदेश
दिनांक : 09.10.2026
प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, चकिया-चन्दौली

पत्रांक-796/लेखा./मु.सा.वि.यो./2026-27 दिनांक-08.10.2026

अल्प कालीन निविदा

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन दिनांक 17.10.2026 को विकास खण्ड परिसर में होना है, जिसमें बैठने, लंच साज-सजावट इत्यादि व्यवस्था हेतु प्रति जोडा रू. 15000.00 की धनराशि अनुमन्य है। इच्छुक पंजीकृत फर्म दिनांक 09.10.2026 से 13.10.2026 के मध्य कार्यालय अवधि में अपनी जैम पोर्टल पर पंजीकृत/आवेदन कर सकते है। निविदा उसी दिन अर्थात दिनांक 13.10.2026 को कार्यालय विकास खण्ड द्वारा गठित समिति के मध्य स्वीकृत किया जायेगा।

नियम व शर्ते-

1. किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी में निहित होगा।
2. बिना कारण बताये निविदा/अनुबन्ध समाप्त किया जा सकता है।
3. फर्म का आयकर, पैन न. एवं टीन न. अनिवार्य है।
4. सम्बन्धित फर्म का विकास खण्ड के किसी कार्मिक से कोई सम्बन्धि नही होना चाहिए।
5. स्वीकृत फर्म को रू. 10000.00 की एन.एस.ई./एफ.डी.आर. जो खण्ड विकास अधिकारी, चकिया के पक्ष में बंधक हो, जमा करना अनिवार्य है।
6. जोड़ो की संख्या घट-बढ़ सकती है।
7. किसी भी वाद का निस्तारण जनपद एवं सत्र न्यायालय चन्दौली में होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
चकिया चन्दौली

कार्यालय ग्राम पंचायत बनमहरी विकास खण्ड-म्योरपुर सोनभद्र

पत्रांक-मेमो/सा.आ./2026-27 दिनांक-08.10.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बनमहरी विकास खण्ड म्योरपुर सोनभद्र में विगत वर्ष के सभी अधूरे कार्य एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु वीबीजीरामजी / राज्य वित्त आयोग/केन्द्रीय वित्त आयोग/एस.एल.डब्लू.एम./आर.जी.एस.ए. मद./ अन्त्येष्टि स्थल/ एवं अन्य शासकीय योजना के अर्न्तगत यूनिट स्थापना / निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति की जानी है यथा ईट, गिट्‌टी, बालू, सीमेंट, सरिया, बोल्डर, मोरम, स्टोनडस्ट तथा स्वच्छता, पेयजल एवं कायाकल्प आदि। अतः आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्म/ आपूर्तिकर्ता अपनी निविदा की दर प्रस्तुत कर सकते हैं।

नोट-निर्माण सामग्री आपूर्ति के अतिरिक्त अन्य कार्य जैसे 1. बोरिंग कार्य 2. स्ट्रीटलाईट/ सोलरलाईट /सोलरपंप स्थापना कार्य 3. कूड़ा गाड़ी क्रय 4. बोरिंग कार्य 5. हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री आदि हेतु इच्छुक फर्म/आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीयन में सामग्री आपूर्ति का विवरण होना अनिवार्य है। निविदा अनुसूची निम्नवत है-

1. कार्य की अनुमानित लागत	विभिन्न कार्यो के लिए जी.एस.टी. व अन्य कर सहित प्राक्कलन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत।
2. आपूर्ति की अवधि	वित्तीय वर्ष 2026-27
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य	1000.00 रूपये नकद निर्माण सामग्री एवं अन्य कार्य हेतु पृथक-पृथक
4. निविदा फार्म बिक्री/जमा करने की तिथि समय व स्थान	दिनांक-09.10.2026 से 15.10.2026 तक पूर्वा. 10 बजे से अप्रा. 01 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर।
5. निविदा खुलने की तिथि व समय व स्थान	दिनांक 16.10.2026 को पूर्वा/अप. 2.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर।
6. जमानत हेतु धरोहर की धनराशि	सामग्री आपूर्ति फर्म को किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से रूपये 50,000.00 (पंचास हजार) का एफ.डी. जो कि ग्राम पंचायत के नाम से बंधक कराकर निविदा फर्म के साथ जमा करना अनिवार्य होगा एवं अन्य कार्य हेतु 10000.00 का एफ.डी.

नोट-1. निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय भी पर चस्पा है जिसे आप प्रशासक/सचिव से उल्लिखित समय पर किसी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है।

प्रशासक/सचिव,
ग्राम पंयायत बनमहरी,
म्योरपुर सोनभद्र।

सूचना निर्वाचन कार्यक्रम

समिति, हीरालाल स्मारक इण्टर कालेज, भरौली, आजमगढ़, कोयलसा, तह0-बूढ़नपुर, आजमगढ़, के प्रबन्ध समिति का निर्वाचन कार्यक्रम विवरण-कार्यक्रम का विवरण 1.नामांकन पत्र प्राप्त करना दिनांक 24.10.2026 समय पूर्वान्ह 10 बजे से 11 बजे तक 2. नामांकन पत्र दाखिल करना दिनांक 24.10.2026 समय पूर्वान्ह 11 बजे से 12 बजे तक 3. नामांकन पत्र की जांच दिनांक 24.10.2026 समय मध्याम 12 बजे से अपर्रान्ह 12.30 बजे तक 4. नामांकन पत्र की वापसी दिनांक 24.10.2026 समय अपरान्ह 12.30 से 1.00 बजे तक 5.वैध नामांकन पत्रों के प्रत्याशियों की पदवार सूची का प्रकाशन दिनांक 24.10.2026 समय अपर्रान्ह 1.00 बजे से 1.30 बजे अप्रान्ह तक 6. मतदान दिनांक 24.10.2026 समय अप्रान्ह 1.30 बजे से शाम 3.30 बजे तक 7. मतगणना व निर्वाचन परिणाम की घोषणा दिनांक 24.10.2026 समय शाम 3.30 बजे से परिणाम जारी होने तक **निर्वाचन केन्द्र- कार्यालय वित्तीय परामर्शदाता जिला पंचायत नेहरू हाल आजमगढ़,**

रिजवान अहमद
निर्वाचन अधिकारी/वित्तीय परामर्शदाता, जिला पंचायत आजमगढ़

कार्यालय : ग्राम पंचायत मलसा, विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा प्रकाशन की तिथि 08 अक्टूबर 2026 और निविदा खुलने की तिथि 14 अक्टूबर 2026 समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है।

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग-अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.- एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत-प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का II हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

कृपेश कुमार
सचिव
मो.नं.

गीता
ग्राम प्रशासक

कार्यालय उप निदेशक (वि/यां) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.
नवीन मण्डी स्थल, पहड़िया, वाराणसी

पत्रांक: वि०/ यॉ०/वारा/निविदा/2026 - 14-99 दिनांक 07.10. 2026

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

कार्यालय पत्रांक: 1454 दिनांक 20.08.2026 पत्रांक 1470 दिनांक 15.09. 2026 एवं शुद्धि पत्र संख्या-- 1489 दिनांक 26.09. 2026 के माध्यम से विद्युत / यांत्रिक कार्यों हेतु क्रमश: दिनांक 11.09.2026. दिनांक 30.09.2026 एवं दिनांक 06.10.2026 को ई-निविदायें आमंत्रित की गयी थी। उक्त तिथि को मण्डी स्थल गोठा/दोहरीघाट), मुंगराबादशाहपुर मऊ (कोपागंज) एवं वाराणसी में कोई भी निविदाएँ प्राप्त न होने के कारण इन कार्यों की निविदाएँ वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदारों / सरकारी विभाग PWD, RED UPRNN एवं UPPCL में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों से Two Bid System के माध्यम से ! पुन: दिनांक 16.10.2026 को अपराहन 12:30 बजे आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 15.102026 की अपराह्न 05:00 बजे तक डाउनलोड करते हुए अपलोड किए जा सकते है, शेष नियम व शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

Gontha (Doharighat) Tender ID)-2026-RKUMP 1178432-13
MungrabadShahpur Tender ID 2026 RKUMP 11784-32-14-
Mau(kopaganj), Tender ID - 2026 RKUMP 11784-32-15
Varanasi Tender ID- 2026 RKUMP 1178432-16

उपनिदेशक निर्माण / (वि./यॉ.)
मण्डी परिषद, वाराणसी

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक-4382(ii)/निविदा (नि0ख0मऊ)-बलिया वृत्त/2026 दिनांक-03.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद मऊ में निम्नलिखित कार्य की आइटम दर आधारित (SBD Mode) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तो का भली-भाँति अध्ययन कर लें।

2. कार्य का विवरण:-

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
		चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य स्वीकृति के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)							
1	मऊ	जनपद मऊ में दोहरीघाट मुख्य नहर की पटरी मार्ग से चवाईपार नहर की पटरी मार्ग (अ0जि0मा0) चैनेज-0.000 से चैनेज-19.150 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (2856.64) + अनुरक्षण (71.42) कुल लागत 2928.06	43.93	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 5590.00	12 माह वर्षा ऋतु सहित	निर्माण खण्ड, लो0नि0 वि0,मऊ	बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0 वि0, आजमगढ़

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-24.10.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-31.10.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि-31.10.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-31.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्वरत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(राकेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,मऊ
उ.प्र.-257703, दिनांक-07.10.2026

(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गाजीपुर

पत्रांक-1604/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्रावली/अनु0सहायक/2026-27/दिनांक: 23.09.2026

प्रेस विज्ञप्ति

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

1- महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु मुहर बन्द निविदाएं प्रतिशत दर में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 में श्रेणी ए0,बी0,सी0 डी0 एवं ई0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यों के लिए निविदा डाल सकता है।

2. विधायक निधि

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	कार्य पूर्ण करनें का समय	निविदा प्राप्त करनें का मूल्य	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी कार्यालय का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	वि0ख0 मरदह ग्राम सभा रसूलाबाद (किशुनपुर गोपाल) में मुन्नी के घर से मोनू के घर की तरफ इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	7.746	0.1549	3 माह	150+500 (स्टे0) +18% (GST)	ग्रा0अ0वि0, गाजीपुर।	अधी0अभि0, ग्रा0अ0वि0, परि0-वाराणसी।	जिलाधिकारी, गाजीपुर।
2	वि0ख0 मरदह ग्राम सभा पृथ्वीपुर मोतीचन्द के घर से सुलेमापुर दलित बस्ती के सरहद तक मि0ख0 निर्माण काय्र।	3.602	0.0720	3 माह	150+500 (स्टे0) +18% (GST)			
3	वि0ख0 सदर ग्राम सभा लावा में शाह आलम के घर से निल गोदाम के आगे तक मि0ख0 निर्माण कार्य।	3.212	0.0642	3 माह	150+500 (स्टे0) +18% (GST)			
4	वि0ख0 बिरनों ग्राम सभा लहुरापुर में नहर से चन्दन यादव के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	4.025	0.0805	3 माह	150+500 (स्टे0) +18% (GST)			
5	ग्राम सभा ससना में मौधिया पिच रोड से बनगावा पोखरी तक पक्की नाली निर्माण कार्य।	5.085	0.1017	3 माह	150+500 (स्टे0) +18% (GST)			
6	वि0ख0 सदर ग्राम पंचायत बेलवा में मंगला यादव के घर से रामअधार के घर तक पिच रोड तक मि0ख0 निर्माण कार्य।	2.746	0.0549	3 माह	150+500 (स्टे0) +18% (GST)			

3. निविदा की विक्रय दिनांक 12.10.2026 से दिनांक 23.10.2026 तक की जायेगी।
4. निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं स्थान 24.10.2026 प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गाजीपुर।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 24.10.2026 को अपराह्न 3:00 बजे।
6. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-गाजीपुर से निविदा से संबंधित समस्त विवरण, विस्तृत शर्तें तथा बिडिंग डाक्यूमेंट देखे जा सकते है।

उ.प्र.-257722
दिनांक-07.10.2026

(पुनीत कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड-गाजीपुर।

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

वर्गीकृत विज्ञापन आज

सूचना

सूचना- मेरा हाईस्कूल सन 2005 अनुक्रमांक नंबर 2588740 का मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **भरत लाल** पुत्र पारस राम ग्राम कटौली पोस्ट लेदिहा जिला गाजीपुर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि VISHWAKARMA AMAN BHIM को अब से **AMAN BHIM VISHWAKARMA** S/O BHEEM VISHWAKARMA के नाम से जाना पहचाना जाये पता KHASDIH, KAVRA GAHANI, DIDARGANJ, AZAMGARH, UP.

सूचना-मैं प्रार्थी भूतपूर्व सैनिक रैंक नव 6358923A रैंक Ex Ssep (HONYNK) SARAJU ग्राम सोनबरसा उर्फ कासिमाबाद, पोस्ट -कासिमाबाद तहसील कासिमाबाद (मोहम्मदाबाद) जिला है गाजीपुर उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हूँ मैंने अपने पत्नी का भूलवंश रिकार्ड में शारदा (SARADHA) जन्मतिथि 01-05-1953 है, दर्ज करा दिया है जो गलत है, सही नाम **शारदा चौहान (SHARDA CHAUHAN)** जन्मतिथि 01-01-1948 जिसे मेरे रिकार्ड में अभिलेख मे दर्ज करने की कृपा करे।

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा कनिष्ठ पुत्र सीयाराम दिनांक 27.07.2005 से मेरे कहने में नही है, वह अलग रहता है उसके द्वारा किये गये कोई कार्य व लेन-देन की जिम्मेदारी मेरी या परिवार की नही होगी। उसकी स्वयं की होगी। **फेकनी देवी,** पत्नी स्व. पुरूषोत्तम प्रसाद ग्राम सीरगोवर्धनपुर, बी.एच.यू., थाना लंका, वाराणसी।

सूचना: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 3435390 का अंक पत्र, व मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **शिखा सिंह** पुत्री सुनील कुमार सिंह ग्राम मई, पोस्ट मई, जौनपुर

सूचना- मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम जितेन्द्र कुमार सोनकर (Jitendra Kumar Sonkar) अंकित है जो गलत है मेरा सही नाम (Jitendra Kumar Sonker) है, अत: आधार कार्ड में मेरा सही नाम **(Jitendra Kumar Sonker)** दर्ज किया जाना आवश्यक व न्यायसंगत होगा। **जितेन्द्र कुमार सोनकर** पुत्र स्व. गंगाराम सोनकर निवासी-मौजा रसूलगढ़ पो. रसूलगढ़ थाना-सारनाथ, जिला-वाराणसी

सूचना

सूचना-मेरे आधार में मेरा व पिता का अम्बिका पुत्र रामउग्रह तथा जन्मतिथि 01-01-1988 गलत दर्ज है, जबकि हाईस्कूल प्रमाणपत्र में सही नाम **अमीका सिंह यादव** पुत्र रामउग्रह सिंह यादव व जन्मतिथि 12-07-1994 दर्ज है। अत: आधार में सही विवरण दर्ज किया जाए। निवासी ग्राम व पोस्ट परसा, गाजीपुर।

सूचना-मेरे भाई गुड्डू पटेल पुत्र हरेराम के आर्मी नं0 4299387 के सेवा पुस्तिका अभिलेख पर जन्म तिथि 01/07/2007 लिखा है जो गलत है जबकि मेरा आधार कार्ड के अनुसार जन्म तिथि 25/07/2008 सही है जो दर्ज करना अनिवार्य है। **नमन पटेल** पुत्र हरेराम ग्राम सुखडेहरी कलां भावरकोल मु0बाद गाजीपुर

सूचना-सूचित किया जाता है RAI ANAND BAIJNATH को अबसे **ANAND RAI S/O BAIJNATH RAI** के नाम जाना पहचाना जाये पता KANERI, PHOOLPUR, AZAMGARH, up

सूचना-मेरे आधारकार्ड में भूलवश मेरा नाम सुफियान व जन्मतिथि - 07-08-2006 दर्ज है जो गलत है जबकि मेरे हाईस्कूल के शैक्षिक अभिलेख में मेरा सही नाम सोफियान शाह व जन्मतिथि - 07-08-2008 है। जिसे मेरे आधारकार्ड में सही किया जाना न्यायसंगत है। **सोफियान शाह** पुत्र शहाबुद्दीन ग्राम - वीरभान पोस्ट व थाना - बहरियाबाद जिला - गाजीपुर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है के मेरे पालिसी बाण्ड सं0-296588504 में मेरा नाम हवलदार राम अंकित है हवलदार राम व हेमन्त कुमार दोनों नाम मेरा ही है मुझे **हेमन्त कुमार** पुत्र सुखदेव राम ग्राम व पो0- लहुवांकला थाना- देवगांव तह0-लालगंज आजमगढ़ के नाम से जाना पहचाना जाय।

सूचना-सूचित किया जाता है कि श्वेता जायसवाल पुत्री संतोष जायसवाल MBBS UPMC PERMANENT REGISTRATION CERTIFICATE शैक्षिक प्रमाण पत्र सं0 (MBBS UPMC रजिस्ट्रेशन 68774/31/07/2014) वास्तव में खो गया है। **डॉ0 श्वेता जायसवाल** पत्नी राजेश जायसवाल ,पता-मण्डलीय जिला चिकित्सालय, टाइप-3,रूम नं0-3 चिकित्सक आवास निकट ट्रामा सेंटर, आजमगढ़, 276001

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबन्धक

कार्यालय : ग्राम पंचायत ज्ञानपुर, विकास खण्ड भांवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनबाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा प्रकाशन की तिथि 08 अक्टूबर 2026 और निविदा खुलने की तिथि 14 अक्टूबर 2026 समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है।

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग-अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.- एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत-प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का II हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा./ प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

राधेश्याम यादव
सचिव
मो.नं.-8604300819

कमलेश सिंह यादव
ग्राम प्रशासक

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बलिया वृत्त,लो०नि०वि०,बलिया

पत्रांक-4383(i)/निविदा (प्रा0ख0मऊ)-बलिया वृत्त/2026 दिनांक-03.10.2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया द्वारा जनपद मऊ में निम्नलिखित कार्य की आइटम दर आधारित (SBD Mode) पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निविदा अपलोड करने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं0-4 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तो का भली-भाँति अध्ययन कर लें।

2. कार्य का विवरण:-

क्र0 स0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
		चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण के कार्य स्वीकृति के प्रत्याशा में। (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार)							
1	मऊ	जनपद मऊ में हलधरपुर गहनी गहना (चैनेज 0.00 से 4.800 कि0मी0) मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05वर्षीय अनुरक्षण लागत सहित)	(निर्माण (723.83) + अनुरक्षण (18.60) कुल लागत 742.43	14.85	(स्टेशनरी चार्जेज +निविदा मूल्य+जी. एस.टी. रू0 5590.00	10 माह वर्षा ऋतु सहित	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0 वि0,मऊ	बलिया वृत्त, लो0नि0 वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आ0क्षे0, लो0नि0 वि0, आजमगढ़

3. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-24.10.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक-31.10.2026 के अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।
4. ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि -31.10.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक-31.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्वरत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।
5. शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
6. शासनादेश सं0-1/2018-3070/78-2-2018/42आई0टी0/2017(22) दिनांक-03.01.2018 मे निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट - निविदा की समस्त शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(सुदामा प्रसाद)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,मऊ
उ.प्र.-257721, दिनांक-07.10.2026

(राजेश चौधरी)
अधीक्षण अभियन्ता
बलिया वृत्त,लो0नि0वि0,बलिया

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

मताधिकार की रक्षा के लिए सपा का प्रदर्शन, मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग

शास्त्री घाट से जिला मुख्यालय तक निकाला पैदल मार्च, राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा



इंडिया गठबंधन के निर्णय और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी ने लोकतंत्र बचाओ, वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तहत शास्त्री घाट से जिला मुख्यालय तक पैदल मार्च निकाला। कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने और इस्तीफे की मांग करते हुए नारेबाजी की। अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद जुलूस कचहरी पहुंचा, जहां सिटी मजिस्ट्रेट महेंद्र कुमार सिंह को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सभा में सांसद वीरेंद्र सिंह ने मताधिकार कमजोर करने का आरोप लगाया। जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ ने कहा कि मताधिकार छीनना संवैधानिक अधिकारों पर हमला है। पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल ने मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया पर सवाल उठाए। जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू एडवोकेट ने त्रुटिपूर्ण मतदाता सूची पर चिंता जताई। अध्यक्षता सुजीत यादव लक्कड़ और संचालन संतोष यादव बबलू एडवोकेट ने किया। प्रदर्शन में आशुतोष सिन्हा, उदय लाल मौर्य, महेंद्र सिंह पटेल, राजदेव सिंह, आनंद मौर्य, आत्माराम यादव, रीबू श्रीवास्तव, डॉक्टर ओपी सिंह, प्रदीप जायसवाल, प्रदीप कुमार मौर्य, डाक्टर रामबालक पटेल, किशन दीक्षित, विष्णु शर्मा, अवधेश पाठक, आनंद यादव, संजय मिश्रा, लालू यादव, सत्यप्रकाश सोनकर, वरुण सिंह, संजय यादव, अखिलेश मिश्रा, गणेश यादव, शशि यादव, संगीता पटेल, राजेश यादव नत्थू, पूजा यादव, दिलशाद अहमद, प्रियांशु यादव, नंदलाल कनौजिया, डाक्टर संजय सोनकर, इस्तकबाल कुरैशी, विवेक रंजन बबलू, कन्हैया राजभर, कमलेश पटेल, पंधारी यादव, ईशान श्रीवास्तव, मनोज यादव, राजकुमार यादव, आलोक सौरभ, निशु यादव, कमल पटेल, शीतला यादव, उमाकांत त्रिपाठी, बाबूलाल यादव, सुजीत पांडेय, वरुण सिंह, अनूप नट सहित हजारों कार्यकर्ता शामिल रहे।

कांग्रेस जनों ने राजीव गांधी प्रतिमा से निकाली विरोध पदयात्रा

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर गुरुवार को जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी ने विरोध पदयात्रा निकाली। मैदागिन स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा से शुरू



यात्रा आजाद पार्क होते हुए क्रींस कॉलेज पहुंची। यहां कार्यकर्ताओं ने गंगाजल छिड़ककर मुख्य द्वार का शुद्धीकरण किया और काला दिवस मनाया। जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल ने कहा कि मताधिकार से खिलवाड़ जनता के अधिकारों पर हमला है। महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग करते हुए कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम में सजीव सिंह, गुलशन अली, फसाहत हुसैन, वकील अंसारी, प्रवीण प्रकाश, सुनील श्रीवास्तव, विनोद सिंह, रमजान अली, राजीव राम, वीरेंद्र कपूर, संतोष चौरसिया, अनुराधा यादव, पूनम विश्वकर्मा, हसन मेहदी कंब्बन, प्रमोद वर्मा, नरसिंह दास, अब्दुल हमीद, असलम खां, राजेंद्र गुप्ता, हाजी वोकाश, मनोज वर्मा मनू, बेलाल अहमद, संतोष मौर्य, लक्ष्मीनारायण यादव, रेनू चौधरी, विपिन पाल, अनिल पटेल, सत्येंद्र तिवारी, रंजना गुप्ता, मृत्युंजय सोनकर, आशुतोष पांडेय, मिठुन सरकार, कुँवर बबलू बिंद, किशन यादव, आनंद चौबे, रोशन श्रीवास्तव, रोहित दुबे, रामजी गुप्ता और विकास पांडेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

सीएमओ कार्यालय पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मियों का धरना-प्रदर्शन

स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारियों के सब्र का बांध आखिरकार टूट गया। अपनी तीन सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर वाराणसी जिले के सैकड़ों संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में अभूतपूर्व धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जिले के दूर-दराज ग्रामीण ब्लॉकों से लेकर शहरी स्वास्थ्य इकाइयों से आई महिला व पुरुष कर्मचारियों की भारी मौजूदगी से पूरा परिसर नारों से गूंज उठा। कार्य बहिष्कार के ऐलान के साथ गुरुवार को शुरू हुए इस तीन दिवसीय महाधरने से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गयी है। प्रदर्शनकारी कर्मियों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि जब तक शासन स्तर से उनकी जायज मांगों पर लिखित और ठोस निर्णय नहीं आता, तब तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे। अविलंब नियमितीकरण की नीति लागू हो: वर्षों से अल्प वेतन पर अपनी जवानी खपा रहे समस्त एनएचएम संविदा कर्मचारियों को स्थायी कैडर में शामिल कर नियमित किया जाए। समान कार्य के लिए मिले समान वेतन: सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए नियमित स्वास्थ्य कर्मियों की भांति संविदा कर्मियों को भी समान पद और कार्य के आधार पर पूर्ण वेतनमान एवं भत्ते दिए जाएं। कर्मचारियों व परिवारों को मिले कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा: दिन-रात मरीजों की जिंदगी बचाने में जुटे स्वास्थ्य कर्मियों और उनके परिजनों के लिए आपातकालीन स्थिति में संपूर्ण कैशलेस इलाज की गारंटी दी जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा, उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार यादव,डाक्टर सतीश कुमार सिंह, डाक्टर गीता यादव, डाक्टर अभिषेक कुमार सिंह,डाक्टर अब्दुल जावेद,डाक्टर कुंवर अमित सिंह, आमिर खान, नीतीश कुमार चौबे, प्रकाश श्रीवास्तव, कमल कांत तिवारी, अली खान, विनय मिश्रा, रमेश यादव, रजनी कुमार दुबे, दिनेश सेन, सहित जिले की समस्त ब्लाक एवं शहरी इकाइयों के सैकड़ों महिला व पुरुष संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

एक नजर इधर भी

औषधि विभाग की छापेमारी, लाइसेंस का किया सत्यापन

कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी का प्रकरण सामने आने के बाद औषधि विभाग ने थोक दवा दुकानों के लाइसेंस के सत्यापन का अभियान तेज कर दिया है। मंगलवार के बाद बुधवार को भी औषधि विभाग की टीम ने सप्तसागर मंडी में थोक दवा कारोबारियों की दुकानों का सत्यापन किया। टीम ने लाइसेंस, दवा बिक्री के रिकॉर्ड और कारोबार से संबंधित अभिलेखों की जांच की। बता दे कि शहर भर में करीब चार हजार थोक दवा दुकानों के लाइसेंस दर्ज हैं। इनमें करीब तीन हजार दुकानें सक्रिय बतायी जा रही हैं,जबकि लगभग एक हजार दुकानों के लाइसेंस का नवीनीकरण तो कराया जा रहा है, लेकिन उनका कारोबार सक्रिय नहीं है। विभाग अब ऐसी दुकानों को चिह्नित कर उनकी वास्तविक स्थिति का सत्यापन कर रहा है। कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी की जांच के दौरान बनारस में करीब १२६ ऐसी फर्में सामने आयी थीं, जहां कोडीन युक्त कफ सिरप की आपूर्ति तो हुई थी, लेकिन उसका रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं मिला था। इसके बाद विभाग ने सभी थोक दवा विक्रेताओं के लाइसेंस और कारोबार का सत्यापन शुरू किया है। सप्तसागर मंडी में हुई कारवाई के दौरान ड्रग इंस्पेक्टरों की टीम ने दवा कारोबारियों से लाइसेंस की प्रति, हाल में की गयी दवा बिक्री की रसीद बुक और अन्य संबंधित अभिलेख मांगे। टीम ने दुकानों के संचालन और बिक्री रिकॉर्ड का लाइसेंस में दर्ज विवरण से मिलान किया। औषधि विभाग के अधिकारियों के अनुसार सत्यापन का उद्देश्य यह पता लगाना है कि लाइसेंसधारी दुकानों में वास्तव में थोक दवा कारोबार संचालित हो रहा है या नहीं। अभियान आगे भी जारी रहेगा। सत्यापन पूरा होने के बाद निष्क्रिय दुकानों और उनके लाइसेंस की स्थिति स्पष्ट होगी।

सही करियर का चुनाव अपनी रुचि और क्षमताओं से होता है शुरू -दीपक कुमार बजाज

सेठ एम.आर. जैपुरिया स्कूल्स बनारस बाबतपुर कैंपस में विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लिए सही एवं आत्मविश्वासपूर्ण निर्णय लेने में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से कैरियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस वर्कशाप का आयोजन किया गया।इस अवसर पर माइंडलर, दिल्ली से पधारीं करियर कोच शिल्पा सिंह एवं इकरा कुरैशी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए विशेष एवं ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किये। विशेषज्ञों ने



करियर के चयन में प्रभावी संवाद, नेतृत्व क्षमता तथा अपनी रुचि, योग्यता एवं क्षमताओं को समझने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। चेयरमैन दीपक कुमार बजाज ने कहा सही करियर का चुनाव अपनी रुचि और क्षमताओं को समझने से शुरू होता है। इस प्रकार की पहल विद्यार्थियों को अपने भविष्य के लिए सूझ-बूझ के साथ आत्मविश्वासपूर्ण निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाती है। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक मनोज कुमार बजाज, अधिशासी निदेशक श्याम सुंदर बजाज, निदेशक अनिल के. जाजोदिया, प्रधानाचार्या सुधा सिंह एवं शैक्षणिक प्रबंधक नरेंद्र पाण्डेय सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

औषधीय गुणों से भरपूर श्रीअन्न की खेती अपनाएं किसान

मिलेट्स महोत्सव में विधायक सुनील पटेल ने किसानों को बताए खेती के फायदे

कम पानी और कम लागत में बेहतर आमदनी देने वाली मिलेट्स की खेती किसानों के लिए फायदे का सौदा बन सकती है। कृषि विज्ञान केंद्र कल्हीपुर में आयोजित मिलेट्स महोत्सव एवं किसान मेले में रोहनिया विधायक सुनील पटेल ने किसानों से श्रीअन्न की खेती अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मिलेट्स औषधीय गुणों से भरपूर हैं और इनकी खेती में पानी व उर्वरक की जरूरत भी कम होती है। तकनीकी सत्र में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक खेती, मृदा परीक्षण, जल संरक्षण, फसल सुरक्षा और पशुपालन की जानकारी दी। लोक गायकों ने गीत-संगीत के जरिए भी खेती के आधुनिक टिप्स दिए। मेले में मिलेट्स उत्पाद, कृषि रक्षा और मृदा परीक्षण के स्टाल लगे थे।

पारिवारिक संपत्ति में कब्जे को लेकर विवाद में महिला पर हमला

दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

लालपुर-पांडेयपुर थाना क्षेत्र के रसुलपुर गांव में पारिवारिक संपत्ति में कब्जे को लेकर विवाद के दौरान पट्टीदारों ने महिला को लोहे की रॉड और ईंट-पत्थर से मारकर घायल किये जाने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दस नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रसुलपुर निवासी विमला देवी पत्नी स्वर्गीय राजेंद्र पटेल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सात अक्तूबर की पूर्वाह्न साढ़े दस बजे वह अपने गिरे मकान का जीर्णोद्धार करा रही थीं। इसी दौरान उनके पट्टीदार प्रेम कुमार, मुन्नी पटेल, शुभम पटेल, सुहानी पटेल, नगिना पटेल, अंजु पटेल, प्रिया पटेल, रागिनी पटेल, राजकुमारी पटेल और मालती पटेल मौके पर पहुंच गये। आरोप है कि सभी ने एक राय होकर निर्माण कार्य रोकने और मौखिक पारिवारिक बंटवारे में मिली संपत्ति से कब्जा हटाने का दबाव बनाया। विमला देवी के मुताबिक, विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड और ईंट-पत्थर से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

कराटे चैंपियनशिप में संदहा के सार्थक ने मचाया धमाल, जीता स्वर्ण पदक

चिरईगांव। सारनाथ स्थित तारा देवी मंदिर मेडिटेशन हाल में आयोजित बीते ४ दो दिवसीय १८वीं एसएसकेएफ उत्तर प्रदेश कराटे चैंपियनशिप में संदहा निवासी कक्षा छह के छात्र सार्थक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। बुधवार को संदहा में सार्थक का जोरदार स्वागत किया गया। इनके अलावा प्रतियोगिता में प्रदेश के १५



जिलों, १० स्कूलों और २० कराटे अकादमियों के करीब ५०० बालक-बालिकाओं ने विभिन्न आयु एवं भार वर्गों में प्रतिभाग किया। सार्थक ने अपने वर्ग में उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता में अन्य खिलाड़ियों ने भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने-अपने वर्गों में पदक हासिल किये। प्रतियोगिता में वाराणसी की टीम ने ३४ स्वर्ण, ११ रजत और १५ कांस्य पदकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। गाजीपुर की टीम ३० स्वर्ण, १० रजत और १२ कांस्य पदकों के साथ दूसरे तथा गोरखपुर १२ स्वर्ण, पांच रजत और सात कांस्य पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगामी ११वीं एसएसकेएफ नेशनल कराटे प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। यह प्रतियोगिता २६ और २७ दिसंबर को वाराणसी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, सिगरा में आयोजित होगी। मुख्य रेफरी शिहान अनिल मौर्य, सुरेश पाल, विक्रम गुप्ता, मंजय गुप्ता और सोमनाथ पटेल सहित अन्य राष्ट्रीय रेफरियों ने निर्णायक की भूमिका निभायी।

गणित ओलंपियाड में चंदन को मिला प्रथम स्थान

काशी विद्यापीठ ब्लाक बीआरसी केसरीपुर में खंड शिक्षा अधिकारी स्कंद गुप्ता की देखरेख में गुरूवार को विकासखंड स्तरीय गणित ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड के सभी उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों के कक्षा छह, सात एवं आठ से चयनित दो सर्वश्रेष्ठ बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी गणितीय प्रतिभा एवं तार्किक क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय ककरहिया के चंदन प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय सगहट के कार्तिकेय द्वितीय तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय फुलवरिया के आनंद तृतीय स्थान पर रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष १० बच्चों को राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सरिता राय द्वारा मेडल, जमेट्री बाक्स व स्टेशनरी देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का संचालन व मूल्यांकन एआरपी गणित अभिषेक तिवारी, मनोज कुमार, निवेदिता मौर्या, कामेश्वर प्रसाद दूबे, आकांक्षा सिंह, नीलम वर्मा, प्रवीण कुमार, अनूप चौरसिया द्वारा किया गया।

गंगा किनारे गरजेंगे वायु योद्धा, काशी में दिखेगा आसमानी शौर्य

२२, २४ और २५ अक्तूबर को होगा भारतीय वायु सेना दिवस हवाई प्रदर्शन-२०२६



वायु सेना दिवस पर इस बार काशी के आसमान में देश की सैन्य ताकत और जांबाजी का रोमांच नजर आयेगा। मध्य वायु कमान की ओर से २२, २४ और २५ अक्तूबर को वाराणसी में 'भारतीय वायु सेना दिवस हवाई प्रदर्शन-२०२६' आयोजित किया जायेगा। नमो घाट पर विशिष्ट अतिथियों के लिए दर्शक दीर्घा बनायी जायेगी, जबकि आम नागरिक निर्धारित सार्वजनिक दर्शक क्षेत्रों से हवाई करतब देख सकेंगे। प्रधानमंत्री के भी कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। भारतीय वायु सेना की ९४वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित यह प्रदर्शन काशी को वायु सेना की गौरवशाली विरासत से जोड़ेगा। आठ अक्तूबर १९३२ को स्थापित वायु सेना आज देश की वायु सुरक्षा के साथ युद्ध, आपदा राहत और मानवीय सहायता अभियानों में अहम भूमिका निभा रही है। बमरौली, प्रयागराज स्थित मध्य वायु कमान वर्ष २०२६ में अपनी स्थापना के ६० वर्ष पूरे कर रही है। १९६५ और १९७१ के युद्धों से लेकर कारगिल युद्ध के ऑपरेशन सफेद सागर और विभिन्न आपदा राहत अभियानों में कमान ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। काशी का वायु सेना से पुराना संस्थागत जुड़ाव भी है। यहां जनवरी १९७६ से कार्यरत नंबर-४ वायु सेना चयन बोर्ड युवाओं को अधिकारी बनने की राह दिखा रहा है। हवाई प्रदर्शन के जरिए युवाओं को वायु योद्धाओं के साहस, अनुशासन और सेवा भावना से रूबरू होने का अवसर मिलेगा।

टीबी के खिलाफ काशी में 'जोश' का वार, मैदान में उतरेंगे युवा



टीबी के खात्मे की मुहिम अब युवाओं की ताकत से रफ्तार पकड़ेगी। देश को क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए गुरुवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने नयी दिल्ली से 'जोश' टीमों के राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ किया। वाराणसी में इसका सीधा प्रसारण दुर्गाकुंड स्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में हुआ। यहां राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट, युवा स्वयंसेवक और स्वास्थ्यकर्मियों ने टीबी के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का संकल्प लिया। टीबी को जड़ से मिटाने की मुहिम में अब युवाओं की टोली मोर्चा संभालेगी। देश को क्षय रोग मुक्त बनाने के अभियान को गति देने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को 'जोश' टीमों की शुरुआत की। अभियान के पहले चरण में ११ राज्यों के ५५ जिलों में 'जोश' टीमें गठित की जा रही हैं। प्रत्येक टीम में एक नामित नोडल अधिकारी के

नड्डा ने नयी दिल्ली से फूंका अभियान का बिगुल, गांव-गांव पहुंचेंगे कैडेट और युवा स्वयंसेवक

नेतृत्व में पांच राष्ट्रीय कैडेट कोर कैडेट और पांच युवा स्वयंसेवक शामिल होंगे। टीमें गांव, विकासखंड और वार्ड स्तर पर पहुंचकर टीबी के लक्षण, जांच और निःशुल्क उपचार की जानकारी देंगी। डॉक्टर सिंह ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से टीबी उन्मूलन अभियान को नयी गति मिलेगी। डॉक्टर राय ने बताया कि अभियान का उद्देश्य टीबी से जुड़े भ्रम और सामाजिक कलंक को दूर कर समय पर मरीजों की पहचान और उपचार सुनिश्चित करना है। इस दौरान १४ वर्ष से कम उम्र के बच्चों को विशेषज्ञ की सलाह पर प्रोटीन पाउडर दिया गया और सभी ने टीबी मुक्त भारत की शपथ ली। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एनपी सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर पीयूष राय, पंचायती राज विभाग के प्रतिनिधि और राष्ट्रीय कैडेट कोर के अधिकारी मौजूद रहे।

बरेमा में काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

रामेश्वर। न्याय पंचायत बरेमा के प्राथमिक विद्यालय रामेश्वर द्वितीय परिसर में गुरुवार को काशी सांसद खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसमें विभिन्न विद्यालयों के बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में १००, २००, ४०० और ८०० मीटर दौड़ के अलावा रस्सी कूद, ऊंची कूद, लंबी कूद और गोला फेंक जैसी स्पर्धाएं हुईं। छह वर्ष से लेकर 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गौतम सिंह ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इससे अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने बच्चों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका मुकुल मौर्य ने की। संचालन डाक्टर सुशील कुमार ने किया। नोडल संकुल प्रदीप कुमार शुक्ला के निर्देशन में चंद्रसेन सिंह, जितेंद्र यादव, शैलेंद्र विक्रम, दीप्ति जायसवाल, प्रियम पाठक, शीला देवी और रीता देवी ने आयोजन में सहयोग किया।



सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय से निकली साइकिल यात्रा

प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय आह्वान के अनुरूप 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत के लिए संकल्प अभियान' के अंतर्गत गुरुवार को सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक हेरिटेज बिल्डिंग मुख्य भवन से नशामुक्ति एवं युवा-जागरूकता का सशक्त संदेश देते हुए साइकिल यात्रा निकाली गयी। वाइस चांसलर प्रोफेसर बिहारी लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के शरीर और मन को ही दुर्बल नहीं करता, बल्कि उसके दुष्प्रभाव परिवार, समाज और राष्ट्र की सामूहिक शक्ति को भी प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, संस्कारवान, जागरूक और नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की वास्तविक शक्ति और उसकी सबसे सुदृढ़ आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि भारत की युवा शक्ति उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा, संकल्प और रचनात्मक क्षमता को यदि सकारात्मक दिशा प्रदान की जाए तो यही शक्ति राष्ट्र के विकास की गति को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकती है। छात्र कल्याण संकाय प्रमुख एवं कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर शैलेश कुमार मिश्र ने कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति युवा शक्ति के समक्ष एक गंभीर सामाजिक चुनौती है। उन्होंने कहा कि नशामुक्त युवा ही स्वस्थ समाज, सशक्त राष्ट्र और विकसित भारत की वास्तविक आधारशिला हैं।इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों एवं युवाओं ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया इस अवसर पर चीफ प्रॉक्टर प्रोफेसर जितेन्द्र कुमार, प्रोफेसर रमेश प्रसाद, प्रोफेसर विधु द्विवेदी, प्रोफेसर राजनाथ, प्रोफेसर. दिनेश कुमार गर्ग, डॉक्टर. मधुसूदन मिश्र, डॉक्टर विजेन्द्र कुमार, डॉक्टर. नितिन कुमार, डाक्टर दुर्गेश पाठक सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या



एक नजर इधर भी

जनगणना-२०२७ की तैयारी तेज, फील्ड ट्रेनर्स को सिखाये गये सटीक आंकड़े जुटाने के गुर

सारनाथ में चार बैचों में होगा प्रशिक्षण, पहले चरण में ८० प्रशिक्षुओं ने लिया प्रशिक्षण

जनगणना-२०२७ को त्रुटिरहित और पारदर्शी ढंग से कराने की तैयारियां तेज हो गयी हैं। इसके तहत गुरुवार को सारनाथ स्थित केंद्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान के एपी गेस्ट हाउस सभागार में फील्ड ट्रेनर्स का व्यापक प्रशिक्षण शुरू हुआ। ८ से १० और १२ से १४ अक्तूबर तक चार बैचों में होने वाले प्रशिक्षण के पहले चरण में ८० प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया गया। केंद्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान के कुलपति प्रोफेसर वांगचुक दोर्जे नेगी ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जनगणना महज आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं और नीतिगत नियोजन की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और सटीकता के साथ जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं जिला जनगणना अधिकारी डॉक्टर सदानंद गुप्त ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सही सूचना के संकलन और दिशा-निर्देशों के कड़ाई से पालन पर जोर दिया। पहले चरण में ४०-४० के दो बैचों में प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स नरसिंह मौर्य, लालधारी यादव, सुजीत सिंह और चंद्र प्रकाश सिंह ने प्रशिक्षण दिया। जनगणना निदेशालय के उप निदेशक अजय कुमार और जिला प्रभारी नीलम ने भी आवश्यक जानकारी दी। प्रशिक्षुओं को फील्ड में जनगणना प्रक्रिया, सावधानियों और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के तरीके बताये गये।

मड़ई से पक्के आशियाने तक पहुंचे बनवासी परिवार, चेहरों पर खुशी

मुख्यमंत्री आवास योजना ने बदली जिंदगी

कभी मड़ई, कुश की झोपड़ी और खपड़ैल के जर्जर मकानों में गुजर-बसर करने वाले बनवासी परिवारों के जीवन में मुख्यमंत्री आवास योजना ने नयी राहत पहुंचायी है। चोलापुर विकासखंड की रसड़ा, डुढ़वां, धौरहरा, मंगौलेपुर और रौना खुर्द ग्राम पंचायतों में पात्र परिवारों को योजना के तहत पक्का आवास मिला है। लाभार्थियों ने बताया कि कच्चे मकानों में बारिश के दौरान सबसे अधिक परेशानी होती थी। परिवार के सभी सदस्यों को



जर्जर छत के नीचे रहना पड़ता था। योजना की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान और विकासखंड कार्यालय के माध्यम से आवेदन किया। पात्रता पूरी होने के बाद आवास निर्माण के लिए करीब १.२० लाख रुपये की सहायता राशि मिली। इससे कच्चे मकान की जगह पक्का घर तैयार हुआ। अब परिवार सुरक्षित छत के नीचे रह रहे हैं और बारिश में होने वाली परेशानी से राहत मिली है। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पक्का मकान उनके परिवार के लिए बड़ी जरूरत थी।

बीएचयू में प्रेमचंद स्मारक एवं शोध संस्थान की वेबसाइट का लोकार्पण

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कला संकाय एवं मुंशी प्रेमचंद स्मारक एवं शोध संस्थान, लमही के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी साहित्य के उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर उनकी साहित्यिक विरासत, सामाजिक सरोकारों और समकालीन प्रासंगिकता को स्मरण करते हुए प्रेमचंद पुण्यतिथि स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के सहयोग से प्रेमचंद की कहानी पंच परमेश्यवर पर आधारित प्रदीप जायसवाल द्वारा निर्देशित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर वाइस चांसलर प्रोफेसर अजित कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाओं से जुड़ी पीढ़ी के लिए उनके साहित्य के प्रति विशेष संवेदनशीलता है। उनकी रचनाओं में चित्रित समाज को उस पीढ़ी ने देखा और जिया है, इसलिए प्रेमचंद का साहित्य आज भी पाठकों के मन में गहराई से रचा-बसा है। आज प्रेमचंद की मूल पांडुलिपियों को खोजने, संरक्षित करने और उनमें किए गए संपादकीय परिवर्तनों के अध्ययन की आवश्यकता है। रजिस्ट्रार राजन श्रीवास्तव ने कहा कि प्रेमचंद के साहित्य को नए माध्यमों से युवाओं तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सहायता से उनकी कहानियों के पांच-पांच मिनट के छोटे एपिसोड तैयार करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में कला संकाय प्रमुख प्रोफेसर सुषमा घिल्डियाल, वैभव सिंह, डाक्टर ज्योतिष जोशी, प्रोफेसर नीरज खरे और डाक्टर शिल्पा सिंह उपस्थित रहे। संचालन डाक्टर विवेक सिंह ने किया।

सुभाषित *सज्जनोंकी संगति करनेपर कुछ समय पश्चात ही दुर्जनोंमें भी सज्जनता आ ही जाती है।*
❒ क्षेत्रचूड़ामणि

नाविकोंपर हमले

काला सागर अब केवल रूस-यूक्रेन युद्धका सैन्य मोरचा नहीं रह गया है, बल्कि यह वाणिज्यिक जहाजरानीके लिए गम्भीर जोखिम वाला समुद्री क्षेत्र बनता जा रहा है, जो पूरे विश्वके लिए चिन्ताका विषय है। वाणिज्यिक जहाजोंको निशाना बनाया जा रहा है। पिछले ४८ घण्टोंके दौरान चार जहाजोंको निशाना बनाया गया। रूसके समुद्री रिसार्ट शहर सोचीके पास लाइबेरियाई झण्डे वाले तेल टैंकरपर ड्रोन बोटोंसे हमले किये गये। इस टैंकरपर सवार चालक दलके सभी २३ सदस्य भारतीय नाविक थे। इन सभीको रूसी अधिकारीने सुरक्षित निकालकर तटपर पहुंचा दिया, अन्यथा इनकी जान जोखिममें फंस जाती। राहतकी बात यह है कि हमलेमें किसीको चोटें नहीं आयीं। भारतने वाणिज्यिक जहाजों और नाविकोंको निशाना बनाये जानेपर गम्भीर चिन्ता जतायी है और स्पष्टत: कहा है कि नाविक समुदायपर हमले कदापि बर्दाश्त नहीं किये जायंगे। परराष्ट्र मंत्रालयका यह कहना महत्वपूर्ण है कि विवादोंका समाधान कूटनीति और संवादके माध्यमसे होना चाहिए। हमलेके बाद इस टैंकरमें आग लग गयी और काला सागरके पानीमें तेल फैल गया। आगकी तीव्रता बहुत ही अधिक थी। यह घटना छह अक्तूबरकी है। रूसी अधिकारियोंने स्वीकार किया है कि मानवरहित नौ सैनिक पोतोंसे हमला किया गया, जिसके कारण टैंकरमें आग लगी। अग्निशमन दलके लिए जहाजके पास पहुंचनेमें काफी परेशानी उठानी पड़ी। यह घटना इस बातका प्रमाण है कि युद्ध क्षेत्रके निकट काम कर रहे भारतीय समुद्री कर्मचारियोंके समक्ष कितना बड़ा जोखिम पैदा हो चुका है। काला सागर पूरी तरहसे असुरक्षित बन गया है। रूस-यूक्रेन युद्धके कारण समुद्री सुरक्षा व्यवस्था काफी प्रभावित हुई है। काला सागरका जोखिम केवल किसी एक देशके तट या किसी खास समुद्री मार्गतक सीमित नहीं है। भारतीय नाविकोंके लिए यह काफी चिन्ता बढ़ाने वाली घटना है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि भारत नाविक पूरे विश्वमें समुद्री व्यापारमें बड़ी भूमिका निभाते हैं। युद्ध प्रभावित समुद्री मार्गोंपर भारतीय नागरिकोंकी मौजूदगीके कारण किसी भी हमलेका सीधा मानवीय और कूटनीतिक प्रभाव भारतपर पड़ सकता है। यह जहाजोंकी सुरक्षा व्यवस्थाको कटघरेमें खड़ा करता है। इसका अन्तरराष्ट्रीय व्यापारपर भी प्रभाव पड़ रहा है। असुरक्षा बढ़नेसे अनेक आर्थिक परिणाम हो सकते हैं। विशेष चिन्ता यह है कि व्यापारिक जहाजों और सैन्य लक्ष्योंके बीचकी सीमा युद्धमें धुंधली होती जा रही है। भारतके सामने अनेक चुनौतियां है, जिनका समाधान अत्यन्त आवश्यक है।

फल-सब्जीकी शुद्धता संदिग्ध

आजके दौरमें मिलावटी और अशुद्ध खाद्यान्नोंसे पटा बाजार न केवल मानव जीवनपर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है, बल्कि तरह-तरहकी बीमारियोंको भी दावत दे रहा है। दिक्कत यह है कि उपयोगकर्ताको न तो इसकी परख है, न ही जानकारी। इसके चलते लोग स्वास्थ्यवर्धक फलों और सब्जियोंकी जगह घातक रसायनोंका सेवन कर रहे हैं। लोकल सर्कल्सके देशव्यापी सर्वेमें जो खतरनाक तस्वीर उभरकर सामने आयी है, वह न सिर्फ गम्भीर चिन्ताका विषय है, बल्कि पैसेके लोभमें मानवीय मूल्योंके प्रति कारोबारियोंके चारित्रिक पतनकी सीमाको भी रेखांकित करती है। अभीतक तो मिलावटी खाद्यान्न, तेल-घी, मसालेकी परेशानीके सबब बने हुए थे लेकिन अब फल और सब्जियां भी स्वास्थ्यके लिए सुरक्षित नहीं हैं। देशमें लगातार रसायनोंके जरिये फलोंको पकाने और उनको रंगनेके मामले सामने आ रहे हैं, जो स्वास्थ्यके लिए हानिकारक है। नागरिकोंको यह पता नहीं जो फल-सब्जियां वे खा रहे हैं, वे कितनी शुद्ध हैं। सर्वेके अनुसार दो-तिहाई देशवासी इस बातसे अनभिज्ञ हैं कि जो फल और सब्जियां वे खरीद रहे हैं, वे रसायनोंसे पकाये और रंगे गये हैं। वे सिर्फ बाहरी आवरण देखते हैं, जो सुन्दर, चिकने और पके हुए दिखते हैं। यह महज धोखेके अलावा और कुछ नहीं है। अभी लगभग दो महीने पूर्व अगस्तमें कर्नाटकके खाद्य सुरक्षा अधिकारियोंने उडुपी जिलेमें दस हजार किलोग्रामसे अधिक केला जब्त किया था जिसे रसायनके इस्तेमालसे पकाया गया था और रंगा भी गया था। इस छापेमें रसायन भी पकड़ा गया था। इसी तरह आमके सीजनमें बड़ी मात्रामें कृत्रिम रूपसे आम भी पकाये जाते हैं और पकड़े भी जाते हैं। यह अक्षम्य अपराध है, क्योंकि यह लोगोंके स्वास्थ्यसे जुड़ा मामला है। इनके विरुद्ध कड़ी काररवाई की जानी चाहिए जो दूसरोंके लिए सबक बने। सरकारको भी प्राकृतिक रूपसे पके फल, बिना मिलावट उत्पादोंकी उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए और लोगोंको भी जागरूक करनेकी जरूरत है।

लोक संवाद

बीमारियोंसे बचें

महोदय,- जब मौसम बदलता है तो शरीरको नयी परिस्थितियोंके अनुरूप ढलनेमें समय लगता है।इस दौरान हमारी इम्युनिटी कमजोर हो सकती है, जिससे संक्रमणका खतरा बढ़ सकता है। तापमानमें बदलाव, हवामें नमी और प्रदूषणका स्तर घटने या बढ़नेसे हमारी प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है। इसलिए बदलते मौसममें सेहतका ध्यान रखना बहुत जरूरी है।बदलते मौसममें सेहतका ख्याल रखना बेहद आवश्यक होता है, क्योंकि इस दौरान तापमानमें बार-बार बदलाव होता है।ऐसेमें बुखार आना, गलेमें खराश, खांसी होना, जुकाम जैसे मामले काफी ज्यादा देखनेमें आते हैं।सितंबर मानसूनका आखिरी महीना है और अब धीरे-धीरे दिन सर्दियोंकी तरफ बढ़ रहे हैं।ऐसेमें जरूरी है कि आप अपनी सेहतपर ध्यान दें, ताकि मौसमी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओंसे बचे रहें।जानिये बदलते मौसममें हमारी बॉडीमें क्या बदलाव आते हैं और किन बातोंको ध्यानमें रखकर, इस दौरान होने वाली हैल्थ प्रॉब्लमसे बचा जा सकता है।अभी धूप खिली है और अचानक बादल आनेके साथ तेज हवाएं सर्दी बढ़ा दें, साथ ही बारिशसे मौसममें नमी भी बढ़ जाय तो इसका सेहतपर प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। आपको भी यदि इस समय गलेमें खराश, खांसी, जुकाम जैसी समस्याएं परेशान कर रही हैं तो जान लें इसकी वजह और बचावके तरीके।बदलते मौसममें तापमान और वातावरणमें नमी होने जैसे बदलावोंके कारण शरीरमें कफ और वातका संतुलन प्रभावित हो सकता है, जिससे सुबहके समय गला सूखने, खराश या खांसी जैसी शिकायत हो सकती है। सूखी हवा भी गलेका सूखापन बढ़ा सकती है। कोशिश करनी चाहिए कि कमरेका तापमान सही रहे और हमेशा नाकसे ही सांस खींचने-छोड़नेकी आदत डालनी चाहिए।बदलते मौसममें दिखाई देने वाले हल्के-फुल्के लक्षणों (जैसे गलेमें खराश होना, गला सूखना) में पर्याप्त मात्रामें गुनगुना पानी पीना चाहिए। इसके अलावा सुबह उठकर भाप लेनेसे भी आपको राहत महसूस होती है।आप रातमें सोनेसे पहले भी भाप ले सकते हैं। इससे कफको हटानेमें मदद मिलती है और आप बढ़िया नींद ले पाते हैं। यदि खांसी लगातार बनी रहे, सांस लेनेमें परेशानी हो या बुखार जैसे लक्षण हों तो ऐसेमें सावधानियां बरतनेके साथ ही डाक्टरसे जांच करानी चाहिए ताकि आप सही ट्रीटमेंट ले सकें। मरीजको बच्चोंसे दूर रखना चाहिए, क्योंकि उनकी इम्युनिटी कमजोर होती है और इस दौरान वायरल हैल्थ प्रॉब्लम एकसे दूसरेमें पहुंच सकती है। मौसममें खान-पानका ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है, क्योंकि इसीसे इम्युनिटी मजबूत होती है। हमेशा घरपर बना ताजा और हल्का, जल्दी पचने वाला खाना खायें, क्योंकि इस दौरान पाचन भी धीमा हो जाता है। बाहरकी चीजों (खासकर जंक फूड), ज्यादा फैट वाले फूड्स और पैक्ड फूडसे दूरी बनानी चाहिए। अपने खानेमें अदरक, लहसुनए जीरा, अजवायन, हल्दी आदिका उपयोग करें। ये मसाले औषधीय गुणोंसे भरपूर होते हैं। दिनभरमें पर्याप्त मात्रामें पानी पीते रहें। कोशिश करें कि नॉर्मल टेंप्रेचर या फिर गुनगुने पानीको ही पियें। **-प्रिया यादव, वाया ईमेल।**

विदेशी पूंजीकी अहमियत

रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा जारी आंकड़ोंके मुताबिक २५ सितंबरतक भारतका विदेशी मुद्रा भंडार ७४७.६ अरब डालरके स्तरपर पहुंचते हुए भारतीय अर्थव्यवस्थाके लिए मजबूत आर्थिक सुरक्षा कवच बन गया है। भारत दुनियामें चीन, जापान और स्विट्जरलैंडके बाद चौथा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार रखने वाला देश बन गया है।

❒ डा.जयंती लाल भंडारी

भारत दुनियामें चीन, जापान और स्विट्जरलैंडके बाद चौथा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार रखने वाला देश बन गया है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि पिछले माह १२-१३ सितंबरको नयी दिल्लीमें आयोजित १८वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलनके बाद ब्रिक्स देशोंसे भारतमें प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़नेकी संभावनाएं बढ़ी हैं। इस बार ब्रिक्स शिखर सम्मेलनमें यूएई और सऊदी अरब जैसे देशोंकी उपस्थितिसे भारतके बुनियादी ढांचे, ऊर्जा और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टरमें बड़े पैमानेपर निवेश आनेकी उम्मीद है। इस शिखर सम्मेलनके दौरान ब्रिक्स देशोंके बीच कृषि, तकनीक और वित्त क्षेत्रोंमें आपसी साझेदारी बढ़ानेपर जोर दिया गया है, जिससे भारतमें प्राइवेट सेक्टरके निवेशको बढ़ावा मिलेगा। ब्रिक्सके विस्तारसे नये ब्रिक्स देशोंमें भारतीय सामान और सेवाओंके निर्यातके नये दरवाजे खुले हैं। इस सम्मेलनने वैश्विक आर्थिक सहयोग और कूटनीतिक प्रभावको मजबूत करनेमें अहम भूमिका निभायी है, जिससे वैश्विक निवेशकोंका भारतपर भरोसा बढ़ा है। इन सबसे भारतमें विदेशी निवेश बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि भारतका रिकॉर्ड विदेशी मुद्रा भंडार भारतके लिए कई दृष्टिकोणोंसे लाभप्रद है। यह वैश्विक अनिश्चितताओंके बीच देशको आर्थिक स्थिरता प्रदान करता है।



अमेरिकी डालरके मुकाबले रुपयेमें आने वाले उतार-चढ़ावको नियंत्रित करनेके लिए रिजर्व बैंक इस भंडारका उपयोग करता है, जिससे भारतीय मुद्रा मजबूत बनी रहती है। चूंकि भारत अपनी जरूरतका अधिकांश कच्चा तेल आयात करता है, अतएव यह विशाल भंडार देशको १०-१२ महीनेसे अधिकके निर्बाध आयातके लिए वित्तीय सुरक्षा देता है। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार विदेशी निवेशकोंको आकर्षित करता है, क्योंकि यह देशकी ऋण चुकानेकी क्षमता और वित्तीय मजबूतीको दर्शाता है। मजबूत आर्थिक स्थितिके कारण वैश्विक रेटिंग एजेंसियां देशकी क्रेडिट रेटिंग सुधारती हैं, जिससे भारतीय कम्पनियोंको अंतरराष्ट्रीय बाजारसे सस्ती दरोंपर कर्ज मिलता है। वैश्विक युद्ध, महंगी या अन्य देशोंके केन्द्रीय बैंकोंके फैसलोंसे उत्पन्न आर्थिक संकटोंको झेलनेमें विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षा कवचकी तरह मदद करता है। गौरतलब है कि हालमें जहां विभिन्न वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों-जापानी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (जेसीआर), एसएंडपी रेटिंग्स और फिच रेटिंग्सने भारतके विदेशी मुद्रा भंडारकी मजबूतीको रेखांकित किया है, वहीं भारतीय रिजर्व बैंककी विशेष डालर-रुपये विदेशी मुद्रा अदला-बदली (फॉरेक्स स्वैप) सुविधाके तहत अभूतपूर्व सफलताने वैश्विक वित्तीय जगतमें भारतकी आर्थिक साख और मजबूतीका एक नया अध्याय लिख दिया है। यह महत्वपूर्ण है कि ८ जून २०२६ को शुरू की गयी इस योजनाके प्रति अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) ने ऐसा अभूतपूर्व उत्साह दिखाया कि आरबीआईको अपने लक्ष्य समयसे पहले ही निर्धारित लक्ष्य हासिल हो गये। यह परिदृश्य बताता है कि भारतीय अर्थव्यवस्थाके प्रति वैश्विक स्तरपर निवेशकोंका भरोसा अटूट है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि गत १८ अगस्तको गजट अधिसूचनाके बाद लागू कराधान एवं अन्य कानून (संशोधन) अधिनियम २०२६ अब भारतमें विदेशी पूंजीको आकर्षित करने, कर व्यवस्थामें स्पष्टता लाने और घरेलू विनिर्माणको सुदृढ़ बनानेके परिप्रेक्ष्यमें अत्यंत अहम भूमिका निभायेगा। इसका मुख्य उद्देश्य भारतको वैश्विक पूंजी और व्यापारके लिए अधिक आकर्षक एवं भरोसेमंद गंतव्य बनाना है।

यह अपतटीय निवेश कोषों (ऑफशोर इन्वेस्टमेंट फंड्स) और फंड प्रबंधकोंके लिए नियमोंको सरल बनाता है, जिससे भारतसे परिचालन करने वाले कोष प्रबंधकोंको कर संबंधी जटिलताओंका सामना न करना पड़े। इससे वैश्विक केन्द्रोंमें कार्यरत भारतीय एवं विदेशी प्रबंधक सुगमतासे भारतकी ओर रुख करेंगे। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्रके लिए उपकरण आपूर्तिपर मिलने वाली आयकर छूटको वर्ष २०४०-४१ तक विस्तारित किया गया है। सीमा शुल्क-बंधित (कस्टम्स-बाण्डेड) गोदामोंमें इलेक्ट्रॉनिक घटकोंके भंडारणको कर-मुक्त करने और डेटा सेंटरोंके लिए प्रक्रियाओंको सुगम बनानेसे वैश्विक कम्पनियां भारतमें बड़े पैमानेपर निवेशके लिए आकर्षित होंगी। इससे रोजगारके नये अवसर भी सृजित होंगे। यह भी उल्लेखनीय है कि २१ साल बाद यानी वर्ष २०४७ तक भारतको विकसित देश बनाने और लगभग ३०-३५ ट्रिलियन डालरकी अर्थव्यवस्था बनाने और प्रति व्यक्ति आय करीब १८००० डालर करनेके लिए बुनियादी ढांचे, तकनीक और विनिर्माण क्षेत्रमें भारी निवेशकी आवश्यकता है। इस लक्ष्यको प्राप्त करनेके लिए भारतको लगातार औसतन करीब नौ प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर बनाये रखनी होगी। इतने बड़े विकास लक्ष्यको अकेले घरेलू संसाधनोंसे पूरा करना संभव नहीं होगा, इसलिए विदेशी पूंजी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि आर्थिक सुधारोंके पिछले ३५ वर्षोंमें जो विदेशी मुद्रा भारतमें धीमी गतिसे आयी है, अब कराधान और अन्य कानून (संशोधन) अधिनियम २०२६ के लागू होनेके बाद भारतकी ओर विदेशी मुद्राके प्रवाहमें तेजी आनेकी पूरी संभावनाएं हैं। यदि हम भारतमें विदेशी पूंजी आकर्षित करनेके ऐतिहासिक प्रयासोंपर दृष्टि डालें तो पाते हैं कि १९९१ के आर्थिक संकटके बाद तत्कालीन प्रधान मंत्री पीवी नरसिम्हा राव और वित्तमंत्री डा. मनमोहन सिंह द्वारा आर्थिक सुधारोंका नया दौर शुरू किया गया था।

तबसे अबतक विदेशी निवेशको आकर्षित करनेके लिए निरन्तर कई ठोस कदम उठाये गये हैं। बीमा, दूरसंचार और खुदरा (रिटेल) जैसे प्रमुख क्षेत्रोंमें प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा बढ़ाकर सौ प्रतिशततक कर दी गयी है। रक्षा क्षेत्रमें भी कुछ शर्तों और नियमोंके साथ सौ प्रतिशत एफडीआईकी अनुमति दी गयी है। अधिकांश क्षेत्रोंमें पूर्व-सरकारी अनुमतिके बिना (स्वचालित मार्गसे) निवेश करनेकी छूट प्रदान की गयी। पुराने और कठोर 'फेरा' (एफईआरए) कानूनको समाप्त कर लचीला 'फेमा' (एफईएमए) लागू किया गया जिससे विदेशी मुद्राका प्रवाह और लेनदेन आसान हो गया। देशको वैश्विक विनिर्माण केन्द्रके रूपमें स्थापित करने और विदेशी कम्पनियोंको आकर्षित करनेके लिए मेक इन इंडिया अभियान शुरू किया गया। निवेशकोंको करमें छूटए सरल नियम और आधुनिक बुनियादी ढांचा उपलब्ध करानेके लिए विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड)का विकास किया गया।

व्यापारको गति देनेके लिए चालू खातेपर रुपयेको पूरी तरहसे परिवर्तनीय बनाया गया तथा भारतीय शेयर बाजारमें विदेशी संस्थागत और पोर्टफोलियो निवेशकोंके लिए नियमोंको सरल किया गया। इन विभिन्न बहुआयामी प्रयासोंके बावजूद भारतमें टिकाऊ विदेशी पूंजी आकर्षित करनेके लिए कई ठोस सुधारोंकी आवश्यकता है। केवल बड़े घरेलू बाजार और उच्च विकास दरके भरोसे रहना पर्याप्त नहीं होगा। इसके लिए देशके नियामक ढांचे, कर प्रणाली और कानूनी तंत्रमें व्यापक बदलाव अनिवार्य हैं। दीर्घकालिक निवेशके लिए स्थिर नीतियां पहली प्राथमिक शर्त हैं।

प्रमुख विनिर्माण क्षेत्रोंमें उत्पादन बढ़ाने वाली कम्पनियोंको वित्तीय प्रोत्साहन देनेके लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) जैसी व्यवस्थाएं की गयीं। व्यापारको गति देनेके लिए चालू खातेपर रुपयेको पूरी तरहसे परिवर्तनीय बनाया गया तथा भारतीय शेयर बाजारमें विदेशी संस्थागत और पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के लिए नियमोंको सरल किया गया। इन विभिन्न बहुआयामी प्रयासोंके बावजूद भारतमें टिकाऊ विदेशी पूंजी आकर्षित करनेके लिए अब भी कई ठोस सुधारोंकी आवश्यकता है। केवल बड़े घरेलू बाजार और उच्च विकास दरके भरोसे रहना पर्याप्त नहीं होगा। इसके लिए देशके नियामक ढांचे, कर प्रणाली और कानूनी तंत्रमें व्यापक बदलाव अनिवार्य हैं। दीर्घकालिक निवेशके लिए स्थिर नीतियां पहली प्राथमिक शर्त हैं। कर नियमों, सीमा शुल्क और क्षेत्र-विशेषके प्रावधानोंमें अचानक होने वाले परिवर्तनोंसे निवेशक दूर भागते हैं।

कृतज्ञता अर्पित करनेका अवसर

श्राद्ध और तर्पण केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, स्मृति, कृतज्ञता और पीढ़ियोंसे मिले संस्कारोंको समझने की परम्परा है। हमारा व्यवहार, आदतें और जीनेके कुछ तरीके भी पिछली पढ़ियोंसे हमतक पहुंचते हैं। यही भारतीय संस्कृति है।

❒ गणेश काला

विज्ञानके मुताबिक हमारी जैविक संरचनामें डीएनएकी अहम भूमिका है। हमें अपने माता-पितासे आनुवंशिक सामग्री मिलती है और इस तरह जैविक निरन्तरता पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती रहती है। वहीं शोधोंमें सामने आया कि जीनकी अभिव्यक्तिपर माहौल, जीवनशैली और अनुभवोंका प्रभाव पड़ सकता है। इसे समझनेको एपिजेनेटिक्स अहम क्षेत्र है। यहींसे भारतीय परम्परामें पूर्वजोंके स्मरण एवं श्राद्ध-तर्पणको देखनेका नया रास्ता खुलता है। मानव शरीरका बड़ा हिस्सा जलसे बना है। भारतीय दर्शनने जलको पंचमहाभूतोंमें स्थान दिया। वहीं तर्पणमें जल अर्पित करनेमें गहरा सांस्कृतिक प्रतीक है-मैं अपने अस्तित्वकी उस धाराको स्वीकार करता हूं, जो मुझसे पहले भी थी और मेरे बाद भी आगे जायगी। जल अर्पित करते समय व्यक्ति पूर्वजोंका नाम लेता है। अपने अतीतको याद कर स्वीकार करता है कि उसका वर्तमान अकेले उसने नहीं बनाया। यह प्रक्रिया मनोवैज्ञानिक स्तरपर भी महत्वपूर्ण है। कई भावनाएं ऐसी होती हैं, जिन्हें हम व्यक्त नहीं कर पाते। किसी पूर्वजके प्रति कृतज्ञता, पुराने पारिवारिक दु:खकी याद या पीढ़ियोंसे चली आ रही अनकही कहानी-इन सबका हमारे मनपर प्रभाव हो सकता है। श्राद्ध व्यक्तिको उन भावनाओंको देखने और स्वीकार करनेका अवसर देता है। हम केवल अपना वर्तमान लेकर पैदा नहीं होते। हमारा व्यक्तित्व परिवार, समाज, संस्कार, वातावरण और अनुभवोंसे बनता है। परिवारमें पीढ़ियोंसे चली आ रही कुछ आदतें और व्यवहार भी अगली पीढ़ियोंमें दिख सकते हैं। लेकिन इसे सीधे यह कहना कि पूर्वजोंकी स्मृतियां डीएनएमें रिकॉर्ड होकर उसी रूपमें हमारे भीतर चलती हैं, वैज्ञानिक रूपसे सही नहीं होगा। डीएनए और व्यवहारके बीच संबंध कहीं अधिक जटिल है।

आनुवंशिकता, वातावरण और जीन-अभिव्यक्तिके अध्ययनने यह समझनेका रास्ता जरूर खोला है कि जीवनके अनुभव जैविक प्रक्रियाओंको प्रभावित कर सकते हैं। इसीलिए वैज्ञानिक पीढ़ियों के बीच जैविक और पर्यावरणीय प्रभावोंका अध्ययन करते हैं। इस दृष्टिसे पूर्वजोंके डीएनए पैटर्नकी हीलिंगको वैज्ञानिक सिद्ध तथ्यके बजाय एक विचारात्मक रूपकके रूपमें समझना अधिक उचित होगा। जल और भावनाओंके संबंधकी चर्चामें जापानी लेखक और शोधकर्ता मसारू इमोटोका नाम अक्सर लिया जाता है। हालांकि उनके निष्कर्षोंको मुख्यधाराके वैज्ञानिक प्रमाणके रूपमें स्वीकार नहीं किया जाता है। फिर भी भारतीय तर्पण परम्पराको समझनेमें जलका प्रतीकात्मक महत्व इससे कहीं पुराना है। भारतीय चिंतनमें जल केवल भौतिक पदार्थ नहीं, जीवन और चेतनाकी यात्राका प्रतीक भी रहा है। इसलिए तर्पणके समय जल अर्पित करनेको ऐसी सांस्कृतिक प्रक्रिया मान सकते हैं, जिसमें व्यक्ति अपने अतीतके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है एवं अपना वर्तमान उस परम्परासे जोड़ता है।

श्राद्धका सबसे बड़ा परिवर्तन शायद हमारे भीतर होता है। जब कोई श्रद्धासे अपने पूर्वजोंको स्मरण करता है तो वह स्वयं अपने जीवनको देखने लगता है कि जीवन केवल 'मैं' तक सीमित नहीं है। मेरे भीतर मेरे माता-पिता हैं। मेरे माता-पिताके भीतर उनके माता-पिताकी जीवन-कथा है। इस प्रकार मनुष्य स्वयंको एक लम्बी जीवन-शृंखलाकी कड़ीके रूपमें देख सकता है। यहीं श्राद्ध कृतज्ञताकी परम्परा बन जाता है। अद्वैत दर्शन भी कहता है कि अस्तित्व मूलत: विभाजित नहीं है। व्यक्ति स्वयंको अलग मानता है, लेकिन व्यापक अस्तित्वमें सब एक ही निरन्तरताका हिस्सा हैं। आधुनिक विज्ञानकी भाषा अलग है। विज्ञान पदार्थ और ऊर्जा, कोशिका, अणु, परमाणु, आनुवंशिकी और जैविक प्रक्रियाओंकी बात करता है। फिर भी दोनोंके बीच एक संवाद संभव है। ब्रह्मांडमें पदार्थ निरन्तर रूप बदलता है। पृथ्वीके तत्व हमारे शरीरका हिस्सा बनते हैं। भोजन शरीरमें जाता है। शरीर प्रकृतिमें लौटता है। जीवनकी जैविक निरन्तरता पीढ़ियोंके जरिये आगे बढ़ती है। भारतीय चिंतन इसी निरन्तरताको पंचमहाभूत, जीवन-चक्र और पूर्वज परम्पराकी भाषामें देखता रहा है। वैज्ञानिक प्रमाण यह नहीं कहते कि श्राद्ध या तर्पण करनेसे किसीका डीएनए सीधे बदल जाता है। इसी तरह तर्पणको आनुवंशिक रोगोंके उपचारका वैज्ञानिक तरीका भी नहीं माना जा सकता। लेकिन मनुष्य केवल डीएनए नहीं। उसके भीतर स्मृतियां हैं, भावनाएं हैं, रिश्ते, संस्कार हैं और जीवनको देखनेकी धारणाएं हैं। यदि किसी पारिवारिक दुखको समझने, स्वीकारने एवं उसके साथ स्वस्थ संबंध बनानेसे व्यक्तिके तनाव और व्यवहारमें सकारात्मक बदलाव आता है तो उसका प्रभाव मानसिक सेहतपर पड़ सकता है। इस तरह हीलिंगका अर्थ डीएनए बदलना नहीं, बल्कि अपने भीतर पीढ़ियोंसे चली आ रही भावनात्मक एवं व्यावहारिक धारणाएं पहचानना हो सकता है।

आजकल बच्चोंको अपने दादा-दादी और परदादा-परदादीकी कहानियांतक पता नहीं होतीं। ऐसे समयमें श्राद्ध हमें पूछनेका अवसर देता है-हम कहांसे आये हैं और आने वाली पीढ़ीको हम क्या देकर जायंगे। शायद तर्पण केवल अतीतको जल देनेका नाम नहीं। खुदमें कृतज्ञता जगानेका अवसर भी है। यह भी कि हम एक लम्बी जीवन-यात्राकी कड़ी हैं। शायद यही श्राद्धकी मनोवैज्ञानिक व्याख्या है-पूर्वजोंको मुक्त करनेसे पहले अपने भीतर जमा भावनाओंको मुक्त करना। जब श्रद्धा भयसे निकलकर कृतज्ञता बनती है, तब श्राद्ध केवल एक कर्मकांड नहीं रहता। वह आत्मचिंतन बन जाता है, परिवारकी स्मृति बन जाता है और आने वाली पीढ़ीके प्रति हमारी जिम्मेदारीका स्मरण बन जाता है।

आत्मबोध

सृष्टिका नियम

❒ श्रीराम शर्मा

इस सृष्टिके कण-कणका विधान परमात्माके हाथमें है। उसे चाहे अटल नियम कहें। मनुष्यका निजका भी अपने भाग्य-विधानसे कुछ संबंध अवश्य है। इस बातसे इनकार नहीं किया जा सकता कि मनुष्य स्वाधीन नहीं है, उसका जीवन परमात्माके विधानके अनुसार ही चलता है। न्यायकी दृष्टिसे उसका विधान भी स्वतंत्र होना चाहिए। यह बात ठीक भी है। ईश्वरने कर्म फलका एक सुदृढ़ नियम बना दिया है, इसीके अनुसार मनुष्यका भाग्य बनता बिगड़ता है। भ्रम इस बातसे पैदा हो जाता है कि कई बार प्रत्यक्ष रूपसे कर्म करनेपर भी विपरीत परिणाम प्राप्त हो जाते हैं तो लोग उसे भाग्यचक्र मानकर परमात्माको दोष देने लगते हैं। किन्तु यह भाग्य तो अपने पूर्व संचित कर्मोंका ही परिणाम है। यहां मनुष्य जीवनके विराट रूपकी कल्पना की गयी है और एक जीवनका दूसरे जीवनसे संस्कारजन्य संबंध माना गया है। इस दृष्टिसे भी जिसे आज भाग्य कहकर पुकारते हैं, यह भी कलके अपने ही कर्मका परिणाम है। सृष्टिके प्राणियोंमें चेष्टा न हो तो अबतक जो ऐतिहासिक विकास हुआ है, उसकी कल्पना नहीं की जा सकती थी। भाग्यका रोना रोनेका अर्थ तो इतना ही समझमें आता है कि हम अपने कर्मके लिए सचेत नहीं हो पाये हैं। अपनी शक्तियोंका दुरुपयोग अब नहीं तो तब किया था, जिसका कट आघात भोगना पड़ रहा है, परन्तु प्राकृतिक विधानके अनुसार तो यह भाग्य अपनी ही रचना है। अपने ही किये हुए का प्रतिफल है। मनुष्य भाग्यके वशमें नहीं हो सकता, क्योंकि उसका निर्माता मनुष्य स्वयं है। परमात्माके न्यायमें अभेद देखें तो यही बात पुष्ट होती है कि भाग्य स्वयं हमारे द्वारा अपनेको संपन्न करता है, उसका स्वतंत्र अस्तित्व कुछ भी नहीं है। वास्तवमें हमें शिक्षा लेनी चाहिए कि कर्म फल किसी भी दशामें नष्ट नहीं होता। किसी न किसी समय वह अवश्य सामने आता है। विवशतावश उस समय उसे भले ही भाग्य कहकर टाल दिया जाय, परन्तु उससे कर्म फलका सिद्धांत तो नहीं मिट सकता। हम जैसा करेंगे वैसा ही तो भरेंगे। यदि स्वच्छापूर्वक परमात्मा ही जिसे जो जी चाहे देने लगे तो इस सृष्टिकी सारी न्याय, व्यवस्था बिगड़ जायगी। हम उस स्वतंत्रताको किस तरह काममें लगायें, यह एक अलग बात है, किन्तु अपना कल्याण करनेका अधिकार हमें ही है। न इसके लिए किसीको दोषी ठहराया जा सकता है और न किसीके भरोसे ही बैठा जा सकता है।

बसपाके लिए अस्तित्व बचानेका प्रश्न

❒ रोहित माहेश्वरी

बहुजन समाज पार्टीके सामने आज अपने अस्तित्वको बचानेका बड़ा संकट है। कांशीराम द्वारा स्थापित और मायावतीके नेतृत्वमें चार बार उत्तर प्रदेशकी सत्ता संभालने वाली यह पार्टी वर्तमानमें अपने सबसे कठिन दौरसे गुजर रही है। यूपीमें बसपाका मुख्य वोट बैंक खासकर दलित समुदाय तेजीसे खिसका है। २०२२ के विधानसभा चुनावमें पार्टीको सिर्फ एक सीट मिली और उसका वोट शेयर गिरकर लगभग १२.८ फीसदी रह गया। २०२४ के लोकसभा चुनावमें यूपीकी ८० सीटोंमेंसे बसपा एक भी सीट नहीं जीत सकी और उसका वोट शेयर घटकर ९.३९ फीसदीपर आ गया। गैर-जाटव दलित और अति पिछड़ी जातियां धीरे-धीरे भाजपाकी ओर आकर्षित हुई हैं, जबकि जाटव वोट बैंकका एक बड़ा हिस्सा इंडी गठबंधनकी तरफ स्थानांतरित हुआ है। जमीनपर बसपाके आन्दोलनों और आक्रामक राजनीतिकी कमीको भी इस गिरावटकी एक मुख्य वजह माना जाता है। जमीनी हालातों केस वाकिफ मायावती २००७ की तर्जपर दलित और अन्य सभी वर्गोंको साधकर अपना पुराना सामाजिक आधार और वोट बैंक वापस पानेकी कोशिश कर रही है। मायावतीने संकेत दिये हैं कि बसपा अगले विधानसभा चुनावमें उसी बहुजन सोशल इंजीनियरिंग मॉडलको अपनायेगी जिसे वह पहले भी अपनाती रही है। मायावतीकी रणनीति इन समुदायोंके बीच यह संदेश देन की है कि वे सिर्फ वोट बैंक नहीं हैं। वे सत्ता चलाने वाला वर्ग भी बन सकते हैं। बीएसपीपर मायावतीका हमेशा पूरा नियंत्रण रहा है, लेकिन पार्टीके मालिकाना हकको लेकर पारिवारिक कलह सामने आयी थी।

मायावतीने समय रहते स्थितिपर नियंत्रण पा लिया है। विधानसभा चुनावमें पहली बार मायावती अपने भतीजों आकाश और ईशान आनन्दके साथ मिलकर पार्टीके चुनाव प्रचारकी कमान संभालेंगी। बसपाके इतिहासमें ऐसा पहली बार होगा जब मायावतीका परिवार किसी चुनावमें एक साथ प्रचार मैदानमें उतरेगा। मायावतीने पार्टीसे निष्कासनके एक महीनेसे भी कम समयके भीतर आकाश आनन्दकी बसपामें वापसी करायी और उन्हें फिरसे राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त कर दिया। आकाश इस बार विधानसभा चुनावोंतक पार्टीमें बने रहते हैं तो यूपीमें यह उनका पहला पूर्णकालिक चुनाव प्रचार अभियान होगा। आकाशने यूपीमें अबतक कोई चुनाव नहीं लड़ा है, जबकि छोटे भाई ईशान आनन्दको हालमें पार्टीमें राष्ट्रीय संयोजकका पद सौंपा गया है।मायावतीने आकाश आनन्दको २०२४ के लोकसभा चुनावोंके दौरान बसपाके स्टार प्रचारकोंके रूपमें लांच किया था, लेकिन राज्यमें तीसरे चरणके मतदानके बाद ७ मईको मायावतीने उन्हें पार्टी पदोंसे हटा दिया था, जिससे उनका चुनाव प्रचार बीचमें ही रुक गया था। इसके बाद दूसरी बारीमें आकाशने १० अगस्तको हाथरससे उत्तर प्रदेश चुनावोंके लिए अपने अभियानकी शुरुआत की थी और २५ अगस्तको गौतम बुद्ध नगरके जेवरमें एक जनसभाको संबोधित किया था, लेकिन १० सितंबरको उन्हें अचानक पार्टीसे हटा दिया गया था। अब मायावती द्वारा उन्हें फिरसे शीर्ष भूमिका सौंपे जानेके बाद, राज्यमें उनकी जनसभाओंका नया कार्यक्रम तैयार किया जा सकता है। अब एक बार फिर आकाशकी एंट्रीसे बसपामें नया परिवर्तन देखनेको मिल सकता है। हालांकि पार्टी नेतृत्वने अभी यह तय नहीं किया है कि दोनों भाई यूपीमें रैलियों और जनसभाओंको संबोधित करेंगे या नहीं।

यदि बुआ मायावतीकी ओरसे मौका मिलता है तो दोनों भाई बसपाके प्रचार अभियानमें सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। ये तय है कि मायावती दोनोंको अहम जिम्मेदारी देगी। हालमें मायावतीने जेन-जी और जेन-अल्फाके विरोध प्रदर्शनोंका खुलकर समर्थन किया है और युवाओंको अपनी पार्टीसे जोड़नेमें जुटी हैं। ऐसेमें 'आनंद बंधुओं' को युवाओंको साधनेपर फोकस कर सकती हैं। पार्टीके सामने सबसे बड़ी परीक्षा यह है कि क्या आकाश और ईशान युवाओंको पार्टीसे जोड़कर कांशीरामके दौर वाले कैडरको पुनर्जीवित कर पायंगे।बीएसपीने उत्तर प्रदेशमें आखिरी बार २००७ में सरकार बनायी थी। इस चुनावमें पार्टीको उत्तर प्रदेशकी कुल ४०३ विधानसभा सीटोंमेंसे २०६ पर कामयाबी मिली थी। इस चुनावमें बीएसपीकी जीतका सेहरा उस सोशल इंजीनियरिंगके सिर बंधा था जिसके तहत पार्टी ब्राह्मण मतदाताओंको अपनी तरह खींचनेमें कामयाब रही थी। लगातार १५ साल उत्तर प्रदेशकी सत्तासे बाहर रहनेके बाद २०२७ के उत्तर प्रदेश चुनावमें पार्टीने फिर एक बार ब्राह्मण वोटोंपर अपनी नजरें टिकाई हैं। पार्टीका मानना है कि पिछले १५ सालमें समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टीमें ब्राह्मणोंकी उपेक्षा और उनके साथ हुए दुर्व्यवहारके वजहसे इस बार ब्राह्मण समुदायका वोट उसे ही मिलेगा।मायावतीने कई मौकोंपर दोहराया है कि जैसे २००७ के चुनावमें बसपाने ब्राह्मण समुदायको पर्याप्त टिकट दिये थे और पूर्ण बहुमतकी सरकार बनायी थी, वैसे ही २०२७ में भी ब्राह्मण नेताओंको उचित प्रतिनिधित्व और टिकट दिये जायंगे। बसपाका यह दांव इसलिए भी ज्यादा महत्वपूर्ण है, क्योंकि यूजीसी कानूनको लेकर ब्राह्मणोंके आक्रोशने भाजपाकी चिन्ता बढ़ाया है। ब्राह्मण समाजको जहां भाजपा अपना परम्परागत वोट मानती है। वहीं इस बार सपा और बसपाने इस समाजपर नये सिरेसे डोरा डालनेका प्रयास किया है।

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब वे तीन राज्य हैं जहां बसपाकी मौजूदगी है। इन राज्योंमें अगले साल फरवरी-मार्चमें विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। बहुजन समाज पार्टी अपने सबसे बुरे दौरसे गुजर रही है। बसपाका कोई भी लोकसभा सांसद नहीं है। राज्यसभामें उनके एकमात्र सांसद रामजी गौतम हैं। किसी समय उत्तर प्रदेशमें मजबूत राजनीतिक वर्चस्व रखने वाली मायावतीकी पार्टीके अब तीन राज्योंमें सिर्फ चार विधायक हैं। बसपाके उत्तराखंडमें दो विधायक लक्सर और मंगलौर विधानसभा क्षेत्रसे हैं। उत्तर प्रदेशमें बसपाके एकमात्र विधायक बलियाकी रसड़ा सीटसे उमाशंकर सिंहका कुछ समय पहले निधन हो गया है। पंजाबमें भी बसपाके एक मात्र विधायक डा. नछत्तर पाल, नवांशहर सीट हैं। मायावती आमजनसे सीधा संपर्क बनाकर पार्टीको मजबूत करनेकी कोशिशमें जुटने वाली हैं। वास्तवमें मायावतीके लिए यूपीका अगला चुनाव बड़ी चुनौती है। बीएसपी अब अपने अस्तित्वके लिए लड़ रही है। बीएसपीका न तो अब लोकसभा या राज्यसभामें कोई सांसद है, न ही उत्तर प्रदेश विधानसभामें विधायक या एमएलसी है। ऐसेमें बीएसपीकी राष्ट्रीय पार्टीकी मान्यता खतरेमें है।

व्यापारियों के लिए चीनी स्टाक सीमा घटाकर हुई 1000 क्विंटल

जमाखोरी और सट्टेबाजी रोकने के लिए उठाया कदम

नयी दिल्ली। त्यौहारों के सीजन से पहले चीनी के बढ़ते दामों से परेशान आम जनता को राहत देने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने चीनी की कीमतों और बाजार में इसकी सुचारू सप्लाई बनाए रखने के लिए व्यापारियों के लिए चीनी स्टॉक रखने की सीमा को घटाकर अधिकतम 1000 क्विंटल कर दिया है। सरकार द्वारा जारी किया गया यह नया नियम 15 अक्टूबर से 30 नवंबर तक लागू रहेगा। इसके साथ ही सरकार ने व्यापारियों के पास चीनी रखने की समय सीमा को भी घटाकर 15 दिन कर दिया है। यानी अब व्यापारियों को चीनी प्राप्त होने के बाद उसे 15 दिनों से ज्यादा समय तक अपने पास स्टॉक करके रखने की अनुमति नहीं होगी। इससे पहले सरकार ने अगस्त के महीने में व्यापारियों को अधिकतम 4000 क्विंटल तक चीनी का स्टॉक रखने और उसे 30 दिनों तक होल्ड करने की इजाजत दी थी। इसके बाद 15 सितंबर से इस सीमा को घटाकर 2000 क्विंटल किया गया था और अब इसे और घटाकर 1000 क्विंटल कर दिया गया है।

सरकार के अनुसार, इस कड़े फैसले का मुख्य उद्देश्य चीनी की कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकना है। सरकार चाहती है कि चीनी मिलों से निकलने के बाद व्यापारियों के पास लंबे समय तक न अटकी रहे, बल्कि जल्द से जल्द बाजार में पहुंचे ताकि आम लोगों को आसानी से उपलब्ध हो सके। इससे बाजार में चीनी की कृत्रिम कमी पैदा करने और सट्टेबाजी को रोकने में मदद मिलेगी। खाद्य मंत्रालय के अनुसार, चीनी की औसत खुदरा कीमतें अगस्त के अपने उच्चतम स्तर की तुलना में लगभग 15त्न तक कम हो चुकी हैं। वहीं, चीनी मिलों के स्तर पर कीमतों में करीब 28त्न की गिरावट दर्ज की गई है। पिछले तीन हफ्तों से मिल स्तर पर चीनी के दाम लगभग स्थिर बने हुए हैं और आने वाले समय में खुदरा दरों में और कमी आने की संभावना जताई गई है। सरकार ने इस नए नियम से दो क्षेत्रों को मुक्त रखा है। यह नियम असम और कोलकाता व उसके आसपास के विस्तारित महानगरीय क्षेत्र पर लागू नहीं होगा। सरकार के मुताबिक, इन क्षेत्रों में पहले से ही चीनी की सीमित खपत होती है, इसलिए इन्हें इस नई स्टॉक सीमा से बाहर रखा गया है।

टीसीएस का शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 13,884 करोड़

मुंबई। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 13,884 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। टाटा संस के लिए राजस्व का सबसे बड़ा स्रोत टीसीएस ने एक साल पहले की समान अवधि (जुलाई-सितंबर) में 12,075 करोड़ रुपए और अप्रैल-जून तिमाही में 13,349 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। आईटी सेवा कंपनी ने बृहस्पतिवार को कहा कि जुलाई-सितंबर अवधि में उसकी परिचालन आय 11.22 प्रतिशत बढ़कर 73,188 करोड़ रुपए हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 65,799 करोड़ रुपए थी। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का राजस्व 72,275 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के. कृतिवासन ने कहा कि वृद्धि व्यापक आधार वाली रही और इसके दायरे में कंपनी के सभी अंतरराष्ट्रीय बाजार तथा उद्योग क्षेत्र आए। कंपनी की मुख्य परिचालन अधिकारी आरती सुब्रमण्यम ने बताया कि कृत्रिम मेधा से भारतीय आईटी सेवा क्षेत्र के लंबे समय से जारी कारोबारी मॉडल के प्रभावित होने की आशंका के बीच, इससे होने वाला वार्षिक राजस्व जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर तीन अरब डॉलर हो गया जो अप्रैल-जून में 2.6 अरब डॉलर था। नए सौदों पर हस्ताक्षर के लिहाज से कंपनी ने जुलाई-सितंबर अवधि में कुल 9.6 अरब डॉलर के अनुबंध मूल्य की जानकारी दी, जो इससे पिछली तिमाही के 9.5 अरब डॉलर से मामूली अधिक है। टीसीएस ने पिछले तीन महीनों में शुद्ध आधार पर 4,258 कर्मचारियों को जोड़ा। इसके साथ 30 सितंबर तक कंपनी के कुल कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 5,98,056 हो गई।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर
E-mail:- eeredjaunpur@gmail.com

निविदा पत्र सं.:- 1598/ग्रा.अ.वि./निविदा/2026-27 दिनांक:- 23.09.2026

ई-निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर में निम्न कार्यों हेतु विभाग में पंजीकृत पात्र ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर ई-निविदायें (स्वीकृति की प्रत्याशा में) आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी, एक अथवा समस्त कार्यों हेतु निविदा डाल सकते हैं। निविदा पात्रता हेतु श्रेणी ए.बी.सी.डी. ठेकेदारों को आई.टी.बी. के प्रस्तर 4 में अंकित पात्रता मानक को ध्यान में रखने की सलाह दी जाती है।

क्र सं	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) जी0एस0टी0 सहित	धरोहर धनराशि (रु0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित)	कार्य पूर्ण करने की तिथि	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	जिलाधिकारी का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
डॉ बी0आर0 अम्बेडकर विकास योजना के 50 कार्य (2026-27)(स्वीकृति की प्रत्याशा में)									
01	जौनपुर	विकास खण्ड मड़ियाहूँ ग्राम पंचायत कैलावर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.19960	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
02	जौनपुर	विकास खण्ड मड़ियाहूँ ग्राम पंचायत ऊँचनीकला में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.19960	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
03	जौनपुर	विकास खण्ड रामनगर ग्राम पंचायत औंरा में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.19980	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
04	जौनपुर	विकास खण्ड रामनगर ग्राम पंचायत राजापुर न0-2 में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.19960	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
05	जौनपुर	विकास खण्ड रामपुर ग्राम पंचायत बनीडीह में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.97	0.19940	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
06	जौनपुर	विकास खण्ड रामपुर ग्राम पंचायत कोटीगॉव में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.19960	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
07	जौनपुर	विकास खण्ड रामपुर ग्राम पंचायत ठाठर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.19960	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
08	जौनपुर	विकास खण्ड रामपुर ग्राम पंचायत सैदीपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.19980	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
09	जौनपुर	विकास खण्ड खुटहन ग्राम पंचायत बनहरा में महात्मा बुद्ध, डा0 अम्बेडकर व सन्त रविदास प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.20000	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
10	जौनपुर	विकास खण्ड खुटहन ग्राम पंचायत पट्टीनरेन्द्रपुर में चन्द्रशेखर आजाद प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य।	3.72	0.07440	150+500+117=767	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
11	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत अरंद महाराज सुहेलदेव प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य।	8.58	0.17160	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
12	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज ग्राम सभा सबरहद(उत्तरी बस्ती) में महात्मा बुद्ध व संत रविदास प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य।	9.98	0.19960	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
13	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत सबरहद में महाराज सुहेलदेव प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य।	6.75	0.13500	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
14	जौनपुर	विकास खण्ड खुटहन ग्राम पंचायत पिलकिछा में निषादराज गुहाराज प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य।	9.99	0.19980	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
15	जौनपुर	विकास खण्ड खुटहन ग्राम पंचायत शेरपुर पथरा में निषादराज गुहाराज प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य।	9.93	0.19860	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
16	जौनपुर	विकास खण्ड सुईथाकला ग्राम पंचायत बुढ़ूपुर में निषादराज गुहाराज प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण कार्य।	9.43	0.18860	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
17	जौनपुर	विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत मीरापुर केवल में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	6.42	0.12840	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
18	जौनपुर	विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत लमहन में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.19980	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
19	जौनपुर	विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत ढेमा (खलारी) में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	6.66	0.13320	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
20	जौनपुर	विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत अनापुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.75	0.19500	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
21	जौनपुर	विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत बरद्दूपुर (बड़यापार) में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.86	0.19720	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
22	जौनपुर	विकास खण्ड बदलापुर ग्राम पंचायत हरखपुर (बसहराकला) में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	7.96	0.15920	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
23	जौनपुर	विकास खण्ड महराजगंज ग्राम पंचायत रामनगर उपधान में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.19980	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
24	जौनपुर	विकास खण्ड बदलापुर ग्राम पंचायत नीदुरपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.20000	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
25	जौनपुर	विकास खण्ड बदलापुर ग्राम पंचायत रामपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.20000	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
26	जौनपुर	विकास खण्ड करंजाकला ग्राम पंचायत औरही में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.20000	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
27	जौनपुर	विकास खण्ड करंजाकला ग्राम पंचायत लाडलेपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.20000	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
28	जौनपुर	विकास खण्ड करंजाकला ग्राम पंचायत देवकली में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.85	0.19700	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
29	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत युनुसपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.41	0.18820	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
30	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत अब्बोपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.20000	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
31	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत राजेपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	5.59	0.11180	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
32	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत कैशरपुर अदई में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.19980	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
33	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत शाहापुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.19960	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
34	जौनपुर	विकास खण्ड शाहगंज ग्राम पंचायत मवई में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.20000	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
35	जौनपुर	विकास खण्ड खुटहन ग्राम पंचायत महमदपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	8.49	0.16980	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
36	जौनपुर	विकास खण्ड सुजानगंज ग्राम पंचायत शान्तिपुरम/शान्तिनगर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.96	0.19920	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
37	जौनपुर	विकास खण्ड सुजानगंज ग्राम पंचायत अचकारी में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.19980	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
38	जौनपुर	विकास खण्ड सुजानगंज ग्राम पंचायत बैरगॉव में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.93	0.19860	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
39	जौनपुर	विकास खण्ड सुजानगंज ग्राम पंचायत बरहटा में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.20000	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
40	जौनपुर	विकास खण्ड मुंगराबादशाहपुर ग्राम पंचायत पवारा में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.20000	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
41	जौनपुर	विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत कादीपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.20000	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
42	जौनपुर	विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत बिथार में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.20000	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
43	जौनपुर	विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत पिलखिनी में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.19980	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
44	जौनपुर	विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत कबरूद्दीनपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.20000	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
45	जौनपुर	विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत पचेवरा में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	10.00	0.20000	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
46	जौनपुर	विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम पंचायत वार्ड न0 1 चौरसण्ड दक्षिणी में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.19960	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
47	जौनपुर	विकास खण्ड सिरकोनी ग्राम पंचायत सादीपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.97	0.19940	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
48	जौनपुर	विकास खण्ड जलालपुर ग्राम पंचायत हरीपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.19980	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
49	जौनपुर	विकास खण्ड जलालपुर ग्राम पंचायत सोयरी में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.98	0.19960	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर
50	जौनपुर	विकास खण्ड जलालपुर ग्राम पंचायत लहंगपुर में डा0 बी0आर0 अम्बेडकर मूर्ति का सौन्दर्यीकरण का कार्य।	9.99	0.19980	225+500+131=856	03 माह	विकास भवन जौनपुर	परिमण्डल कार्यालय वाराणसी	कलेक्ट्रेट जौनपुर

51. कार्य पूर्ण करने की अवधि में वर्षा ऋतु भी सम्मिलित है।
52. बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्त तथा बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स आन लाइन8देखे जा सकते हैं।
53. निविदा से सम्बन्धित समस्त अभिलेख वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर 15-10-2026 से 30-10-2026 को दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकेंगें। ई-निविदा http://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से आन लाइन अपलोड कर दी जाये एवं आनलाइन प्राप्त समस्त बिडें दिनांक 30-10-2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।
54. निविदा प्रपत्र मूल्य की डिमान्ड ड्राफ्ट अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, जौनपुर के पक्ष में देय होगी।
55. निविदा मूल्य एवं धनरोहर धनराशि Internet Banking द्वारा किया जाएगा, जिसका पता बेवसाइट पर उपलब्ध है। (in case of e-tendering)
56. अधोहस्ताक्षरी के पास बिना कारण बताये एक/किसी/समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

eeredjaunpur@gmail.com
Mob. 9801208240

उ.प्र.:- 257578
दिनांक:- 05.10.2026

(नीरज कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-जौनपुर
(महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की तरफ से)

वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. लखनऊ
राजकीय निर्माण एजेन्सी, जी-4/5बी, सेक्टर-4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ-226 010 फोन: 2390150, 2390151 पी.बी.एक्स.
Email : paccfedho@gmail.com Website : http://uprnss.org

पत्रांक :- 490/निविदा/UPRNSS-Mirjapur/2025-26 दिनांक :- 08/10/2026

ई-निविदा सूचना

यू0पी0आर0एन0एस0एस0 लि0 द्वारा निम्नलिखित जनपद में निर्माण कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित बिड डाक्यूमेन्ट, नियम/शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित सूचना विभागीय वेबसाइट www.uprnss.org पर भी देखी जा सकती है:-

S. No.	NOTICE NO.	Date of uploading Tender	District	Name of Work	Tender cost (in Lacs)
1	489/E-TENDER/ UPRNSS MZP/26-27 Dated 08.10.2026	09.10.2026	Sonbhadra	Construction work under the establishment of cryovessel at Pashu Chikitsalay Duddhi	2.40

Executive Engineer, UPRNSS, Mirzapur

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं.: 8420262027 **ई-निविदा सूचना** दिनांक: 05.10.2026

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदाएं प्रपत्र पर दिनांक **28.10.2026** को 13:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है:-

क्र.सं.	नि0 सं0	अनुमानित मूल्य (रू)	अग्रिम धन राशि मूल्य (रू)
1	179	7,82,30,509.10	15,64,600.00
कार्यों का विवरण: संयुक्त निविदा - **(अ)** डी.डी.यू.-प्रयागराजः- वरि. मण्डल इंजी./प्रथम/उ.म.रे./प्रयागराज के अधीन आरयूबी/एलएचएस संख्या **09, 14, 16, 25, 1C, 120C, 123C, 124C** में जल रिसाव से सुरक्षा हेतु सुधार का कार्य। **(ब)** चुनार-चोपनः- सहायक मण्डल इंजीनियर/उत्तर मध्य रेलवे/चुनार के अधीन आरयूबी/एलएचएस संख्या **9C, 14C, 20C, 21C, 22C, 120A** एवं **85B** में जल रिसाव से सुरक्षा हेतु सुधार कार्य तथा अन्य विविध कार्य।			
2	180	6,30,06,472.36	12,60,100.00
कार्यों का विवरण: वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/प्रथम/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज के क्षेत्र में प्री एण्ड पोस्ट बी.सी.एम. और अन्य सम्बन्धित पी.वे. का कार्य।			

कार्य समापन की अवधि: क्र.सं. 1 से 2 के लिए- 12 माह, **निविदा खुलने की तिथि: क्र.सं. 1 से 2 के लिए-** 28.10.2026, **पात्रता मापदण्ड के अन्तर्गत सिमिलर कार्य : क्र.सं. 1 के लिए-** सीमेंट/एपॉक्सी ग्राउटिंग या हाइड्रो रिएक्टिव पॉलीयुरेथेन(पीयू) राल ग्राउटिंग द्वारा या रिसाव - संरक्षण के लिये उपयोग की जाने वाली किसी उन्नत विधि द्वारा पुलों/सुरंगों/जलाशयों/किसी महत्वपूर्ण सिविल इंजीनियरिंग संरचनाओं का रिसाव संरक्षण या सुदृढ़ीकरण एवं **क्र.सं.2 के लिए-** कोई पी.वे. का कार्य।

नोट:- 1. उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर समय 13:30 बजे तक निविदा खुलने की तिथि दिनांक **28.10.2026** तक उपलब्ध हैं। निविदा खोलने की नियत तारीख को 15:00 बजे या उसके बाद खोला जाएगा। 2. उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अंतर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. सभी निविदादाता निविदा संख्या 179 से 180 जिसमें निविदा का मूल्य **रू. 50 लाख** से ज्यादा है के लिए Annexure - V & V(A) (Document Verification Certificate) की आवश्यकता है। माल एवं/अथवा सेवाओं के सप्लायर/ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी.एस.टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगे। 5. निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर भी अपलोड कर दिया गया है। 6. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 7. ऑनलाइन दिनांक **28.10.2026** को 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 8. ई-टेण्डर फार्म सभी निविदाकारों को मुफ्त जारी किए जाएंगे। **9. निविदा संख्या 179 से 180 के लिए निविदादाता को जी.सी.सी.-2022 (वर्क्स मामले भाग-1) के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में आवश्यक दस्तावेजों का निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी।** **2283/26 (PH)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
मूसा खॉड़ बॉंध प्रखण्ड, वाराणसी

अल्पकालिक ई-निविदा सूचना संख्या:-02/अधि.अभि./2026-2027

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु ऑनलाइन निविदायें वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 17.10.2026 को अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 17.10.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, मूसा खॉड़ बॉंध प्रखण्ड, वाराणसी के कार्यालय में उनके एवं निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में यह बिड/निविदा अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 12.10.2026 को दोपहर 12:00 बजे से 17.10.2026 को अपरान्ह 14.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा डालने हेतु वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगी।

लाट सं0	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा के साथ जमा की जाने वाली धनराशि 2% (लाख में)	अनुबन्ध गठन के पूर्व जमा की जाने वाली धनराशि (% में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0	पंजीकृत निविदादाता की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	निधौरा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 7.470 तक सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग का कार्य	3.50	0.07	10%	30 दिवस	(300+18%GST) +500 स्टेशनरी चार्ज	सी एवं उच्च श्रेणी
2	नगवॉं रजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 12.800 तक सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग का कार्य	6.18	0.13	10%	30 दिवस	(300+18%GST) +500 स्टेशनरी चार्ज	सी एवं उच्च श्रेणी
3	कोलपुर रजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 11.350 तक सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग का कार्य	5.08	0.11	10%	30 दिवस	(300+18%GST) +500 स्टेशनरी चार्ज	सी एवं उच्च श्रेणी
4	इनायतपुर रजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 10.400 तक सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग का कार्य	5.00	0.10	10%	30 दिवस	(300+18%GST) +500 स्टेशनरी चार्ज	सी एवं उच्च श्रेणी
5	बौरी रजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 07.400 तक सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग का कार्य	3.53	0.07	10%	30 दिवस	(300+18%GST) +500 स्टेशनरी चार्ज	सी एवं उच्च श्रेणी
6	एकौनी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 7.000 तक सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग का कार्य	1.89	0.04	10%	30 दिवस	(300+18%GST) +500 स्टेशनरी चार्ज	सी एवं उच्च श्रेणी
7	सिन्धीताली रजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.100 तक सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग का कार्य	1.95	0.04	10%	30 दिवस	(300+18%GST) +500 स्टेशनरी चार्ज	सी एवं उच्च श्रेणी
8	बैकुण्ठपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 7.000 तक सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग का कार्य	1.88	0.04	10%	30 दिवस	(300+18%GST) +500 स्टेशनरी चार्ज	सी एवं उच्च श्रेणी
9	राल्हूपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 7.600 तक सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग का कार्य	2.05	0.05	10%	30 दिवस	(300+18%GST) +500 स्टेशनरी चार्ज	सी एवं उच्च श्रेणी
10	परशुरामपुर रजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 4.800 तक सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग का कार्य	2.29	0.05	10%	30 दिवस	(300+18%GST) +500 स्टेशनरी चार्ज	सी एवं उच्च श्रेणी
11	जोगवा बुधवार रजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 15.400 तक सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग का कार्य	7.44	0.15	10%	30 दिवस	(300+18%GST) +500 स्टेशनरी चार्ज	सी एवं उच्च श्रेणी
12	धानापुर रजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 11.816 तक सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग का कार्य	5.67	0.12	10%	30 दिवस	(300+18%GST) +500 स्टेशनरी चार्ज	सी एवं उच्च श्रेणी
13	सकलडीहा रजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 17.000 तक सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग का कार्य	8.23	0.17	10%	30 दिवस	(300+18%GST) +500 स्टेशनरी चार्ज	सी एवं उच्च श्रेणी
14	दरियापुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 10.000 तक सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग का कार्य	2.69	0.06	10%	30 दिवस	(300+18%GST) +500 स्टेशनरी चार्ज	सी एवं उच्च श्रेणी
15	जमुनीपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 11.700 तक सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग का कार्य	3.16	0.07	10%	30 दिवस	(300+18%GST) +500 स्टेशनरी चार्ज	सी एवं उच्च श्रेणी
16	बढ़वल रजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 17.000 तक सिल्ट सफाई/स्क्रेपिंग का कार्य	8.23	0.17	10%	30 दिवस	(300+18%GST) +500 स्टेशनरी चार्ज	सी एवं उच्च श्रेणी

नोट :- नियम एवं शर्तों का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://etender.up.nic.in तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 की वेबसाईट http://idup.gov.in पर दिनांक 12.10.2026 से उपलब्ध रहेगा।

उ.प्र.:- 257707
दिनांक:- 07.10.2026

(सुधीर कुमार पाल)
अधिशासी अभियन्ता
मूसाखॉड़ बॉंध प्रखण्ड, वाराणसी

वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
चन्द्रप्रभा प्रखण्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर, चन्दौली

ई-निविदा सूचना संख्या:-03/EE/2026-2027

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों (तालिका संख्या- 1) हेतु सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से तालिका संख्या-2 मे निहित कार्यक्रम के अनुसार आमंत्रित की जाती है, जो अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी।

तालिका संख्या-1

लाट सं0	कार्य का विवरण	कुल अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	निविदा के साथ जमा की जाने वाली धनराशि	अनुबन्ध गठन के पूर्व जमा की जाने वाली धनराशि (% में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि Days	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	पंजीकृत श्रेणी
1	2	4	5	6	7	8	9
1	सिधना राजवाहा के किमी० 5.500 से किमी0 12.700 तक सिल्ट सफाई एवं किमी0 0.000 से किमी0 5.500 तक स्क्रैपिंग का कार्य।	6.14	2%	10%	21	225.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	C & Above
2	धीना राजवाहा के किमी० 10.700 से किमी0 23.700 तक सिल्ट सफाई एवं किमी0 0.000 से किमी0 10.700 तक स्क्रैपिंग का कार्य।	11.52	2%	10%	21	225.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	C & Above
3	निकोइया राजवाहा के किमी० 8.600 से किमी0 17.400 तक स्क्रैपिंग का कार्य।	4.15	2%	10%	21	150.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	C & Above
4	गुलगुलिया राजवाहा के किमी० 0.000 से किमी0 9.400 तक स्क्रैपिंग का कार्य।	4.45	2%	10%	21	150.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	C & Above
5	बबुरी राजवाहा के किमी० 1.500 से किमी0 15.400 तक स्क्रैपिंग का कार्य।	6.67	2%	10%	21	225.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	C & Above
6	बसन्तपुर राजवाहा के किमी० 0.000 से किमी0 10.800 तक स्क्रैपिंग का कार्य।	5.17	2%	10%	21	225.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	C & Above
7	शाहपुर राजवाहा के किमी० 0.000 से किमी0 8.000 तक स्क्रैपिंग का कार्य।	3.80	2%	10%	21	150.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	C & Above
8	गौरी राजवाहा के किमी० 0.000 से किमी0 9.400 तक स्क्रैपिंग का कार्य।	4.77	2%	10%	21	150.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	C & Above
9	लेहरा राजवाहा के किमी० 0.000 से किमी0 12.000 तक स्क्रैपिंग का कार्य।	5.87	2%	10%	21	225.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	C & Above
10	कूड़ा राजवाहा के किमी० 28.950 से किमी0 48.350 तक स्क्रैपिंग का कार्य।	8.95	2%	10%	21	225.00+18% GST+ 500 Stationary Charge	C & Above

तालिका संख्या 2 महत्वपूर्ण तिथियाँ

S.No.	Particulars	Date	Time
1	Tender Download From Website(https://etender.up.nic.in)	13.10.2026	10:00 AM
2	Bid Submission Start	13.10.2026	10:00 AM
3	Bid Submission End	19.10.2026	11:00 AM
4	Technical Bid opening	21.10.2026	01:00 PM
5	Bid opening place	Office of Executive Engineer Chandrprabha Division PDDU Nagar Chandauli	

1. यह निविदा/बिड सूचना एवं विस्तृत शर्तें उ0प्र0सरकार की https://etender.up.nic.in पर तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0 की वेबसाईट http://idup.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी।
2. निविदा प्रक्रिया ऑन-लाइन प्रारम्भ होने के पश्चात् किसी भी लॉट के सम्बंध में समस्त अग्रिम कार्यवाही केवल ऑन-लाइन ही होगी। प्रत्येक निविदादाता की यह जिम्मेदारी होगी कि वह निविदा प्रक्रिया शुरू होने के पश्चात् ऑन-लाइन निविदा के सम्बंध में होने वाले किसी भी संशोधन/शुद्धि-पत्र की जानकारी वेबसाइट https://etender.up.nic.in से प्राप्त करता रहे, अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी।

उ.प्र.:- 257708
दिनांक:- 07.10.2026

(हरेन्द्र कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

वेबसाईट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

अर्थ-व्यापार समाचार...

प्रकृति की देन भरोसे का नाम हिमालयन रॉक सॉल्ट

सेंधा नमक यानी रॉक सॉल्ट लंबे समय से भारतीय परंपरा का हिस्सा रहा है और आयुर्वेद में इसके प्राकृतिक गुणों के कारण इसे विशेष स्थान दिया गया है। हाल के दिनों में, जैसे-जैसे लोग अपने खान-पान को लेकर जागरूक हो रहे हैं, रोजमर्रा के खाने में सेंधा नमक का इस्तेमाल काफी बढ़ गया है। यह प्राकृतिक और कम प्रोसेस की गई चीजों के प्रति लोगों के बढ़ते झुकाव को दर्शाता है, जो एक संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली के अनुकूल हैं। आज बाजार में ढेरों विकल्प मौजूद हैं, ऐसे में किसी भरोसेमंद ब्रांड का चुनाव करना बहुत जरूरी हो जाता है। टाटा सॉल्ट हिमालयन रॉक सॉल्ट, भारत का नंबर 1 सेंधा नमक है जो लोगों की इस पसंद को टाटा ब्रांड के विश्वास और गुणवत्ता के भरोसे के साथ जोड़ता है। इसमें पोटैशियम, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे प्राकृतिक मिनरल्स की थोड़ी मात्रा होती है, जो इसे इसकी खास पहचान देते हैं। सेंधा नमक में मौजूद मिनरल्स के कारण इसका रंग प्राकृतिक रूप से अलग-अलग होता है। जब इसे पानी में घोला जाता है और फिल्टर से छाना जाता है, तो नमक घुलकर एक साफ घोल बना लेता है, जबकि न घुलने वाले रंगीन कण यानी प्राकृतिक मिनरल्स फिल्टर पर ही रह जाते हैं। टाटा सॉल्ट हिमालयन रॉक सॉल्ट की हालिया लैब जांच से यह पुष्टि हुई है कि यह गुणवत्ता और सुरक्षा के सभी मानकों पर पूरी तरह खरा उतरता है।

सरसों संकल्प से पुनर्योजी सरसों खेती को मिलेगा बढ़ावा

सॉल्वेंटएक्स्स ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए), एडब्ल्यू एलएग्रीबिजनेस लिमिटेड, सॉलिडेरिडाड नेटवर्क एशिया लिमिटेड और भारतखंड फाउंडेशन ने मिलकर 'सरसों संकल्प' की शुरुआत की है। यह पांच साल का किसान-केंद्रित कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य राजस्थान के बूंदी, टोंक और झालावाड़ जिलों में पुनर्योजी सरसों खेती को बढ़ावा देना है। एसईएके कार्यकारी निदेशक डॉ. बी. वी. मेहता ने कहा, यह कार्यक्रम किसान संपर्क, मॉडल फार्म, पुनर्योजी खेती की तकनीकों, मैदानी सलाह और प्रदर्शन के आकलन को एक ही कार्यान्वयन ढांचे में लाता है। इसकी वास्तविक ताकत मैदानी स्तर पर काम की गुणवत्ता और ऐसे प्रमाण तैयार करने में होगी, जिनके आधार पर सरसों क्षेत्र में इन तकनीकों को बड़े स्तर पर अपनाया जा सके। सॉलिडेरिडाड नेटवर्क एशिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. शतद्रुचट्टोपाध्याय ने कहा, जब किसानों को व्यावहारिक सहयोग, स्थानीय जरूरतों के अनुरूप ज्ञान और लगातार मार्गदर्शन मिलता है, तभी पुनर्योजी कृषि लंबे समय तक मूल्य पैदा करती है। यह साझेदारी बेहतर कृषि तकनीकों को मिट्टी की सेहत, संसाधन दक्षता, जलवायु अनुकूलन क्षमता और किसान कल्याण के क्षेत्र में मापने योग्य परिणामों में बदलने के लिए तैयार की गई है।

अमेज़न का ग्रेट इंडियन फेस्टिवल शुरू

अमेज़न ने आज घोषणा की कि अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2026 सभी ग्राहकों के लिए शुरू हो रहा है, जो लाखों उत्पादों पर साल की सबसे कम कीमतें, प्राइम मेंबर्स के लिए अतिरिक्त बचत और कंपनी की अब तक की सबसे तेज़ फेस्टिव डिलीवरी लेकर आया है। ग्राहक स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, होम, किचन और रोजमर्रा के जरूरी सामानों की खरीदारी टॉप ब्रांड्स और लाखों विक्रेताओं से कर सकते हैं। इन शानदार डील्स को बैंक ऑफर्स, नो-कॉस्ट ईएमआई, अमेज़न पे लेटर और एक्सचेंज ऑफर्स के जरिए और भी किफायती बनाया गया है और यह सब अमेज़न की अब तक की सबसे तेज़ स्पीड पर डिलीवर किया जाएगा। 8 अक्टूबर को एक सरप्राइज डिलाइटर के तहत, बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली और हैदराबाद के चुनिंदा ग्राहक अमेज़न नाउ पर मिनटों में डिलीवर होने वाले आईफोन 16 को साल की सबसे कम कीमत पर पा सकते हैं। अमेज़न इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, यह हमारे द्वारा ग्राहकों के लिए लाया गया अब तक का सबसे बड़ा, सबसे तेज़ और सबसे फायदेमंद अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल है।

एचडीएफसी बैंक 'मेगा ऑटो लोन मेला'

लखनऊ- भारत का लीडिंग प्राइवेट सेक्टर बैंक, एचडीएफसी बैंक, 8 व 9 अक्टूबर, 2026 को उत्तर प्रदेश (यूपी) और उत्तराखंड (यूके) में एक मेगा 'ऑटो लोन मेला' लगाने जा रहा है। इसमें इलाके की 250 से ज़्यादा ब्रांच दो दिन की ड्राइव में हिस्सा लेंगी, जिसका फोकस बैंक के फ्लैगशिप %एक्सप्रेस कार लोन% को प्रमोट करना होगा।त्योहारों के जोश को सेलिब्रेट करते हुए, 'मेगा ऑटो लोन मेला' में हिस्सा लेने वाली ब्रांच में लीडिंग ब्रांड्स के फोर-व्हीलर्स दिखाए जाएंगे। इन ब्रांच में आने वाले कस्टमर कई कार मॉडल देख सकते हैं, टेस्ट ड्राइव ले सकते हैं और एलिजिबल कस्टमर एक्सप्रेस कार लोन के ज़रिए मौके पर ही डिजिटल लोन सैंक्शन पा सकते हैं। इस पहल का मकसद एक ऐसा यूनिफाइड प्लेटफॉर्म बनाना है जो कार खरीदने वालों को एक ही छत के नीचे बड़े ऑटो डीलरों से सीधे जोड़े। एचडीएफसी बैंक की ब्रांच बैंकिंग हेड (उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड) मुस्कान सिंह ने कहा हमें उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अपना मेगा ऑटो लोन मेला शुरू करते हुए बहुत खुशी हो रही है, जो हमारे कस्टमर्स को बेमिसाल सुविधा,आकर्षक डील्स और जल्दी फाइनेंसिंग ऑप्शन देता है।

वी बिज़नेस ने हिंडाल्को इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के साथ की सामरिक साझेदारी की घोषणा

जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी की एंटरप्राइज़ शाखा, वी बिज़नेस ने आज एल्युमीनियम और कॉपर के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर हिंडाल्को इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के साथ सामरिक साझेदारी की घोषणा की है। इसके तहत ओडिशा के रायगढ़ा ज़िले में हिंडाल्को की बाफलीमाली बॉक्साइट खान में एक निर्धारित प्राइवेट नेटवर्क तैनात किया जाएगा। बाफलीमाली, हिंडाल्को के महत्वपूर्ण बॉक्साइट खनन संचालनों में से एक है और कंपनी की इंटीग्रेटेड एल्युमीनियम वैल्यू चेन के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बॉक्साइट का मुख्य स्रोत है। यह तैनाती हिंडाल्को के लिए पहला प्राइवेट नेटवर्क इम्प्लीमेंटेशन है। तथा डिजिटल रूपान्तरण एवं इंडस्ट्री 4.0 की यात्रा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो कनेक्टेड, इंटेलिजेंट एवं भविष्य के लिए तैयार खानें बनाने के हिंडाल्को के विज़न के अनुरूप है। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, वी बिज़नेस के चीफ एंटरप्राइज़ बिज़नेस ऑफिसर, एम पी सुनील कुमार ने कहा हिंडाल्को के साथ यह साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। यह तैनाती इंडस्ट्री के मुश्किल माहौल के लिए कस्टमाइज़्ड प्राइवेट नेटवर्क बनाने की हमारी क्षमता को दर्शाती है। सुरक्षित, हाई-परफॉर्मेंस कनेक्टिविटी और स्केलेबल आर्किटेक्चर के संयोजन द्वारा हम इंटेलिजेंट खनन की अगली पीढ़ी को सक्षम बना रहे हैं और साथ ही हिंडाल्को के डिजिटल रूपान्तरण के दृष्टिकोण को भी समर्थन व्रदान कर रहे हैं।

मोटोरोला की बिग बिलियन मोटो डील्स अब फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज़ पर लाइव

नई दिल्ली । मोबाइल टेक्नोलॉजी में दुनिया भर में मशहूर और भारत का प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला, अपने नए स्मार्टफोन पोर्टफोलियो पर फ्लिपकार्ट की बिग बिलियन डेज़ सेल 2026 के दौरान इट्स द टाइम टु मोटो अभियान के तहत बिग बिलियन मोटो डील्स के साथ शानदार फेस्टिव ऑफर्स ला रहा है। शानदार फीचर्स वाले मोटोरोला एज70, फ्यजन, असली फ्लैगशिप किलर मोटोरोला एज 70 प्रो, एआई पॉवरहाउस मोटोरोला एज 70 प्रो प्लस से लेकर दमदार बैटरी वाले मोटो जी37 पावर और मोटोरोला के प्रीमियम फ्लैगशिप मोटोरोला सिग्नेचर तक, ब्रांड त्योहारों के इस मौके पर नया फोन खरीदना पहले से कहीं अधिक आसान बना रहा है। यह सेल अब फ्लिपकार्ट पर लाइव है, जहाँ ग्राहक बिग बिलियन डेज़ सेल के दौरान मोटोरोला के लेटेस्ट स्मार्टफोन पोर्टफोलियो पर खास डिस्काउंट और ऑफर्स का फायदा उठा सकते हैं। बिग बिलियन डेज सेल के दौरान मोटोरोला एज 70 फ्यूजन 8जीबी प्लस .128जीबी 29,749' रुपये में और 8जीबी प्लस 256जीबी 31,749' रुपये में, 12जीबी प्लस 256जीबी 32,999' रुपये में और 12जीबी प्लस 512जीबी 34,999' रुपये में उपलब्ध कराया गया है। जबकि मोटोरोला ,ज 70 फ्यूजन प्रो में 8जीबी प्लस 256जीबी 36,999' रुपये और 12जीबी प्लस 256जीबी 39,999' रुपये में दिया जा रहा है। इसके अलावा ग्राहक मोटोरोजा एज 70 प्रो प्लस् (12जीबी. 256जीबी) को सिर्फ 44,999' रुपये में खरीद सकते हैं। सेल के दौरान मोटो जी37 पॉवर 4जीबी प्लस 64जीबी 15,999' रुपये, 4जीबी 128जीबी 18,999' रुपये में और 8जीबी प्लस 128जीबी 22,999 रुपये में एवं मोटोरोला सिग्नेचर 12जीबी प्लस 256जीबी 57,249 रुपये में, 16जीबी प्लस 512जीबी 62,249 रुपये में और 16जीबी प्लस 1टीबी 67,249 रुपये में उपलब्ध कराया गया है।

नाले में डूबने से मजदूर की मौत, हत्या की आशंका

महराजगंज, आजमगढ़। महराजगंज थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव में बुधवार शाम करीब 7 बजे नाले में डूबने से



एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी 45 वर्षीय सुभाष निषाद के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर सुभाष को नाले में डुबोकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। आरोप के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि सुभाष निषाद मेंहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में तीन बेटे और दो बेटियां हैं, जिनमें दो बच्चों की शादी हो चुकी है। सुभाष की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति

पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

ने सुभाष को नाले में डुबोकर मार दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अब परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों समेत घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच में जुट गई है। महराजगंज थानाध्यक्ष जयप्रकाश ने बताया कि परिजनों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। दूसरी ओर सुबास की पत्नी बिन्दु देवी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में 7 अक्टूबर की रात बिन्दु देवी पत्नी सुबाष निषाद निवासी ग्राम सारंगपुर ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया कि उनके पति सुबाष निषाद की भुलेन्द्र गौड़ पुत्र फूलचन्द निवासी ग्राम सारंगपुर एवं एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाले में गिराकर हत्या कर दी गई। हालांकि पत्नी ने कारण का उल्लेख नहीं किया। थानाध्यक्ष जयप्रकाश की टीम ने तलाश के दौरान वांछित भुलेन्द्र गौड़ को गुरुवार की सुबह लगभग दस बजे भैरवदासपुर पुलिया के पास से गिरफ्तारकर लिया।

पुलिस दबिश के दौरान नदी में कूदा हमलावर

कठवामोड़, गाजीपुर। नोनहरा थाना क्षेत्र के चक कमरौरा गांव में जमीन की पैमाइश के दौरान उपनिरीक्षक समेत पांच लोगों पर हमला करने के मामले में गुरुवार को पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी। पुलिस टीम के गांव पहुंचने की जानकारी होते ही कुछ हमलावर चार पहिया वाहन से फरार हो गए। इसी दौरान पुलिस टीम पर हमला करने का आरोपित रामबाबू उर्फ विक्की पुत्र चंद्रमा राम गांव से करीब तीन किलोमीटर दूर मंगई नदी में कूद गया और नदी पार कर भागने का प्रयास करने लगा। इसके बाद वह नदी में लापता हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर नदी में उसकी तलाश कराई, लेकिन काफी प्रयास के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका।

अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

दिलदारनगर (गाजीपुर)। मिर्चा गांव में गुरुवार को 55 वर्षीय किसान शिवशंकर तिवारी ने अपने बंद मकान में कुंडी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। वाराणसी स्थित मायके से लौटी पत्नी रानी शाह की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। शव से दुर्गंध उठ रही थी, जिससे घटना दो-तीन दिन पुरानी प्रतीत हो रही है। शिवशंकर तिवारी की तीसरी पत्नी रानी शाह ने बताया कि बीते 5 अक्टूबर को शिवशंकर उन्हें वाराणसी स्थित मायके छोड़कर घर लौट आए थे। 7 अक्टूबर को जब उन्होंने पति को फोन किया तो कोई जवाब नहीं मिला। गुरुवार सुबह जब वह वाराणसी से मिर्चा गांव पहुंचीं, तो मुख्य दरवाजा अंदर से बंद था। पड़ोस के एक युवक ने बाउंड्रीवॉल कूदकर अंदर से दरवाजा खोला। अंदर जाने पर कमरे में शिवशंकर का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला और पूरे घर में दुर्गंध फैली हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।रानी शाह ने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व उन्होंने शिवशंकर से कोर्ट मैरिज की थी। शिवशंकर की पहली पत्नी की मृत्यु हो चुकी है, जिनसे दो बेटियां हैं और दोनों की शादी हो चुकी है। वहीं, दूसरी पत्नी उन्हें छोड़कर चली गई थी। रानी के मुताबिक, पति का किसी से कोई वाद-विवाद नहीं था और उन्होंने यह कदम क्यों उठाया, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। थानाध्यक्ष संतोष राय ने बताया कि शव को कब्जे में लिया गया जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।



युवक का शव मिलने से सनसनी

बलरामपुर, आजमगढ़। तरवां थाना क्षेत्र के फद्दोपुर बाजार के पास बुधवार की शाम सड़क किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक घर से बाजार जाने के लिए निकला था। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे कंचनपुर बाजार स्थित निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तरवां थाना क्षेत्र के एरा कला गांव निवासी 22 वर्षीय अंकित यादव बुधवार की शाम घर से कंचनपुर बाजार गया था। इसके बाद वह बाइक से फद्दोपुर बाजार की ओर जा रहा था। बाजार पहुंचने से पहले ही वह सड़क किनारे पड़ा मिला। पास में उसकी बाइक भी खड़ी थी। राहगीरों ने युवक को सड़क किनारे पड़ा देखा तो परिजनों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और अंकित को लेकर कंचनपुर बाजार स्थित निजी अस्पताल पहुंचे। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हाईवा का टायर फटने से कई लोग घायल

बीजपुर(सोनभद्र)। जरहां ग्राम पंचायत के पोथीपाथर टोले में गुरुवार की सुबह राखड़ लदे एक हाईवा का पिछला टायर फ्टने से हादसा हो गया। तेज धमाके के साथ सड़क किनारे बिखरी गिट्टियों की चपेट में आने से कई ग्रामीण और बच्चे घायल हो गए। घायलों में श्याम सुंदर 55 वर्ष पुत्र शुभराज, आनंद 11 वर्ष पुत्र श्याम सहित अन्य कई राहगीर शामिल थे। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने रेणुकूट-बीजपुर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया।करीब दिनभर चले हंगामे और प्रशासनिक तथा एनटीपीसी प्रबंधन के आश्वासन के बाद शाम चार बजे जाम समाप्त हुआ।

फेसबुक पर विदेश में नौकरी का झांसा देकर ठगी, तीन गिरफ्तार

गाजीपुर। विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों से ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 3.54 लाख रुपये नकद, 23 सिम कार्ड, 13 एटीएम कार्ड, 10 मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर और दो चार पहिया वाहन बरामद किए गए हैं। साइबर क्राइम थाना में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात लोगों ने वाहन खराब होने समेत अन्य बहाने बनाकर उसके सीएससी खाते में साइबर अपराध से अर्जित धनराशि मंगवाई। अगस्त से सितंबर के बीच करीब 15 लाख रुपये की रकम खाते से निकाली गई। इसके बाद शिकायतकर्ता के सीएससी सहित अन्य बैंक खाते फ्रीज और लियन होने लगे। जांच के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर कथित फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा किया।पुलिस के अनुसार गिरोह का मुख्य आरोपित सोहन राम मुंबई और दिल्ली में रहकर दूसरे लोगों के नाम पर सिम कार्ड और म्यूल बैंक खाते हासिल करता था। इसके लिए रिक्शा चालकों, सड़क किनारे सिम बेचने वालों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को रुपये का लालच दिया जाता था। खरीदे गए सिम कुरियर के माध्यम से गाजीपुर में रह रहे उसके बेटे सूर्य प्रकाश अरोरा तक पहुंचाए जाते थे।

कुपोषण मुक्त मऊ के निर्माण का लें संकल्प-ए.के.शर्मा

मऊ। 9वें राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत 09 सितंबर से 08 अक्टूबर 2026 तक आयोजित विभिन्न पोषण गतिविधियों की श्रृंखला के क्रम में जनपदस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन माननीय मंत्री ए.के. शर्मा, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में नगर पालिका कम्युनिटी हाल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किए गए। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही कोविड-19 के दौरान माता अथवा पिता की मृत्यु होने की दशा में प्रभावित बच्चों को शिक्षा में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मंत्री द्वारा लैपटाप का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि सरकार का



स्पष्ट लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा कुपोषित न रहे तथा प्रत्येक गर्भवती एवं धात्री महिला को उचित पोषण एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों। स्वस्थ बच्चा ही आगे चलकर स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण करता है। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के माध्यम से 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण, स्वास्थ्य एवं विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा भी प्रदान की जा रही है।उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास केवल कुपोषण को कम करना ही नहीं, बल्कि बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को मजबूत करना तथा परिवारों को स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी है। मंत्री ने कहा कि मऊ जनपद को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए सरकार के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, स्वास्थ्य विभाग, ग्राम पंचायतों और परिवारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से अपील की कि बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान दें, आंगनबाड़ी केंद्रों से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ उठाएं तथा आस-पास के परिवारों को भी पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि 'आइए, हम सब मिलकर कुपोषण मुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त मऊ के निर्माण का संकल्प लें।

मकान में छिपाकर रखे थे छह लाख के पटाखे, एक गिरफ्तार

बेल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना पुलिस ने अवैध रूप से पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चौकिया मोड़ स्थित एक मकान से करीब छह लाख रुपये कीमत के पटाखे बरामद किए हैं। पटाखों को मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में छिपाकर रखा गया था। पुलिस ने मौके से मकान मालिक मुकुल मद्धेशिया को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका भाई दुर्गेश मद्धेशिया पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि चौकिया मोड़ के पास एक मकान में बड़ी मात्रा में पटाखों का अवैध भंडारण किया गया है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस, सर्विलांस और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। तहसीलदार बेल्थरारोड राजीव कुमार की मौजूदगी में मकान की तलाशी ली गई। दूसरी मंजिल के कमरे में बड़ी संख्या में कार्टन रखे मिले। जांच करने पर उनमें विभिन्न प्रकार के पटाखे भरे पाए गए। पुलिस ने करीब 120 कार्टन पटाखों को कब्जे में लेकर सुरक्षित तरीके से मकान से बाहर निकलवाया और थाने परिसर में पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक इनकी अनुमानित कीमत करीब छह लाख रुपये है। पूछताछ में मुकुल मद्धेशिया ने पुलिस को बताया कि वह और उसका भाई बाहर से पटाखे मंगवाकर त्योहारों के दौरान उनकी बिक्री करते थे।

आकाशीय बिजली से अधेड़ की मौत, दो महिलाएं गंभीर

बांसडीह (बलिया)। ब्लॉक क्षेत्र के सरयू नदी पार सहतवार थाना क्षेत्र के चक विलियम गांव में बुधवार देर शाम तेज आंधी-पानी के बीच आकाशीय बिजली गिरने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों का उपचार बिहार के रघुनाथपुर स्थित सीएचसी में चल रहा है। मृतक के शव को नाव के जरिए नदी पार लाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जानकारी के अनुसार चक विलियम निवासी ललन यादव (50) पुत्र रामदेव यादव, मीरा देवी (48) पत्नी शिवकुमार यादव और कुंती देवी (45) पत्नी धनंजय यादव बुधवार शाम करीब छह बजे अपनी रिहायशी झोपड़ी में बैठे थे। इसी दौरान तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई। अचानक तेज चमक और गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली झोपड़ी के पास गिर गई। इसकी चपेट में आने से ललन यादव की मौके पर ही मौत हो गई।

बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

बेल्थरारोड (बलिया)। उभांव थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव निवासी 22 वर्षीय महफुज पुत्र मोहम्मद नसीर की बुधवार की देर शाम सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा मऊ जनपद के रामपुर थाना क्षेत्र स्थित कमल सागर मोड़ के पास देर रात करीब आठ बजे हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि महफुज अपने मामा के लड़के के जन्मदिन समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था। इसी दौरान कमल सागर मोड़ के पास मधुबन की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।

वाराणसी समाचार

भगवान श्रीकृष्ण लीला प्रसंग सुनकर भक्त हुए निहाल, भक्तिमय हुआ माहौल

रामेश्वर । पंचक्रोशी के तीसरे तीर्थ पड़ाव स्थल रामेश्वर में स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में चल रहे श्रीकृष्ण कथा के दौरान गुरुवार को महंत स्वामी राधारमण दास जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर प्रकाश डाला। महाराज जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला में मानव कल्याण का संदेश छिपा है। चाहे वह माखन चोरी लीला हो, कालिया नाग



दमन हो या गोवर्धन पर्वत धारण करना। उन्होंने भक्तों को समझाया कि भगवान अपने भक्तों की रक्षा के लिए हर युग में अवतार लेते हैं। प्रसंग के दौरान जब महाराज जी ने श्रीकृष्ण-राधा के प्रेम प्रसंग और महारास लीला का वर्णन किया तो पूरा पंडाल राधे-राधे के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु भावविभोर होकर नाचने लगे। इस अवसर पर राजबली त्रिपाठी,रामजी तिवारी, भुल्लन यादव,नरेंद्र सिंह,रामगोपाल चौरसिया,देवेंद्र पाण्डेय,लालजी माली,ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव,राकेश त्रिपाठी, गुलाब यादव भगत जी, संजय त्रिपाठी, अक्षय यादव, श्याम कुमार यादव,नकछेद यादव,तूफानी विश्वकर्मा,सुभाष विश्वकर्मा,बुद्धू पाल,लालमन पाल, सहित सैकड़ों पुरुष श्रद्धालु मौजूद होकर कथा का रसपान किया।

बनारस में दिखेगा नन्हें क्रिकेटरों का दम

बनारस में क्रिकेट के प्रति जुनून को कम उम्र में सही मंच देने की पहल के तहत बिडवार एवं केवी टेकमीडिया की ओर से बिडवार प्रीमियर लीग-किड्स बॉक्स क्रिकेट एडिशन सीजन-1 का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय प्रतियोगिता 10 और 11 अक्तूबर को सिगरा स्थित पिच एंड पैडल में होगी। आयोजन को हेरिटेज हॉस्पिटल्स तथा वीएनएस लाइव स्टूडियो का सहयोग प्राप्त है।तुषार सारस्वत और सिद्धार्थ सिंह बिसेन ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा 4 से 9 तक के बच्चे दो आयु वर्गों में हिस्सा लेंगे। पहले वर्ग में कक्षा 4 से 6 (8 से 11) वर्ष तथा दूसरे वर्ग में कक्षा 7 से 9 (12 से 14) वर्ष के बच्चे शामिल होंगे। प्रत्येक टीम में आठ खिलाड़ी होंगे, जबकि मुकाबले में सात खिलाड़ी मैदान पर उतरेंगे। टीमों के साथ एक मेंटर भी होंगे, जो खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। प्रत्येक टीम को कम से कम तीन लीग मैच खेलने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता का संचालन बिडवार प्रीमियर लीग कमेटी के निर्धारित नियमों के अनुसार किया जाएगा।प्रतियोगिता में वाराणसी के विभिन्न स्कूलों, क्रिकेट अकादमियों और क्लबों की टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें सनबीम सनसिटी, यूनिक एकेडमी, केयर एंड करियर, दिल्ली पब्लिक स्कूल, लोटस फीट इन, इशिता स्कूल, सनबीम अन्नपूर्णा और सनबीम एकेडमी शामिल हैं।

गंगा घाट से रमना तक चला स्वच्छता अभियान



जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देशन में गुरुवार को सामने घाट स्थित जजेज गेस्ट हाउस के सामने से रमना तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर निगम और भगवानपुर-रमना के लोगों ने अभियान में सहभागिता की। इस दौरान जनजागरूकता रैली भी निकाली गई। नाविकों और पुजारियों से पूजा सामग्री, फूल-माला व प्लास्टिक गंगा में न डालकर डस्टबिन में डालने की अपील की गई। अभियान के दौरान लोगों को स्वच्छता, पर्यावरण व जल संरक्षण के साथ नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। पौधारोपण कर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी लोगों को सौंपी गई। कार्यक्रम के अंत में सीआरपीएफ 95 बटालियन के पीआरओ प्रवीण सिंह के साथ रितेश राय ने सभी का आभार जताया।

विश्वपटल पर अटल है संस्कृत भाषा-प्रो. श्रीकिशोर मिश्र

डीएवी पीजी कॉलेज के संस्कृत विभाग द्वारा गुरुवार को छात्राभिवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कला संकायाध्यक्ष एवं महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान के पूर्व सचिव प्रो. श्रीकिशोर मिश्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वपटल पर संस्कृत भाषा अटल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे का. प्राचार्य प्रो. मिश्रीलाल ने संस्कृत को मानव-मात्र में सदाचार एवं नैतिक ज्ञान के लिए आदर्श बताया। कार्यक्रम में पिछले 10 दिनों से चल रही संस्कृत सम्भाषण कार्यशाला का विधिवत समापन हुआ और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। कॉलेज के प्रबंधक अजीत कुमार सिंह यादव ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की शुरुआत मंचस्थ विद्वतजनों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती सपर्या से हुई। स्वागत प्रो. पूनम सिंह, संयोजक डॉ. दीपक शर्मा ने संचालन, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रंगनाथ ने दिया। कार्यक्रम में डॉ. आशीष मणि त्रिपाठी, डॉ. त्रिपुर सुंदरी, डॉ. अमित कुमार, डॉ. सतीश सिंह, डॉ. मधु सिसौदिया, डॉ. प्रशांत कश्यप, डॉ. विनोद चौधरी, डॉ. हसन बानो, डॉ. प्रियंका सिंह और डॉ. प्रतिभा गुप्ता सहित अनेक शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

सीआरपीएफ के जवानों और ग्रीन आर्मी की महिलाओं ने किया पौधरोपण



सीआरपीएफ 95 बटालियन और होप वेलफेयर ट्रस्ट की ग्रीन आर्मी के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को देवरा काशीपुरा में खेल प्रतियोगिता और पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। द्वितीय कमान अधिकारी आलोक कुमार के नेतृत्व में महिलाओं ने रस्साकशी, क्रिकेट और म्यूजिकल चेयर में उत्साह से भाग लिया। इसके बाद नीम, पीपल, आंवला समेत छायादार पौधे लगाए गए। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, जल बचाने और पौधों की देखभाल का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में ग्रीन आर्मी की लीडर निर्मला देवी, संस्थापक रवि कुमार, उपसंस्थापक संदीप गुप्ता, वैशाली सिंह सहित सीआरपीएफ के अधिकारी, जवान और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज: 3**,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ: 1**,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. **3** परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 89967813102244
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

10वीं की छात्राने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

हापुड़ (एजेंसी)। यूपी के हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव स्थित एक स्कूल में पढ़ने वाले कुछ छात्रों ने कक्षा दसवीं की छात्रा से छेड़छाड़ कर दी। इससे क्षुब्ध छात्रा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर छात्रा को गाजियाबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मंगलवार की रात उपचार के दौरान छात्रा की मौत हो गयी। अब पुलिस ने पिता की तहरीर पर अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव निवासी एक व्यक्ति ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनकी पुत्री गांव स्थित एक स्कूल में कक्षा दसवीं की छात्रा थी। पिछले कई दिनों से उसकी कक्षा के की कुछ लड़के उनकी पुत्री को परेशान कर रहे थे। इतना ही नहीं आरोपी उनकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ भी कर रहे थे। मंगलवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे उनके गांव के ही एक युवक ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी उनके पुत्र को दी। घर पर पता चलने के बाद उनकी पुत्री काफी परेशान हो गई।

एपके जरिये ऑनलाइन कनेक्ट होगी प्रदेशकी हर महिला

लखनऊ (आससे.)। प्रदेश की महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में योगी सरकार तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था तैयार कर रही है। इसके तहत महिला सुरक्षा के लिए एक विशेष मॉनिटरिंग सेल तैयार किया जा रहा है, जिसमें एप के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं के लिए शिकायत दर्ज कराने और उस पर एक्शन लेने की प्रक्रिया को और सुगम बनाने की तैयारी है। प्रस्तावित व्यवस्था में क्यूआर कोड स्कैन करते ही महिला अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगी। वहीं एप के माध्यम से महिलाओं को ऑनलाइन सुरक्षा तंत्र से जोड़ने की व्यवस्था भी की जाएगी इस पहल की खास बात यह होगी कि महिला सुरक्षा से जुड़ी शिकायतों और उनसे संबंधित कार्रवाई की निगरानी के लिए व्यवस्था को प्रदेश स्तर पर जोड़ा जाएगा। लखनऊ स्थित कमांड सेंटर से सभी 75 जिलों पर नजर रखने की योजना है। कमांड सेंटर में तैनात विशेष सेल महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों की मॉनिटरिंग के साथ ही जरूरत के अनुसार विभिन्न विभागों और संबंधित तंत्र के बीच समन्वय की भूमिका निभाएगा। इससे शिकायतों को संबंधित स्तर तक पहुंचाने और उनके निस्तारण की

क्यूआर स्कैन करते ही कर सकेंगी शिकायत

निगरानी को अधिक व्यवस्थित बनाने का प्रयास होगा। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबिता सिंह चौहान ने अपने कार्यकाल के विस्तार के उपरांत गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से महिला आयोग के आगामी कार्यों, दायित्वों और प्राथमिकताओं के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान प्रदेश की महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। डॉ. बबिता सिंह चौहान ने आयोग द्वारा महिलाओं के हित में किए जा रहे कार्यों और आगामी कार्ययोजना की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी। प्रस्तावित व्यवस्था में महिलाओं को शिकायत के लिए अलग-अलग माध्यमों की तलाश करने की जरूरत कम होगी। क्यूआर कोड स्कैन करने के बाद महिला शिकायत दर्ज कर सकेगी। इसके साथ ही एप के जरिए ऑनलाइन कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की तैयारी है। यानी तकनीक को महिला सुरक्षा के तंत्र से सीधे जोड़कर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया को अधिक सुलभ बनाने पर जोर है। महिला सुरक्षा से जुड़ी किसी समस्या की जानकारी मिलने पर संबंधित तंत्र तक उसकी पहुंच आसान हो, यही इस व्यवस्था का प्रमुख उद्देश्य है। इसके लिए लखनऊ में स्थापित किए जाने वाले कमांड सेंटर से जिलों की मॉनिटरिंग की जाएगी। यहां बनने वाला स्पेशल सेल जरूरत के अनुसार विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करेगा।

सीजेपीके प्रदर्शनको लेकर पुलिस अलर्ट

नयी दिल्ली (आससे)। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और मतदाता सूची में एसआईआर की प्रक्रिया के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का ऐलान किया है। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शन की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इसके बावजूद सीजेपी के प्रदर्शन की घोषणा को देखते हुए राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। दिल्ली पुलिस की डीसीपी सृष्टि पांडे ने कहा कि प्रदर्शन के मद्देनजर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और सुरक्षा के सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। उन्होंने लोगों से गैरकानूनी प्रदर्शन में शामिल न होने की अपील की है। डीसीपी ने कहा कि धारा 163 लागू होने के कारण किसी भी तरह का जमावड़ा गैरकानूनी माना जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

शेष

ज्ञानेशके...

भारी सुरक्षा बल तैनात किया। केंद्रीय दिल्ली में पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों की तैनाती बढ़ाई गई। मालूम हो कि विपक्ष ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात का समय भी मांगा है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के मुताबिक, विपक्षी नेताओं ने 2 अक्टूबर को पहली चिट्ठी भेजी थी और 5 अक्टूबर को नेताओं के नामों के साथ दोबारा अनुरोध किया। बता दें कि इससे पहले 6 और 7 अक्टूबर को भी दिल्ली में विपक्षी सांसदों और पुलिस के बीच टकराव की स्थिति बनी थी। 6 अक्टूबर को सांसदों ने चुनाव आयोग की ओर मार्च किया था, जबकि 7 अक्टूबर को जंतर-मंतर जाने की कोशिश के दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कई नेताओं को हिरासत में लिया गया था।

आपराधिक...

मार्च से पहले राहुल गांधी ने कहा कि करीब 300 सांसद शांतिपूर्ण धरना देना चाहते हैं, लेकिन उन्हें प्रदर्शन के लिए आगे बढ़ने से रोका जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के पहले दिन उन्हें निर्वाचन आयोग के कार्यालय के पास रोक दिया गया, जबकि दूसरे दिन जंतर-मंतर जाने से रोका गया और हमारे लोगों को मारा गया। राहुल गांधी ने कहा कि सच्चाई ये है कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत और ज्ञानेश कुमार ने आपराधिक साजिश करके देश को हाईजैक किया है। संविधान को नष्ट किया और वोट चोरी की है। उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जायेगा। यह हमारी गारंटी है और आप ऐसा होते हुए देखेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी सांसद गांधी स्मारक जा रहे हैं, जहां वह धरना देंगे और शांतिपूर्वक प्रार्थना करेंगे कि मोदी और शाह को सद्बुद्धि मिले।

जीएसटी...

इस सीमा से कम के सभी लंबित नोटिस भी वापस ले लिए जाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि ऐसे नोटिस पहले जारी किए गए थे, तो उन्हें भी वापस लिया जाएगा। यह निर्णय करदाताओं पर छोटे मामलों का बोझ कम करने के लिए लिया गया है। इससे जीएसटी प्रणाली में और अधिक स्पष्टता आएगी। यह कदम प्रक्रियाओं को सरल बनाने में सहायक होगा।

सपा सरकार...

अवधारणा से जोड़ा। राजनीतिक बयान देते हुए अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अयोध्या विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की चुनौती दी। उन्होंने अयोध्या विधानसभा से पवन पांडेय को प्रत्याशी बनाया है और मैदान खुला पड़ा है। सपा की सरकार बनने पर अयोध्या को वैश्विक स्तर पर विकसित किया जाएगा। अखिलेश ने अयोध्या को पर्यटन स्थल के बजाय तीर्थ स्थल बताया और विकास की बात कही। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा सरकार बनने पर महिलाओं को हर साल 40 हजार रुपये दिए जाएंगे।

डाक्टरोंको...

ब्रांडेड दवाएं या तर्कहीन दवा संयोजन लिखने के लिए प्रभावित करती हैं। केंद्र ने अदालत को बताया कि यूसीपीएमपी-2024 फिलहाल लागू है और डॉक्टरों के अनैतिक आचरण पर पहले से कानूनी प्रावधान मौजूद हैं। हालांकि, फार्मास्युटिकल कंपनियों के आचरण को सीधे नियंत्रित करने के लिए स्पष्ट वैधानिक व्यवस्था की कमी है। इसी नियामकीय खामी की जांच अब विशेषज्ञ समिति करेगी। सरकार के अनुसार, यूसीपीएमपी के तहत अब तक तीन शिकायतें मिली हैं। इनमें एक मामले में करीब 30 डॉक्टरों को महंगी यात्राएं कराने के आरोप पर संबंधित कंपनी को फटकार लगाई गई और डॉक्टरों की सूची कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को भेजी गई।

आलोचना...

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) पर दोष मढ़ा जाता है, जबकि उन्हीं मशीनों से मिली जीत पर कोई सवाल नहीं उठाता। दशकों तक राज करने वाले दल अब उस पूरी चुनावी व्यवस्था को धांधली वाला बता रहे हैं, जिसने उन्हें सत्ता दी थी। पूर्व जजों ने समझाया कि भारत का चुनाव आयोग संविधान के अनुच्छेद 324 से अपनी शक्ति लेता है। संविधान निर्माताओं ने जानबूझकर मतदाता सूची को कार्यपालिका की पहुंच से दूर एक स्वतंत्र आयोग को सौंपा था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 21(3) के तहत मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर एक सामान्य कानूनी प्रक्रिया है, जो पहले आम चुनाव के समय से ही नियमित रूप से होती आई है। इसका उद्देश्य मृत लोगों के नाम हटाना, दोहरी प्रविष्टियां खत्म करना और छूटे हुए पात्र नागरिकों को जोड़ना है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस प्रक्रिया को पूरी तरह वैध और निष्पक्ष माना है, फिर भी तथ्यों को दरकिनार कर भ्रम फैलाया जा रहा है। पूर्व जजों ने साफ चेतावनी दी है कि जनता का विश्वास ही लोकतंत्र की असली ताकत है।

एनडीए...

से ज्यादा के चयन की प्रक्रिया चल रही है। ओलम्पिक, राष्ट्रमंडल या एशियाई खेलों में जिन्होंने पदक जीता है, हमने उन्हें सीधी भर्ती से यूपी पुलिस में डिप्टी एसपी का पद दिया है। ऐसे सात खिलाड़ियों को हम नौकरी दे चुके हैं। 2017 से पहले यह संभव नहीं था। सीएम ने आगे कहा कि यूपी के अंदर एक समय था जब सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक ही जिंदगी होती थी। इससे पहले और बाद में घर से नहीं निकल सकते थे। 64 हजार हेक्टेयर लैंड को हम लोगों ने माफिया के कब्जे से खाली कराई। हम खेल ग्राउंड, मिनी स्टेडियम और हर मंडल में एक स्पोर्ट्स कॉलेज देने जा रहे हैं। आज यूपी में अपनी स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी होने जा रही है। हम प्रधानमंत्री की उस बात से सहमत हैं। जिसमें उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ हमारा कोई ब्रांड एंबेसडर बन सकता है तो खिलाड़ी बन सकता है। जो खेलेगा वो खिलेगा। सीएम ने डीजीपी से कहा कि इन सब खिलाड़ियों को एक-एक गांव गोद दे दीजिए। वहां पर ये लोग खेलकूद के कार्यक्रम कराएं। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि आप लोग अपनी प्रैक्टिस को कभी छोड़ना मत। आपकी असली प्रतिभा पसीने में है। यह अभी शुरुआत है।

नेपाल में फिर कांपी धरती

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल के पश्चिमी हिस्से में बुधवार रात 4.1 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटके बजुरा के साथ आसपास के कई जिलों में भी महसूस किए गए। हालांकि, अभी तक कहीं से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर सामने नहीं आई है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के मुताबिक, भूकंप बुधवार रात स्थानीय समयानुसार 9:37 बजे आया। भूकंप का केंद्र सुदूरपश्चिम प्रांत के बजुरा जिले की बुधीगंगा नगरपालिका-10 में जमीन के भीतर था। यह जगह राजधानी काठमांडू से करीब 750 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। भूकंप के झटके बजुरा के अलावा पड़ोसी बाजहांग, कालिकोट और अछाम जिलों में भी महसूस किए गए। अचानक धरती हिलने से इन इलाकों में लोगों को भूकंप का अहसास हुआ, हालांकि फिलहाल किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। नेपाल में सालभर छोटे-बड़े भूकंप आते रहते हैं।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-टेन्डर नं०: पीआरवाईजे-सिग-044-2026-27 | दिनांक 06.10.2026

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता/समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे/प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 02.11.2026 को 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

कार्य का विवरण: विद्युत विभाग द्वारा दी गई सूची के अनुसार लिफ्टों में सुरक्षा के सुधार के लिए सीसीटीवी (CCTV) कैमरों का प्रावधान।

अनुमानित मूल्य (रू०): 31,09,780/- | **बिड सिक्योरीटी (रू०):** 62,200/-

निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०): 0/- | **कार्य समापन की अवधि:** 12 माह

निविदा बन्द होने की तिथि: 02.11.2026

निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता: निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे।

बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूप: निविदाओं को उपरोक्त बिड सिक्योरीटी निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा की जायेगी। यदि निविदा दाता बिड सिक्योरीटी उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जीसीसी के अनुसार जमा करते है तो उनका निविदा स्वीकार किया जायेगा। यदि निविदादाता द्वारा जमा की गयी बिड सिक्योरीटी बैंक गारंटी के रूप में है तो यह उचित स्टांप शुल्क के अनुसार होना चाहिए। बैंक गारंटी जमा करते समय यह उ०प्र० स्टांप अधिनियम 2008 की धारा 13 एवं 24 और समय-समय पर निर्धारित दर के अनुसार होना चाहिये। बिना बिड सिक्योरीटी वाली निविदायें खारिज कर दी जायेंगी।

निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थान: निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को 12.30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी।

निविदा की वैधता: निविदा खुलने के 60 दिन तक

निविदा डीलिंग हेतु रेलवे के अधिकार: रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **2282/26(D)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. 17-DYCEGA-2026

उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:- **कार्य का विवरण:** गोरखपुर में- एम.एस.टी.सी. में डब्ल्यूएजी-7 तथा विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों में अतिआवश्यक मरम्मत कार्य का प्रावधान।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹92,68,567.65; **बयाने की राशि(₹):** ₹1,85,400/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य(₹):** ₹0.00; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य की समापन तिथि/समय:** 06 माह; **कुल योग:** ₹92,68,567.65; **1.** ई-निविदा के खुलने की तिथि दिनांक 30.10.2026 को 11:00 बजे। **2.** ई-निविदा की बिडिंग तिथि 16.10.2026 से 30.10.2026 समय 10:59 बजे तक। **3.** उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **4.** यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना का अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य इंजीनियर/
मुजाधि/डब्ल्यू-372 गो०सं०

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया

पत्रांक:- 3528 /4ए | **ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना** | दिनांक- 01.10.2026

1- इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 13.10.2026 से दिनांक 19.10.2026 को 12:00 बजे तक आनलाइन अपलोड की जा सकती है एवं दिनांक 19.10.2026 को ही अपरान्ह 12:30 बजे तकनीकी बिड आनलाइन खोली जायेगी। उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ए एवं बी श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

2- कार्यों का विवरण

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
		स्वीकृति की प्रत्याशा में राज्य योजना के कार्य (बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार)								
1	बलिया	जनपद बलिया में छोटे के पुरवा लोक निर्माण विभाग के किमी0-1 पर दोहरीघाट नहर पर पुलिया एवं एप्रोच मार्ग का निर्माण कार्य	109.60	7.48	(स्टेशनरी चार्जेज निविदा मूल्य+जी एस.टी) 2590.00	10 माह, वर्षा ऋतु सहित	अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया	अधीक्षण अभियन्ता बलिया वृत्त लो0नि0वि0 बलिया	मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़	ए. बी.
2	बलिया	जनपद बलिया में चांदिया पट्टी से अम्बेडकर ग्राम मसूरिया मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर नई पुलिया का निर्माण कार्य	110.28	7.52	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
3	बलिया	जनपद बलिया में आर0एन0टी0 जमुआंव सदृदीपुर मार्ग पर क्षतिग्रस्त एवं सकरी पुलिया के स्थान पर नई पुलिया का निर्माण कार्य	110.19	7.51	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव

3- निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक-13.10.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक 19.10.2026 के अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।

4- ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि- 19.10.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक 19.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।

5- शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

6- शासनादेश सं0-1/2018-3070/79-2-2013/42आई0टी0/2017 (22) दिनांक-03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट- निविदा की समस्त शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(कमला कान्त)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
बलिया

उ.प्र.-257663
दिनांक-07.10.2026

वेबसाइट:- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
Nuclear Power Corporation of India Limited
(भारत सरकार का उद्यम)(A Government of India Enterprise)
सीआईएन/CIN: U40104MH1987GOI149458

चुनौतीपूर्ण एवं प्रगतिशील कैरियर के लिए हमारे साथ, एनपीसीआईएल से जुड़े।

विज्ञापन सं: एनपीसीआईएल/मुख्या/मासंप्र/ईटी/2026/03

एनपीसीआईएल में गेट द्वारा स्नातक अभियंताओं की भर्ती

एनपीसीआईएल, भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है जिसे, न्यूक्लियर प्रौद्योगिकी के सभी पहलुओं, जैसे एनपीपी की साइटिंग, अभिकल्पन, निर्माण, कमीशनिंग, प्रचालन, अनुरक्षण, नवीकरण, आधुनिकीकरण व उन्नयन, संयंत्र आयु-विस्तार, अपशिष्ट प्रबंधन व न्यूक्लियर रिएक्टरों की डीकमीशनिंग के क्षेत्र में समग्र सक्षमता प्राप्त है।

एनपीसीआईएल में केमिकल, सिविल, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इन्स्ट्रूमेंटेशन एवं मैकेनिकल विधाओं के लिए कार्यकारी प्रशिक्षुओं (ईटी-2027) के रूप में, स्नातक अभियंताओं की भर्ती किए जाने की योजना है।

एनपीसीआईएल में ऑनलाइन आवेदन भरते समय इच्छुक अभ्यर्थीगण के पास उपरोक्त में से किसी एक विधा में गेट 2025/2026/2027 वर्ष का वैध प्राप्तांक होना चाहिए। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के लिए गेट के प्राप्तांकों के आधार पर लघु सूचीयन किया जाएगा। विस्तृत विज्ञापन गेट 2027 के परिणाम घोषित होने के उपरांत लगभग 10 दिन के अंदर एनपीसीआईएल की वेबसाइट www.npcilcareers.co.in एवं www.npcil.nic.in पर उपलब्ध रहेगा।

गेट 2027 के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट https://gate2027.iitm.ac.in या आईआईएससी तथा आईआईटी की गेट जोनल वेबसाइट पर अभ्यर्थी विजिट कर सकते हैं।

भविष्य में किसी प्रकार की सूचना/शुद्धिपत्र/अनुशेष आदि को केवल एनपीसीआईएल की उपर्युक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

cbc48132/11/0002/2627

"स्वच्छ रहो, स्वस्थ रहो"
एनपीसीआईएल, भारत सरकार द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत मिशन को प्रोत्साहित करता है।
न्यूक्लियर विद्युत - एक अपरिहार्य विकल्प

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2026 में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:-

04064/04063 दिल्ली जं.-गया जं.-दिल्ली जं. आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में 6 दिन) — 88 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04064 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04063 आगमन	प्रस्थान
---	11:00	दिल्ली जं.	08:00	---
07:15	---	गया जं.	---	09:15

चलने के दिन: **04064 दिल्ली जं. से** दिनांक 11.10.2026 से 30.11.2026 तक (शनिवार छोड़कर) और **04063 गया जं. से** दिनांक 12.10.2026 से 01.12.2026 तक (रविवार छोड़कर)

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: नई दिल्ली, टूण्डला जं., गोविन्दपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी-ऑन-सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन।

04088/04087 नई दिल्ली-पटना जं.-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन) — 104 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04088 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04087 आगमन	प्रस्थान
---	15:50	नई दिल्ली	13:30	---
12:45	---	पटना जं.	---	15:10

चलने के दिन: **04088 नई दिल्ली से** दिनांक 10.10.2026 से 30.11.2026 तक (प्रतिदिन) और **04087 पटना जं. से** दिनांक 11.10.2026 से 01.12.2026 तक (प्रतिदिन)

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: टूण्डला जं., गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., दिलदार नगर जं., बक्सर, रघुनाथपुर एवं आरा जं. स्टेशन।

01483/01484 खडकी-हज़रत निज़ामुद्दीन-खडकी सुपरफास्ट विशेष (सप्ताह में 2 दिन) — 26 फेरे

रेलगाड़ी सं. 01483 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 01484 आगमन	प्रस्थान
---	17:30	खडकी	22:15	---
18:10	---	हज़रत निज़ामुद्दीन	---	22:10

चलने के दिन: **01483 खडकी से** दिनांक 09.10.2026 से 20.11.2026 तक (प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार) को और **01484 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 10.10.2026 से 21.11.2026 तक (प्रत्येक बुधवार, शनिवार) को।

स्थान: 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.

ठहराव: लोनावला, कल्याण जं., भिवंडी रोड, वसई रोड, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा जं., रतलाम जं., भवानी मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर एवं मथुरा जं. स्टेशन।

04221/04222 वाराणसी जं.-बठिण्डा जं.-वाराणसी जं. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04221 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04222 आगमन	प्रस्थान
---	20:40	वाराणसी जं.	17:30	---
17:00	---	बठिण्डा जं.	---	20:50

चलने के दिन: **04221 वाराणसी जं. से** दिनांक 11.10.2026 से 22.11.2026 तक (प्रत्येक शनिवार) को और **04222 बठिण्डा जं. से** दिनांक 12.10.2026 से 23.11.2026 तक (प्रत्येक सोमवार) को।

स्थान: 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य

ठहराव: माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली जं., उतरेटिया जं., आलम नगर, बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, राजपुरा जं., पटियाला, धुरी जं., बरनाला और रामपुरा फूल स्टेशन

04634/04633 फिरोजपुर कैंट-पूर्णियाँ जं.-फिरोजपुर कैंट आरक्षित विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 15 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04634 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04633 आगमन	प्रस्थान
---	17:30	फिरोजपुर कैंट	16:35	---
03:00	---	पूर्णियाँ जं.	---	06:00

चलने के दिन: **04634 फिरोजपुर कैंट से** दिनांक 15.10.2026 से 26.11.2026 तक (प्रत्येक बृहस्पतिवार) को और **04633 पूर्णियाँ जं. से** दिनांक 10.10.2026 से 28.11.2026 तक (प्रत्येक शनिवार) को।

स्थान: 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: मक्खू, लोहियां खास जं., नकोदर जं., फिल्लौर जं., ढंडारी कलां, चंडीगढ़, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नवगछिया एवं कटिहार जं. स्टेशन।

07651/07652 जालना-छपरा जं.-जालना विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 07 फेरे

रेलगाड़ी सं. 07651 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 07652 आगमन	प्रस्थान
---	23:35	जालना	09:50	---
03:15	03:25	वाराणसी जं.	03:10	03:15
09:35	---	छपरा जं.	---	21:00

चलने के दिन: **07651 जालना से** दिनांक 14.10.2026 से 28.10.2026 तक (प्रत्येक बुधवार) को और **07652 छपरा जं. से** दिनांक 09.10.2026 से 30.10.2026 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को।

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: छत्रपति संभाजीनगर, नागरसोल, मनमाड जं., भुसावल जं., खंडवा जं., हरदा, इटारसी जं., पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, जौनपुर जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी और बलिया स्टेशन

07621/07622 नांदेड-हज़रत निज़ामुद्दीन-नांदेड विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 07621 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 07622 आगमन	प्रस्थान
---	08:45	नांदेड	00:35	---
14:00	---	हज़रत निज़ामुद्दीन	---	21:40

चलने के दिन: **07621 नांदेड से** दिनांक 17.10.2026 से 28.11.2026 तक (प्रत्येक शनिवार) को और **07622 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 18.10.2026 से 29.11.2026 तक (प्रत्येक रविवार) को

स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: पूर्णा जं., परभणी जं., सेलू, परतूर, जालना, छत्रपति संभाजीनगर, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ग्वालियर जं., आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

07021/07022 चर्लपल्ली-हज़रत निज़ामुद्दीन-चर्लपल्ली विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 14 फेरे

रेलगाड़ी सं. 07021 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 07022 आगमन	प्रस्थान
---	19:20	चर्लपल्ली	13:50	---
02:00	---	हज़रत निज़ामुद्दीन	---	04:00

चलने के दिन: **07021 चर्लपल्ली से** दिनांक 19.10.2026 से 30.11.2026 तक (प्रत्येक सोमवार) को और **07022 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 21.10.2026 से 02.12.2026 तक (प्रत्येक बुधवार) को

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: काजीपेट जं., रामगुंडम, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, नागपुर जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ग्वालियर जं., धौलपुर, आगरा कैंट., मथुरा जं. एवं कोसी कलां स्टेशन।

07023/07024 चर्लपल्ली-हज़रत निज़ामुद्दीन-चर्लपल्ली विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 12 फेरे

रेलगाड़ी सं. 07023 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 07024 आगमन	प्रस्थान
---	19:45	चर्लपल्ली	17:45	---
05:00	---	हज़रत निज़ामुद्दीन	---	07:15

चलने के दिन: **07023 चर्लपल्ली से** दिनांक 20.10.2026 से 24.11.2026 तक (प्रत्येक मंगलवार) को और **07024 हज़रत निज़ामुद्दीन से** दिनांक 22.10.2026 से 26.11.2026 तक (प्रत्येक बृहस्पतिवार) को

स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: काजीपेट जं., रामगुंडम, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, नागपुर जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ग्वालियर जं. एवं आगरा कैंट स्टेशन।

04083/04084 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली आरक्षित विशेष (साप्ताहिक) — 04 फेरे

रेलगाड़ी सं. 04083 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04084 आगमन	प्रस्थान
---	14:00	नई दिल्ली	23:30	---
03:00	---	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	---	10:00

चलने के दिन: **04083 नई दिल्ली से** दिनांक 09.10.2026 एवं 16.10.2026 (शुक्रवार) को और **04084 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से** दिनांक 10.10.2026 एवं 17.10.2026 (शनिवार) को

स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य

ठहराव: सोनीपत, पानीपत जं., कुरुक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, शहीद कैप्टन सुनील कुमार चौधरी कठुआ, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 04090/04092 नई दिल्ली-दानापुर-नई दिल्ली वाया दिल्ली जं. आरक्षित त्यौहार विशेष सुपरफास्ट की परिवर्तित आवृत्ति एवं चलने की अवधि में विस्तार

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	वर्तमान आवृत्ति एवं चलने के दिन	परिवर्तित आवृत्ति एवं चलने के दिन	प्रभावी तिथि
04090 नई दिल्ली-दानापुर विशेष	शुक्रवार (साप्ताहिक)	**शुक्रवार, बुधवार (सप्ताह में 2 दिन)**	07.10.2026
04089 दानापुर-नई दिल्ली विशेष	शनिवार (साप्ताहिक)	**शनिवार, बृहस्पतिवार (सप्ताह में 2 दिन)**	07.10.2026

	वर्तमान दिनांक	विस्तारित दिनांक	अतिरिक्त फेरे	अतिरिक्त फेरों की सं.
नई दिल्ली से	20.11.2026	27.11.2026	14, 21, 28.10.2026 एवं 04, 11, 18, 25, 27.11.2026	08 फेरे
दानापुर से	21.11.2026	28.11.2026	15, 22, 29.10.2026 एवं 05, 12, 19, 26, 28.11.2026	08 फेरे

नोट: बाकी जानकारी यथावत रहेगी।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 | रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in | रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



बदलाव के साथ उतर सकता है भारत

संजू सैमसन, वैभव सूर्यवंशी को लेकर असमंजस, भारत-वेस्टइण्डीज के बीच दूसरा टी-२० आज

रांची (एजेन्सियां)। संजू सैमसन को छोड़कर भारत के सभी बल्लेबाज फार्म में हैं और इसलिए टीम प्रबंधन शुक्रवार को वेस्टइण्डीज के खिलाफ यहां होने दूसरे टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच में युवा सनसनी और लोकल ब्वाय वैभव सूर्यवंशी को अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने के लिए भेज सकता है। भारतीय टीम यहां जीत हासिल करने पर पांच मैचों की श्रृंखला में २-० की बढ़त बना लेगी लेकिन उसके लिए सैमसन का खराब प्रदर्शन चिंता का विषय बना हुआ है। सैमसन पिछली चार पारियों में केवल २९ रन बना पाये हैं जिनमें उनका उच्चतम स्कोर ११ है। उनकी असफलता के कारण भारत को इन मैच में अच्छी शुरुआत नहीं मिल पाई लेकिन पिछले मैच में टी-२० अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला शतक लगाने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई में मध्यक्रम ने सैमसन की असफलता का टीम पर खास असर नहीं पड़ने दिया। अय्यर ने अपने करियर के ६८वें मैच में अपना पहला टी-२० अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा। ऐसे में सूर्यवंशी को एक और मौका मिल सकता है जिन्होंने अब तक मिले अवसरों पर यह साबित कर दिया कि वह खेल के छोटे प्रारूप के लिए उपयुक्त बल्लेबाज हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के पास कई तरह के शाट हैं और वह अपने आक्रामक अंदाज से विपक्षी टीम को शुरू में ही दबाव में ला सकते हैं। भारतीय टीम प्रबंधन ने हालांकि इस १५ वर्षीय बल्लेबाज को मौका देने के बजाय अब तक अभिषेक और सैमसन की स्थापित सलामी जोड़ी का ही समर्थन किया है। जापान में एशियाई खेलों में सूर्यवंशी और अभिषेक ने ही पारी का आगाज किया था और सैमसन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। इस तरह से टीम प्रबंधन ने सैमसन के प्रति अपना समर्थन जारी रखा लेकिन यह विकेटकीपर बल्लेबाज अभी तक उम्मीद पर खरा नहीं उतर पाया है। ऐसे में वेस्टइण्डीज के खिलाफ चल रही पांच मैचों की श्रृंखला सैमसन के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है क्योंकि वह विश्वकप में दिखाये गये अपने अच्छे प्रदर्शन के दम पर लंबे समय तक अपनी जगह बरकरार नहीं रख सकते हैं



लेकिन सूर्यवंशी ने अपनी प्रतिभा के बावजूद यह भी जान लिया है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट एक अलग ही चीज है। इंगलैण्ड के खिलाफ टी-२० श्रृंखला में भारत की ०-३ से हार में उन्होंने १४, १३ और १५ रन बनाये। एशियाई खेलों में बिहार के इस बल्लेबाज ने १८ और ३५ रन बनाये। एक युवा खिलाड़ी के लिए यह स्कोर खराब नहीं हैं लेकिन इनसे यह तथ्य भी साबित होता है कि केवल प्रचार के कारण उन्हें शीर्ष स्तर के क्रिकेट में जल्दबाजी में शामिल नहीं किया जा सकता है। इसलिए टीम प्रबंधन सूर्यवंशी को एक और मौका देने से पहले सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करेगा। भारत अपनी तेज गेंदबाजी संयोजन में भी बदलाव पर विचार करेगा। लखनऊ में खेले गये पहले टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच के पहले ओवर में ही मयंक यादव न १६ रन लुटा दिए थे। वह बीच के ओवरों और अंतिम ओवरों में भी महंगे साबित हुए। भारत आलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को टीम में शामिल करने और उन्हें नई गेंद से गेंदबाजी करवाने के बारे में सोच सकता है, हालांकि एकदिनी श्रृंखला के दौरान यह प्रयोग खास सफल नहीं रहा था। स्पिन विभाग की बात करें तो कुलदीप यादव के साथ अक्षर पटेल के जुड़ने से टीम को मजबूती मिली है। इन दोनों ने पहले मैच में दो-दो विकेट लिए थे। इसके अलावा युवा आलराउंडर नमन धीर का प्रदर्शन भी भारत के लिए सकारात्मक पहलू है जिन्होंने अपनी आफ स्पिन गेंदबाजी से ३१ रन देकर तीन विकेट लिए थे। वेस्टइण्डीज को अगर जीत हासिल करनी है तो उसके बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर बनाना होगा क्योंकि भारत ने पिछले मैच में उसके १७१ रन के स्कोर को बौना साबित कर दिया था। वेस्टइण्डीज के पास टी-२० के माहिर खिलाड़ियों की कमी नहीं है जिनमें कप्तान शाई होप, शिमरोन हेटमायर, रोवमैन पावेल, रोस्टन चेज और रोमारियो शेफर्ड शामिल हैं। बल्लेबाजी निश्चित रूप से वेस्टइण्डीज का मजबूत पक्ष है और उसके बल्लेबाजों को कम से कम २२० रन का स्कोर बनाना होगा। गेंदबाजी में उसकी टीम बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।

भारत-श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे, ईशान किशन, नमन धीर, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, प्रिंस यादव, रवि बिश्नोई, संजू सैमसन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, मयंक यादव। **वेस्टइण्डीज**-शाई होप (कप्तान और विकेटकीपर), ज्वेल एंड्रयू, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्डे, शिमरोन हेटमायर, अकील हुसैन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोटी, कीमो पाल, कामिल पूरन, रोवमैन पावेल, शेरफेन रदरफोर्ड, क्वेंटिन सैम्पसन, रोमारियो शेफर्ड, शमर स्प्रिंगर।

समय-रात्रि सात बजसे।

भुवनेश्वर की वापसी में की अनुभव और फार्म ने मदद

-सितांशु कोटक

रांची (एजेन्सियां)। सहायक कोच सितांशु कोटक ने गुरुवार को यहां कहा कि भुवनेश्वर कुमार के अपार अनुभव और पिछले दो आईपीएल सत्र में उनकी शानदार फार्म ने उन्हें न्यूजीलैण्ड श्रृंखला के लिए भारत की टी-२० अंतरराष्ट्रीय टीम में वापस जगह दिलाई है। छत्तीस वर्षीय अनुभवी तेज गेंदबाज आखिरी बार नवम्बर २०२२ में न्यूजीलैण्ड श्रृंखला में भारत के लिए खेले थे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद भुवनेश्वर ने राष्ट्रीय टीम में वापसी की। उन्होंने २०२५ और २०२६ में आरसीबी की लगातार खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने इन दो सत्र में ४५ विकेट लिए थे (२०२५ में १७ और २०२६ में २८)। भारतीय टीम वेस्टइण्डीज के खिलाफ जारी पांच मैच की श्रृंखला के बाद न्यूजीलैण्ड के खिलाफ टी-२० अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। कोटक ने संकेत दिया कि चयनकर्ताओं को शायद युवा गेंदबाजी ग्रुप में अनुभव जोड़ने की जरूरत महसूस हुई होगी। कोटक ने यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-२० अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा खिलाड़ी का चयन चयनकर्ताओं पर निर्भर करता है लेकिन मैं आपको अपनी सोच के आधार पर जवाब दे सकता हूं। इंगलैण्ड में जब बुमराह आसपास नहीं थे और बहुत सारे युवा गेंदबाज खेल रहे थे तो मुझे व्यक्तिगत रूप से लगा कि आप अनुभव को मात नहीं दे सकते। उन्होंने कहा युवा गेंदबाज अच्छे हैं वे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उनका चयन हो रहा है लेकिन किसी स्तर पर आपको



कुछ अनुभव की भी जरूरत होती है। कोटक ने कहा यह एक कारण हो सकता है। दूसरी बात यह है कि भुवनेश्वर पिछले दो सत्र से आईपीएल में बहुत अच्छा कर रहे हैं। इसलिए चयनकर्ताओं ने सोचा होगा कि न्यूजीलैण्ड की परिस्थितियों और बाकी चीजों के लिए निश्चित तौर पर वह अच्छा कर रहे हैं और हमें कुछ अनुभव की जरूरत है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि इसलिए उन्होंने उन्हें चुना होगा। भुवनेश्वर की वापसी ने मोहम्मद शमी को लेकर भी सवाल फिर से खड़े कर दिए हैं जो घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखने के बावजूद मौजूदा टी-२० अंतरराष्ट्रीय टीम से बाहर हैं। शमी आखिरी बार मार्च २०२५ में न्यूजीलैण्ड के खिलाफ चैम्पियंस ट्राफी फाइनल में भारत के लिए खेले थे। वह तब से घरेलू क्रिकेट के जरिए वापसी की कोशिश कर रहे हैं जिसमें उन्होंने उत्साहजनक प्रदर्शन किए हैं। हालांकि कोटक ने बंगाल के अनुभवी तेज गेंदबाज की संभावित वापसी को लेकर किसी भी अटकल से खुद को अलग रखा। उन्होंने कहा सबसे पहले मैं चयनकर्ता नहीं हूं इसलिए मेरे लिए आपको यह बताना मुश्किल है। लेकिन शमी भी खेल रहे हैं और वह भी अच्छा कर रहे हैं।

एशियाई खेल में प्रदर्शन की समीक्षा करेगा खेल मंत्रालय

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS
सत्यमेव जयते

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। खेल मंत्रालय १३ अक्तूबर को राष्ट्रीय महासंघों के साथ एक दिवसीय बैठक में हाल में संपन्न एशियाई खेलों में भारत के प्रदर्शन की समीक्षा करेगा जिसमें फोकस बैडमिण्टन, निशानेबाजी और अथलेटिक्स में कुछ 'अनुभवी' खिलाड़ियों के निराशाजनक प्रदर्शन पर रहेगा। इसके साथ ही 'टारगेट ओलम्पिक पोडियम स्कीम' (टाप्स) के जरिए धनराशि जारी करने की भी फिर से समीक्षा की जायेगी। भारत ने आइची-नागोया खेलों में २१ स्वर्ण सहित ८५ पदक जीते जो हांगझोउ में पिछले चरण में हासिल किये गये १०६ पदकों से काफी कम था। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने गुरुवार को कहा हमें कम से कम १५० पदक जीतने चाहिये थे और हम जीत भी सकते थे। कुछ अनुभवी खिलाड़ी स्पष्ट रूप से 'कम्फर्ट जोन' में थे और इसका असर उनके प्रदर्शन में दिखा। मंत्रालय १३ अक्तूबर को राष्ट्रीय खेल महासंघों के साथ बैठक में इसकी समीक्षा करेगा। भारत को २०२६ एशियाई खेलों में बैडमिण्टन में सिर्फ एक टीम कांस्य पदक मिला जबकि पिछले खेलों में एक स्वर्ण, एक रजत और कांस्य पदक जीता था। निशानेबाजों (विशेषकर पिस्टल में) का प्रदर्शन अपेक्षाकृत खराब रहा जबकि दोनों खेलों के भारतीय दल में ओलम्पिक पदक विजेता शामिल थे। सूत्र ने कहा यह ताज्जुब की बात है कि ओलम्पिक पदक विजेता एशियाड में पदक नहीं जीत पाये जबकि एशियाई खेलों में पदार्पण करने वाले भारत के

बैठक १३ को

३१० खिलाड़ियों में से १०६ ने पदक जीते। २३ स्पर्धाओं में करीब ८९ अनुभवी खिलाड़ी नाकाम रहे। बैठक में समीक्षा की जायेगी कि नीति में क्या बदलाव करने की जरूरत है। इतना पैसा खर्च करने के बाद भी कुछ खेलों में अपेक्षित परिणाम क्यो नहीं मिले। अथलेटिक्स में भारत को पिछले एशियाई खेलों में छह स्वर्ण पदक मिले थे जबकि इस बार सिर्फ एक पदक महिला चार गुणा ४०० मीटर रिले टीम हासिल कर सकी। खेलों के दौरान खिलाड़ियों के चोटिल होने को लेकर भी सवाल उठे हैं। अथलेटिक्स में ज्योति याराजी ने चोट के कारण महिलाओं की १०० मीटर बाधा दौड़ में हिस्सा ही नहीं लिया और त्रिकूद में प्रवीण चित्रावेल पहले प्रयास में ही चोटिल हो गये। वहीं ४०० मीटर बाधादौड़में यशस पलाक्षा अपनी हीटके बीचसे हट गये थे। इसके अलावा एमएमएमें वरूण सान्याल स्पर्धासे पहले अनफिट हो गये। सूत्रने कहा कुछ खिलाड़ी खेलोंमें पहुंचनेके बाद चोटों की घोषणा कर रहे थे। अगर अथलीट चोटिल थे तो वे गये कैसे। उन्हें तैयार करनेमें करोड़ों रुपये खर्च किए गये हैं। टाप्सके जरिये खिलाड़ियोंको मनचाही धनराशि आवंटित करनेकी भी समीक्षा का जिक्र करते हुए सूत्रने कहा टाप्स फंडिंगकी समीक्षा निश्चित तौरपर होगी। टाप्स के खिलाड़ियों को मनचाहे कोचों, विदेश में अभ्यास और हर सुविधा के लिये सरकार ने भारी खर्च किया लेकिन नतीजे अपेक्षित नहीं मिले। उन्होंने कहा टाप्सके तहत नौ स्पर्धाओंके ३४ खिलाड़ियों पर २७ करोड़ रूपयेसे अधिक खर्च हुए लेकिन प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिनमें बैडमिण्टन और निशानेबाजीके प्रमुख खिलाड़ी हैं। खेल मंत्रालयने एशियाई खेलोंसे पहले कहा था कि तीन सालके चक्रमें खिलाड़ियोंको तैयार करनेमें ७०० करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गये थे।

मांडविया ने लांच की नयी जर्सी

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। जापान के आइची-नागोया में होने वाले पैरा एशियाई खेलों से पहले भारतीय दल को गुरुवार को औपचारिक विदाई दी गयी। इस अवसर पर खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारतीय पैरालम्पिक समिति (पीसीआई) द्वारा आयोजित समारोह में भारतीय दल की नयी जर्सी लान्च की। समारोह की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसमें पैरालम्पिक पदक विजेता सिमरन शर्मा, प्रीति पाल और कपिल परमार के अलावा पैरा तीरंदाज राकेश कुमार तथा पैरा पावरलिफ्टर अशोक कुमार सहित कई प्रमुख पैरा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। पैरा बैडमिण्टन स्टार प्रमोद भगत को खेलों के लिए भारतीय दल का ध्वजवाहक बनाया गया है। पीसीआई अध्यक्ष देवेंद्र झाझडिया, चेयरपर्सन पायल कनोडिया और मुख्य कोच सत्यनारायण भी समारोह में मौजूद थे।

उधार की राइफल से जीता था कांस्य पदक

कोहली के आउट होने पर खाना नहीं खाते थे नाना पाटेकर

नयी दिल्ली(एजेन्सियां)। अपनी दमदार अदाकारी और निभाये गये किरदारों के कारण प्रशंसकों के दिलों में हमेशा के लिए अमर नाना पाटेकर अब इस दुनिया में नहीं हैं। ७५ साल की उम्र में उनका गुरुवार को गोवा में हृदयाघात से निधन हो गया।। अभिनय के अलावा नाना पाटेकर का खेल जगत से भी गहरा लगाव था। वह २००७ में शूटिंग में कांस्य पदक भी जीत चुके थे। इतना ही नहीं विराट कोहली उनके पसंदीदा क्रिकेटर थे। नाना पाटेकर महाराष्ट्र की उस टीम का हिस्सा थे जिसने इंदौर के पास महू में हुई नेशनल ३००एम बिग बोर शूटिंग चैम्पियनशिप में कांसे के तमगे पर निशाना साधा था। आधे से ज्यादा प्रतिभागियों से बेहतर प्रदर्शन करके उन्होंने रिनोन्ड शाट का खिताब हासिल किया था। नाना ४९ प्रतिभागियों में १३वें



स्थान पर रहे थे। तब नाना ने कहा था मेरे हिसाब से यह एक बड़ी उपलब्धि है। रनोन्ड शाट का दर्जा मिलने का मतलब है कि नाना बिना ड्यूटी दिए राइफल इम्पोर्ट कर सकते। एक बार मुझे यह नयी राइफल मिल जाय तो मैं यकीन दिलाता हूं कि मैं ६०० में से ५९० प्वाइंट्स का स्कोर करूंगा। महू में नाना ने उधार ली हुई राइफल से ६०० में से ५४९ प्वाइंट्स हासिल किए थे। यह पिछले साल (२००६) के उनके ५१६ के बेस्ट स्कोर से ३३ प्वाइंट ज्यादा था। उनके टीम के साथी सुमित गुप्त ने ५१२ और अशोक पंडित ने ४७६ प्वाइंट बनाये। महाराष्ट्र की टीम दूसरे नंबर पर रही और छत्तीसगढ़ (१५३९) से सिर्फ दो पाइंट पीछे थी। छत्तीसगढ़ की टीम चैम्पियन सर्विसेज (१,७२९) के बाद दूसरे स्थान पर थी। नाना को क्रिकेट का भी शौक था। एक साक्षात्कार में नाना ने कहा था वे अभिनेता नहीं क्रिकेट बनना चाहते थे। दिग्गज एक्टर ने कहा था कि वह बचपन में अच्छे क्रिकेटर थे। भारत-पाकिस्तान मैचके दौरान वह टीवीसे चिपके रहते थे। नानाने बचपनके दिनों को याद करते हुए कहा था उस समय मैं गरीब था। क्रिकेट सीखने के पैसे नहीं थे। मैं शिवाजी पार्क चला जाता था और जो लोग वहां अभ्यास करते थे उनके लिए गेंदबाजी करता था। विराट कोहली उनके पसंदीदा क्रिकेटर थे। नानाने एक बार कहा था कि अगर विराट जल्दी आउट हो जाते तो उनका खाना खाने का मन नहीं होता था।

टी-२० दिव्यांग ट्राफीका अनावरण



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस सेवा संकल्प के तहत शुक्रवार से सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स सिगरा में होनेवाली टी-२० नेशनल दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता की ट्राफी का गुरुवारको भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने एक पांच सितारा होटल में किया। इस मौके पर केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद रहे। ट्राफी अनावरण के पश्चात नितिन नबीन ने कहा कि दिव्यांगजन किसी से कम नहीं हैं। अवसर मिलनेपर वे अपनी प्रतिभा के दम पर देशका सम्मान बढ़ाते हैं। दिव्यांग खेल भी इसी का हिस्सा है और हम इसे बढ़ावा देनेके लिए कार्य करते रहेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनों को खेल से जोड़कर एक समावेशी भारतके निर्माण का संदेश देना है। इस मौके पर उत्तम ओझा, संजय चौरसिया, वीरभद्र सिंह, पद्मश्री विमल जैन, ट्रविस बदर्स, राहुल गुप्त, रोहित गुप्त, अखिलेश यादव, रोशन द्विवेदी, शशिभूषण त्रिपाठी, रविप्रताप सिंह साजन, चंदन सिंह सिसोदिया आदि मौजूद थे।

विकेटकीपिंग पर काम कर रहे यशस्वी-लाड


मुम्बई (एजेन्सियां)। मुम्बई के कप्तान सिद्धेश लाड ने गुरुवार को यहां बताया कि भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बल्लबाजी और लेग-स्पिन के अलावा 'बैक-अप' कौशल के रूप में विकेटकीपिंग पर काम कर रहे हैं। रणजी ट्राफी २०२६-२७ सत्र से पहले जायसवाल की विकेटकीपिंग पर कड़ी मेहनत करते हुए तस्वीरें सामने आई हैं। यह २४ वर्षीय खिलाड़ी भारतीय टीम के नेट में लेग-स्पिन का भी अभ्यास करता है और कुछ मुकाबलों में गेंदबाजी भी कर चुका है। जायसवाल रविवार से चंडीगढ़ के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होने वाले मुम्बई के रणजी ट्राफी के शुरुआती मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे लेकिन राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण वह दूसरे मैच से आगे उपलब्ध नहीं रहेंगे। लाड ने एक सवाल के जवाब में कहा वह ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने विकेटकीपिंग का अभ्यास शुरू किया है क्योंकि उन्हें लगता है कि वह अपने खेल में कुछ और जोड़ना चाहते हैं।

एशियाई चैम्पियंस ट्राफी हाकीमें पाकिस्तानकी जगह बांगलादेश

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। जालंधर और मोहाली में २७ अक्तूबर से पांच नवम्बर तक होने वाली एशियाई चैम्पियंस ट्राफी पुरूष हाकी में मेजबान भारत की नजरें एशियाई स्तर पर दबदबा कायम रखने पर लगी होंगी जबकि पाकिस्तान की जगह बांगलादेश को छह टीम के टूर्नामेंट में जगह दी गयी है। हाकी इंडिया के अनुसार छह टीमों के इस टूर्नामेंट में भारत के अलावा जापान, चीन, मलयेशिया, दक्षिण कोरिया और बांग्लादेश भाग लेंगे। पंजाब में लगभग दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के जरिये अंतरराष्ट्रीय हाकी की वापसी हो रही है। जापान के आइची नागोया में हाल ही में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर लास एंजिलिस ओलम्पिक २०२८ के लिये क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम चार बार खिताब जीत चुकी है। पिछले महीने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मोहाली में टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए पाकिस्तान की भागीदारी का दावा किया था। इस कार्यक्रम में हाकी इंडिया महासचिव भोलानाथ सिंह समेत वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे।

प्रतिभा लम्बे समय तक सफलता की नहीं होती गारंटी

कपिलदेव ने दी वैभव सूर्यवंशी को चेतावनी



नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने बेहद कम उम्र में अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत में खास पहचान बना ली है। १५ साल की उम्र में वह आयु वर्ग क्रिकेट, इंडिया-ए और आईपीएल में अपनी छाप छोड़ने के बाद अब भारतीय टी-२० अंतरराष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं। हालांकि पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव का मानना है कि वैभव के भविष्य को लेकर अभी से बड़े दावे करना जल्दबाजी होगी। वैभव फिलहाल भारतीय टी-२० टीम में नियमित सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के पीछे अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। कपिल देव ने कहा कि वैभव में प्रतिभा जरूर है लेकिन क्रिकेट में केवल प्रतिभा के दम पर लंबे समय तक सफलता की गारंटी नहीं होती। कपिल देव ने कहा अभी बहुत जल्दी है। क्या उसमें क्षमता है हां लेकिन क्रिकेट में ऐसे बहुत से खिलाड़ी रहे हैं, जो बहुत प्रतिभा के साथ आये और फिर धीरे-धीरे गायब हो गये। उन्होंने अपनी बात समझाने के लिए पूर्व भारतीय बल्लेबाज विनोद कांबली का उदाहरण दिया। कपिल ने कहा विनोद कांबली को देखिए। हम उनके बारे में क्या कहेंगे। कांबली को अपने शुरुआती दौर में भारतीय क्रिकेट का बेहद प्रतिभाशाली बल्लेबाज माना जाता था। हालांकि उनका अंतरराष्ट्रीय करियर उम्मीदों के मुताबिक लंबा और सफल नहीं रहा। कपिल देव इसी उदाहरण के जरिए वैभव को लेकर जल्दबाजी में भविष्यवाणी करने से बचने की सलाह दे रहे हैं। कपिल ने कहा कि वैभव अभी सिर्फ १५ साल के हैं और उनके सामने काफी लंबा समय है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ वर्षों में यह ज्यादा स्पष्ट होगा कि युवा बल्लेबाज अपने करियर को किस दिशा में ले जाता है। उसे तीन साल और दीजिए फिर हम बात करेंगे। कपिल ने वैभव के खेल के साथ-साथ उनके जीवन और सोच में आने वाले बदलाव को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे खिलाड़ी की जीवनशैली और सोच बदलती है उसी से पता चलता है कि वह आने वाले वर्षों में कैसा प्रदर्शन करेगा।

भारत-पाकिस्तान आठ नवम्बरको होंगे आमने-सामने



नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने अंडर-१९ एशिया कप २०२६ का कार्यक्रम जारी कर दिया। टूर्नामेंट पांच नवम्बर से ओमान में शुरू होगा और १४ नवम्बर को फाइनल खेला जायेगा। इस बार आठ टीमें खिताब के लिए उतरेंगी और सभी मुकाबले मस्कट स्थित ओमान क्रिकेट अकादमी (ओसीए) के ग्राउंड-एक और ग्राउंड-दो पर खेले जायेंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत छह नवम्बर को नेपाल के खिलाफ करेगी। इसके दो दिन बाद आठ नवम्बर को पाकिस्तान से मुकाबला होगा। ग्रुप स्टेज में भारत का आखिरी मैच १० नवंबर को यूएई के खिलाफ होगा। टूर्नामेंट ५० ओवर प्रारुप में होगा और कुल १५ मुकाबले खेले जायेंगे। भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, यूएई और नेपाल के साथ रखा गया है। वहीं ग्रुप-बी में बांगलादेश, अफगानिस्तान, श्रीलंका और मलयेशिया शामिल हैं। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला पांच नवम्बर को श्रीलंका और मलयेशिया के बीच होगा। इसी दिन ग्रुप-बी में बांगलादेश और अफगानिस्तान की टीमें भी आमने-सामने होंगी। दोनों मुकाबले पूर्वाह्न १०.३० बजे शुरू होंगे। श्रीलंका-

अण्डर-१९ एशिया कप का कार्यक्रम घोषित

मलयेशिया मैच ओसीए ग्राउंड-दो और बांगलादेश-अफगानिस्तान मैच ओसीए ग्राउंड-एक पर खेला जायेगा। पाकिस्तान मौजूदा चैम्पियन है। पिछले सीजन के फाइनल में पाकिस्तान ने भारत को १९१ रन से हराकर खिताब जीता था। यह पाकिस्तान का अंडर-१९ एशिया कप में दूसरा खिताब था। भारत ने अंडर-१९ एशिया कप के आठ खिताब १९८९, २००३, २०१२, २०१३-१४, २०१६, २०१८, २०१९ और २०२१ में जीते हैं। २०१२ में भारत और पाकिस्तान संयुक्त विजेता रहे थे। बांगलादेश ने २०२३ और २०२४ में लगातार दो खिताब जीते जबकि अफगानिस्तान २०१७ में पहली बार चैम्पियन बना।

साई बीएचयू को नौ स्वर्ण सहित १८ पदक

वाराणसी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) की बालिकाओं ने बेहतरीन खेलका प्रदर्शन करते हुए लखनऊ के गुरु गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज में हुई स्टेट जूनियर अथलेटिक्स चैम्पियनशिप में विभिन्न आयु वर्ग में नौ स्वर्ण सहित १८ पदक जीते। पीला तमगा हासिल करनेवालों में खुशी पटेल (लांग जम्प और १०० मीटर बाधा दौड़), अपूर्व गुर्जर (हेप्टा थलान), गुंजन यादव (१०० मीटर बाधा दौड़), पलक यादव (लांग जम्प और ८० मीटर बाधा दौड़), सेजल यादव (पेंटाथलान), अनन्या पाण्डेय (ट्रायथलान) शामिल रहीं जबकि गुंजन यादव (ऊंची कूद), सृष्टि मौर्य (८० मीटर बाधा दौड़), अंकित प्रजापति (पेंटाथलान), अन्नु कुमारी (ट्रायथलान और जैबलिन) ने रजत पदक हासिल किया। कांस्य पदक पानेवालों में नंदिनी पटेल (लांग जम्प), काजल कुमारी (१०० मीटर बाधा दौड़), सोनी यादव (ऊंची कूद), सेजल यादव (जैबलिन थ्रो) शामिल रहीं।

वाराणसी मण्डल का जीत से आगाज



वाराणसी। रफ्तार, विंग से सटीक आक्रमण और मजबूत दीवारके रूप में खड़ी गोलकीपर के दम पर वाराणसी मण्डल ने चित्रकूट में गुरुवारसे शुरू प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका हैण्डबाल प्रतियोगितामें बस्ती मण्डलको १४-८ से पराजित कर विजयी आगाज किया। राष्ट्रीय खिलाड़ियोंसे सुसज्जित वाराणसी मण्डलकी टीम ने शुरुआत से ही तेज और आक्रामक खेल दिखाया। वंशिका प्रजापति और मानसी यादव ने लेफ्ट विंग से लगातार हमले बोले जिससे बस्ती मण्डलकी टीम दबाव में आ गयी और ०-३ से पीछे हो गयी। हालांकि बस्ती मण्डलने काउंटर के जरिये वापसी की कोशिश की लेकिन उनके सामने विजेता टीम की गोलकीपर सेजल सिंह दीवार बनकर खड़ी रहीं। पहले हाफ में वाराणसी ने ८-४ की मजबूत बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में रितिका प्रजापति और तनु विश्वकर्मा ने कमान संभाली और बस्तीके डिफेंस

सब जूनियर बालिका हैण्डबाल बस्ती को १४-८ से हराया

लाइन में बनी कमजोरियों को पहचान कर लगातार हमले किये जिसका परिणाम रहा कि वाराणसी ने अंतिम सिटी बजनेके साथ मुकाबला १४-८ से अपने पक्षमें कर लिया। वाराणसीके लिए मानसी यादव ने तीन, रितिका प्रजापति, पूजा, नैंसी यादव, वंशिका प्रजापति और नैंसी ने दो-दो गोल किये जबकि तनु विश्वकर्मा ने एक गोल दागा।

स्टेफानोस सिटसिपास दूसरे दौर में

शंघाई (एजेन्सियां)। स्टेफानोस सिटसिपास ने गुरुवार को यहां शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में सीधे सेटों में जीत दर्ज की। सिटसिपास ने क्वलीफायर किमर कोप्पेजंस को ६-३, ७-५ से हराया। सिटसिपास का हाल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। जापान ओपन में वह दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाये थे जबकि अमेरिकी ओपन में चौथे दौर में बेन शेल्टन से हार गये थे। इस बीच आस्ट्रेलिया के बर्नार्ड टामिक ने शंघाई में क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में कजाकिस्तान के टिमोफे स्केटोव को ७-५, ६-४ से हराकर शीर्ष स्तर के टूर्नामेंट में वापसी की।

सिंधू क्वार्टर फाइनलमें

वाँती (एजेन्सियां)। दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने गुरुवार को यहां जापान की रिको गुनजी को हराकर आर्कटिक ओपन सुपर ५०० बैडमिण्टन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि पुरुष एकल खिलाड़ियों का इस पांच लाख डालर इनामी प्रतियोगिता में अभियान समाप्त हो गया। हैदराबाद की ३१ वर्षीय सिंधू ने दूसरे दौर के मुकाबले में गुनजी को २१-१५, २१-१५ से हराया। सिंधू ने जुलाई में जापान ओपन सुपर ७५० का खिताब जीता था। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी का सामना अब शीर्ष वरीय और पूर्व विश्व चैम्पियन थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन से होगा। हालांकि थारुन मान्नेपल्ली और तन्वी शर्मा के लिए दिन निराशाजनक रहा और दोनों को अपने एकल मुकाबलों में सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रंस के क्रिस्टो पोपोव ने मान्नेपल्ली को २१-१४, २१-१९ से हराया जबकि रतचानोक ने तन्वी को एकतरफा मुकाबले में २१-१८, २१-७ से शिकस्त दी।

बिमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए. द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल शुक्रवार, 9 अक्टूबर 2026

- मेष- स्वनिर्णय लाभकारी, आकस्मिक लाभ, सुसमाचार की प्राप्ति, निराशा का समापन।
- वृषभ- व्यापार में नवपरिवर्तन, सलाह से कामयाबी, उच्चाधिकारियों से संपर्क, शत्रु परास्त।
- मिथुन- मानसिक बेचैनी, गलतफहमी के शिकार, विपरीत घटनाएं घटित, लाभ में कमी।
- कर्क- धनसंचय में रुचि, मंगल आयोजन संपादित, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि, यात्रा सार्थक।
- सिंह- शुभकार्य संपन्न, कठिनाइयों का निराकरण, दाम्पत्यजीवन सुखद, कर्ज की अदायगी।
- कन्या- समय भाग्य पक्ष में, धनागम का सुयोग, परिजनों का सहयोग, प्रसन्नता का वातावरण।
- तुला- कार्यक्षमता में कमी, प्रतिष्ठा पर आघात, इच्छापूर्ति में बाधा, राजकीय पक्ष से उलझनें।
- वृश्चिक- परिश्रम से सफलता, प्रेमसम्बन्धों में मधुरता, घरेलू वातावरण सुखद, यात्रा से खुशी।
- धनु- व्यवसाय में धननिवेश, नवसम्पर्क उपयोगी, मानसम्मान में वृद्धि, धार्मिक यात्रा, सुखद।
- मकर- जनकल्याण में रुचि, आर्थिकपक्ष बेहतर, मनोरंजन में रुझान, मनोविनोद के अवसर।
- कुम्भ- व्यवसायिक हानि, स्वास्थ्य प्रतिकूल, अनावश्यक खर्च, सम्बन्धों में कटुता, निराशा।
- मीन- नवयोजना की शुरुआत, मानसिक राहत, सुसमाचार की प्राप्ति, प्रसन्नता का माहौल।

आज है जिनका जन्मदिन 9 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 9 का स्वामी ग्रह मंगल एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। जीवन संघर्षशील रहेगा। लेकिन हर परिस्थितियों में सामान्य रहेंगे। कठिनाईयों को सह लेंगे लेकिन किसी के समक्ष झुकना या हाथ फैलाना आपके लिए असहयनीय होगा। स्वाभिमानी भी होंगे। दूसरों को सहज ही अपना बना लेने में सक्षम होंगे। नेतृत्व गुण की में प्रधानता रहेगी। जनकल्याण के कार्यों में आपकी विशेष रूचि रहेगी। आपके साथ जो भी घटना घटित होगी। वह आकस्मिक रूप से होगी। स्वभाव उग्र होगा। शत्रुओं के प्रति कठोर रूख अपनायेंगे। जो भी निर्णय लेंगे स्वतंत्र लेंगे। गृहस्थ जीवन सामान्य-सा रहेगा। प्रेम-सौन्दर्य व संगीत प्रेमी भी होंगे। राजनैतिक-सामाजिक गतिविधियों में आपकी विशेष रूचि रहेगी। आराध्य देव की आराधना अवश्य करें। दैनिक जीवन में लाल रंग का प्रयोग अधिकतम करें। मंगलवार के दिन गुड़ या मिठाई ग्रहण करें एवं दान देवें। हित के लिए दूसरों का बुरा न चाहें। समाज सेवा निःस्वार्थ करें। सुख-सौभाग्य के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र	: ॐ अं अंगारकाय नमः	मास	: फरवरी, अक्टूबर एवं नवम्बर
व्रत	: मंगलवार	वर्ष	: 9, 18, 27, 36, 45, 54, 63, 72
दिन	: सोमवार, मंगलवार एवं गुरुवार	रंग	: लाल एवं नारंगी
दिनांक	: 9, 18, 27	जन्मरत्न	: मूंगा उपरत्न : लाल अकीक
अंक	: 1, 3, 6	जड़ी	: अनन्त मूल की जड़

यन्त्र

8	3	10
9	7	5
4	11	6

वर्ष का महत्वपूर्ण समय— 15 मार्च से 14 अक्टूबर, 31 अक्टूबर से 14 नवम्बर

सुडोकू ४०७८

				8				
					3		1	
	5						6	
		2						
8		9			7			
			6				4	3
				2		8		9
	7				1			

तरीका खेलने का -

3	1	2	4	9	8	6	7	5
5	7	6	2	3	1	8	9	4
8	9	4	5	6	7	1	2	3
4	2	7	6	8	9	5	3	1
1	8	3	7	5	4	9	6	2
6	5	9	1	2	3	4	8	7
9	4	8	3	1	2	7	5	6
2	6	1	8	7	5	3	4	9
7	3	5	9	4	6	2	1	8

हल ४०७७

छत्तीसगढ़ समाचार.............

रायपुर : युवा शक्ति ही करेगी विकसित और सशक्त भारत का निर्माण : मुख्यमंत्री



रायपुर (आ.स.से.)।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है और यही युवा शक्ति विकसित एवं सशक्त भारत के निर्माण की सबसे बड़ी ताकत बनेगी। उन्होंने युवाओं से बड़े सपने देखने, अपनी रुचि के अनुरूप लक्ष्य तय करने और पूरी मेहनत एवं समर्पण के साथ उन्हें हासिल करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए समय का सदुपयोग, निरंतर परिश्रम और अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प सबसे महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री श्री साय आज शाम राजधानी रायपुर के सड्डू में न्यूज 24 और लल्लूराम डॉट कॉम द्वारा आयोजित 'जेन नेक्स्ट संवाद श्यंग माइंड्स, मीनिंगफुल कन्वर्सेशंस' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री जेन-जी और जेन-अल्फा के विद्यार्थियों से रूबरू हुए। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री से उनके जीवन के संघर्ष, राजनीति, शिक्षा, राज्य के आर्थिक विकास, प्रतियोगी परीक्षाओं और जल संरक्षण सहित विभिन्न विषयों पर सवाल किए। मुख्यमंत्री श्री साय ने सहज और आत्मीय अंदाज में युवाओं के सवालों के जवाब दिए और अपने जीवन के अनुभव भी साझा किए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में जनता की सेवा करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 25 वर्ष पूरे किए हैं। इस अवसर पर पूरे देश में सेवा संकल्प अभियान मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वच्छ भारत मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जब लाल किले की प्राचीर से स्वच्छता का आह्वान किया था, तब इसे लेकर सवाल भी उठाए गए थे। आज स्वच्छता जन-जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। घर-घर शौचालय के निर्माण से माताओं-बहनों के सम्मान और स्वास्थ्य की रक्षा हुई तथा गांवों को खुले में शौच से मुक्ति मिली। स्वच्छ भारत मिशन ने स्वच्छता के प्रति सोच और व्यवहार दोनों में बड़ा बदलाव लाया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर सशक्त और समृद्ध राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को भारत के सामर्थ्य और दृढ़ इच्छाशक्ति से परिचित कराया है। उन्होंने कहा कि आर्थिक दृष्टि से भी भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है और आज पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने हालिया सिंगापुर प्रवास का उल्लेख करते हुए कहा कि चार दिनों के प्रवास के दौरान उनकी अनेक प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों से चर्चा हुई। वहां उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने भी प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का उल्लेख किया। युवाओं से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने विद्यार्थी जीवन की स्मृतियां भी साझा कीं। उन्होंने कहा कि आप सभी से चर्चा करते हुए मुझे अपना बचपन याद आ रहा है। जब मैं बगिया गांव के प्राथमिक विद्यालय में पढ़ता था, तब हमारे स्कूल में पांचवीं बोर्ड की परीक्षा देने की व्यवस्था तक नहीं थी। परीक्षा देने के लिए कई किलोमीटर दूर दूसरे गांव जाना पड़ा और वहां पांच दिनों तक रुककर परीक्षा दी। उस समय स्कूल भवन भी कच्चे होते थे और बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से विस्तार हुआ है और उच्च शिक्षा की विभिन्न संस्थाएं प्रदेश में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि पहले राज्य में केवल एक मेडिकल कॉलेज था, जबकि आज 15 मेडिकल कॉलेज हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आज उन्हें शिक्षा के जो अवसर और सुविधाएं मिल रही हैं, उनका भरपूर सदुपयोग करें और अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें।

धोखा धड़ी के मामले में गाजियाबद से धरदबोचा



रायपुर (आ.स.से.)। 'सोने का बिस्किट दिलाने का लालच देकर लोगों से धोखाधड़ी करने के मामले में थाना रानीतराई पुलिस ने आरोपी को गाजियाबाद से गिरफ्त किया'।- 'प्रार्थी की शिकायत पर थाना रानीतराई में अपराध क्रमांक 16/2026 धारा 318(4), 3(5), 111 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था।' 'विवेचना के दौरान संदिग्ध मोबाइल नंबरों की तकनीकी जानकारी से आरोपियों के दूसरे राज्य में होने की जानकारी प्राप्त हुई।' 'पुलिस टीम ने आवश्यक अनुमति प्राप्त कर गाजियाबाद उत्तर प्रदेश पहुंचकर आरोपी की तलाश की और उसे विधिवत गिरफ्तार किया।' 'पूछताछ में आरोपी द्वारा मोबाइल धारक राहुल कुमार के साथ मिलकर लोगों से धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया, जिसके बाद आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।' मुख्य बिंदु -थाना रानीतराई पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के प्रकरण में तकनीकी साक्ष्यों एवं मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी की पहचान कर दूसरे राज्य गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से गिरफ्तारी की गई। संक्षिप्त विवरण-प्रार्थी समीर साहू, निवासी ग्राम रेंगाकठोरा द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला दुर्ग के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की गई थी। शिकायत थाना रानीतराई में प्राप्त होने पर प्रथम दृष्टया अपराध घटित होना पाए जाने से अपराध क्रमांक 16/2026 धारा 318(4), 3(5), 111 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान संदिग्ध मोबाइल नंबर की तकनीकी जानकारी प्राप्त की गई। मोबाइल नंबरों की लोकेशन दूसरे राज्य में पाए जाने पर नियमानुसार आवश्यक अनुमति प्राप्त कर थाना रानीतराई से पुलिस टीम रवाना की गई। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी जानकारी के आधार पर थाना इंदिरापुरम, जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश क्षेत्र में आरोपी की तलाश की गई। पुलिस टीम द्वारा आर.पी विश्वजीत मौर्य को पकड़कर पूछताछ की गई, जिसमें उसके द्वारा मोबाइल धारक राहुल कुमार के साथ मिलकर लोगों से धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया।



सपनों का रूप

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

सपनों के पाँच प्रकार होते हैं। पहला प्रकार उन सपनों का है, जो हमारे बीते हुए अनुभवों से बनते हैं। मन पर जो संस्कार अंकित हो जाते हैं, वही सक्रिय होकर सपनों का रूप ले लेती हैं। यह सपनों का पहला प्रकार है। दूसरा प्रकार हमारी इच्छाओं और भय से जुड़ा होता है। जिन इच्छाओं की पूर्ति अभी तक नहीं हुई है या जो डर हमारे भीतर छिपे हुए हैं, वे सपनों के रूप में प्रकट होते हैं। यदि आपको प्यास लगी है, लेकिन आलस्य के कारण आप पानी पीने नहीं उठे और विश्राम करते रहे, तो सपने में आप स्वयं को पानी पीते हुए देख सकते हैं। इसी प्रकार, यदि किसी बात का भय मन में है, तो वही भय सपने के रूप में दिखाई देता है। तीसरा प्रकार उन सपनों का है, जिनमें भविष्य की झलक मिलती है। जो घटनाएँ अभी घटी नहीं हैं और जिनके बारे में हमें कोई जानकारी भी नहीं है, वे कभी-कभी सपनों में दिखाई दे सकती हैं। यह एक प्रकार की दूरदृष्टि होती है। चौथा प्रकार उन सपनों का है, जिनका संबंध आपसे नहीं, बल्कि उस स्थान से होता है जहाँ आप सो रहे होते हैं। किसी नए स्थान पर सोने से वहाँ के वातावरण, ऊर्जा या प्रभाव के कारण अनजान चेहरे, अनजानी भाषाएँ या अपरिचित दृश्य सपनों में दिखाई दे सकते हैं। पाँचवाँ प्रकार इन सभी का मिश्रण होता है। जैसे आप सपने में देखते हैं कि आप ट्रेन में बैठे हैं, फिर वही ट्रेन पानी में तैरने लगती है और नाव बन जाती है। ऐसे सपने कई तत्वों का सम्मिश्रण होते हैं। अधिकांश सपने पाँचवें प्रकार के होते हैं। लगभग 90प्रतिशत सपने मिश्रित प्रकृति के होते हैं। अतः उनके बारे में अधिक सोचने की आवश्यकता नहीं है। यदि कोई सुंदर सपना आया तो अच्छा है, प्रसन्न हो जाइए। यह पूरा संसार एक सपना है। कल जो कुछ भी आपने अनुभव किया, वह उस समय आपको बहुत वास्तविक लगा होगा, लेकिन आज वह सब एक सपने जैसा प्रतीत होता है । आप स्कूल गए, कॉलेज गए, क्या वह सब अभी इस क्षण मौजूद है? क्या वह किसी सपने से अधिक है? जब तुम सच में जागते हो, तब समझ में आता है कि सब कुछ सपने जैसा ही था। जो समाप्त हो चुका। जो भी क्षण बीत गया, वह सपना है। यह वर्तमान क्षण भी एक सपना है। भविष्य के बारे में जो कल्पनाएँ हैं- कल या परसों की - वे भी सपने ही हैं। ज्ञान यह है कि पूरे जीवन को एक सपने की तरह देखा जाए।

जब तुम सच में जागते हो, तब समझ में आता है कि सब कुछ सपने जैसा ही था। जो समाप्त हो चुका। जो भी क्षण बीत गया, वह सपना है। यह वर्तमान क्षण भी एक सपना है। भविष्य के बारे में जो कल्पनाएँ हैं- कल या परसों की - वे भी सपने ही हैं। ज्ञान यह है कि पूरे जीवन को एक सपने की तरह देखा जाए।

औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओंको प्राथमिकताके साथ तेजीसे पूरा करायें-योगी



लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सीएम-समीक्षा की 8वीं उच्चस्तरीय बैठक में विकास परियोजनाओं, औद्योगिक निवेश, ऊर्जा, कौशल विकास, श्रमिक कल्याण और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चल रही बड़ी परियोजनाओं को केवल प्रक्रियाओं तक सीमित न रखा जाए,उन्हें समयबद्ध ढंग से धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने कहा कि अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी हों या फील्ड में तैनात अधिकारी, औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की परियोजनाओं को प्राथमिकता के साथ तेजी से पूरा कराएं। भूमि अधिग्रहण, स्वीकृति, निविदा और अंतरविभागीय समन्वय से जुड़ी बाधाओं का तत्काल समाधान किया जाए।एक्सप्रेसवे परियोजनाओं की समीक्षा में बताया गया कि चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के लिए चार निविदाएं प्राप्त हो चुकी हैं और अक्टूबर में निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। फर्रुखाबाद, आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक, झांसी और जेवर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 80 से 91 प्रतिशत तक भूमि उपलब्ध हो चुकी है। मेरठ-हरिद्वार, विंध्य और विंध्य-पूर्वांचल स्पर एक्सप्रेसवे के लिए सत्यापन कार्य पूरा हो चुका है और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने संबंधित जिलाधिकारियों से अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए शेष भूमि संबंधी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में ग्रेटर नोएडा के मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब की भी समीक्षा हुई। यहां 323 हेक्टेयर में से 301 हेक्टेयर भूमि पर कब्जा प्राप्त हो चुका है। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक परियोजनाओं में आवश्यक प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिए। महिला श्रम सहभागिता बढ़ाने के लिए कामकाजी महिला छात्रावासों की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने इनके निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रावासों के निर्माण के साथ उनके प्रभावी संचालन के लिए भी अच्छी और उपयोगी नीति तैयार की जाए।

जीबीसी@5.0 के लिए 7.55 लाख करोड़ की ७००० परियोजनाएं तैयार, सभी ७५ जिलों को मिलेगा लाभ

लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश में निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने की दिशा में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी @ 5.0 की तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को उच्चस्तरीय बैठक में समारोह की तैयारियों के साथ प्रस्तावित निवेश परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। वर्तमान स्थिति के अनुसार जीबीसी @5.0 के माध्यम से प्रदेश के सभी 75 जिलों में लगभग 7,000 परियोजनाओं के जरिए 7.55 लाख करोड़ से अधिक का निवेश धरातल पर उतरने को तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं से जुड़ी स्वीकृतियों, भूमि, आधारभूत सुविधाओं और अन्य प्रक्रियाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए, ताकि निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा न आए।

हाईकोर्ट ने अनुपालन रिपोर्ट में देरी पर जतायी नाराजगी

प्रयागराज (आससे.)। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग के प्रमुख सचिव को दिए गए आदेश का एक महीने तक पालन न करने पर कड़ी नाराज़गी जताई है। न्यायमूर्ति तेज प्रताप तिवारी ने दीपक पाल की आपराधिक अपील की सुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों को इसके लिए स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया।कोर्ट ने 2 सितंबर 2026 को विस्तृत आदेश पारित कर प्रमुख सचिव, स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार को 30 सितंबर 2026 तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। केस की सुनवाई के समय सरकारी अधिवक्ता ने ऐसी किसी रिपोर्ट की जानकारी न होने की बात कही।और दो दिन का अतिरिक्त समय मांगा।

इंफोसिस, टीसीएस समेत आठ आईटी कंपनियों पर अमेरिकाने लगायी रोक

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका ने आठ आईटी कंपनियों को परमानेंट लेबर सर्टिफिकेशन प्रोग्राम से निलंबित कर दिया है। सरकार ने विदेशी कर्मचारियों के आंकड़ों का हवाला दिया। आखिर अमेरिका ने यह कदम क्यों उठाया? अमेरिका ने बड़ी आईटी कंपनियों पर बड़ा कदम उठाते हुए आठ कंपनियों को परमानेंट लेबर सर्टिफिकेशन प्रोग्राम (स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रम) से निलंबित कर दिया है। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि

हजारों विदेशी नौकरियों पर असर

इस फैसले के बाद इन कंपनियों से जुड़े नए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे और लंबित आवेदनों की प्रक्रिया भी आगे नहीं बढ़ेगी। अमेरिकी श्रम मंत्री कीथ सोंडरलिंग ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। इस दौरान उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और अमेरिकी एंटी-फ्रॉड टास्क फोर्स के प्रमुख भी मौजूद थे। सोंडरलिंग ने कहा कि दुनिया की कुछ बड़ी आईटी आउटसोर्सिंग कंपनियों को स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रम से निलंबित किया जा रहा है। इनमें कॉग्निजेंट, इंफोसिस, टाटा, विप्रो, एचसीएल और कैपजेमिनी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिकी श्रम विभाग ने माइक्रोसॉफ्ट और एडोब को भी इस कार्यक्रम से निलंबित किया है। इस फैसले के तहत इन कंपनियों से जुड़े किसी नए स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रम आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। पहले से लंबित आवेदनों पर भी प्रक्रिया रोक दी जाएगी।अमेरिकी श्रम मंत्री ने इन कंपनियों के पुराने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि वर्ष 2009 से अब तक सिर्फ इन कंपनियों ने करीब 30 लाख विदेशी कर्मचारियों के लिए आवेदन किए हैं। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों के कर्मचारियों के लिए 2.30 लाख से ज्यादा एच-1बी वीजा मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा एक लाख से ज्यादा स्थायी श्रम प्रमाणन भी जारी किए गए हैं। सोंडरलिंग ने दावा किया कि इससे अमेरिकी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध सैकड़ों हजारों नौकरियां प्रभावित हुईं।

एंटीलिया केस, आरोपी इंस्पेक्टर वझे की जमानत पर रोक

मुंबई (आससे.)। एनआईए ने वझे को 13 मार्च 2021 को गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी एंटीलिया बम कांड और मनसुख हिरेन की हत्या से जुड़े केस में हुई थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को पूर्व एपीआई सचिन वझे की महंगी कारों और ओबेरॉय होटल में 100 दिन ठहरने पर सवाल उठाए। एनआईए की जमानत के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पूछा कि असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर रैंक का अफसर मर्सिडीज और बीएमडब्ल्यू जैसी महंगी कारें कैसे इस्तेमाल करता था। एनआईए ने बताया कि वझे इन कारों से पुलिस कमिश्नर के ऑफिस और मुख्यमंत्री के बंगले तक जाते थे। कोर्ट ने इन तथ्यों को वझे पर लगे जबरन वसूली के आरोपों से जोड़कर देखा। वझे 2021 के एंटीलिया बम कांड और कारोबारी मनसुख हिरेन की हत्या के आरोपी हैं। एनआईए ने विशेष अदालत के 29 सितंबर के जमानत आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने वझे की जमानत पर रोक 14 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। वह फिलहाल ठाणे सेंट्रल जेल में है। ओबेरॉय होटल में 100 दिन ठहरने पर कोर्ट ने पूछा-एपीआई की सैलरी से यह कैसे संभव? कोर्ट ने सचिन वझे के ओबेरॉय होटल में करीब 100 दिन ठहरने पर भी सवाल उठाए।

देखो पूरा देश, पर सबसे पहले मध्यप्रदेश-मुख्यमंत्री

भोपाल (आससे.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश की अर्थव्यवस्था को 3 ट्रिलियन तक ले जाने का जो लक्ष्य रखा है, टूरिज्म उसका एक बहुत बड़ा पार्ट है। प्रधानमंत्री मोदी के तीन मंत्रों - देखो अपना देश, वोकल फ़ॉर लोकल और ट्रिपल टी यानी टेक्नोलॉजी, ट्रेड और टूरिज्म ने भारत के पर्यटन को नई दिशा दे दी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में पर्यटकों की संख्या और संभावनाएं दोनों बढ़ रही है क्योंकि पर्यटन अब सिर्फ़ घूमने-फिरने और प्रकृति को एक्सप्लोर करने का ही विषय नहीं रहा, यह हमारी कला-संस्कृति के प्रसार, रोज़गार, निवेश और आर्थिक विकास का माध्यम बन चुका है। उन्होंने प्रदेश के नागरिकों से कहा कि यद्यपि पर्यटन के लिए पूरे देश में अनेकानेक स्थल हैं, तथापि जब भी पर्यटन के लिए निकलें, तो सबसे पहले अपने मध्यप्रदेश को ही चुनें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को प्रदेश के पर्यटन विकास, पर्यटकों की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि और टूर ऑपरेटर्स, होटल व्यवसायियों व होमस्टे संचालकों जैसे हितग्राहियों को व्यावसायिक गतिविधियों के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में 'मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट 2026' के 7वें संस्करण का शुभारंभ किया।

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने वायुसेना दिवस पर दी बधाई

नयी दिल्ली (आससे)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित तमाम नेताओं व केंद्रीय मंत्रियों ने वायु सेना दिवस पर सैनिकों और उनके परिवारों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत को उन पर गर्व है और पूरा देश आसमान की रक्षा करने के उनके साहस और समर्पण को सलाम करता है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि वायु सेना ने व्यावसायिकता, अनुशासन और तत्परता के उच्च मानकों को बनाए रखते हुए देश की अनुकरणीय सेवा की है। साथ ही राष्ट्रपति ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश की सुरक्षा को अक्षुण्ण रखने में भारतीय वायु योद्धाओं के साहस, सटीकता और परिचालन तत्परता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि वायु सेना ने आपदाओं और मानवीय संकटों के दौरान भी बहुमूल्य सहायता प्रदान की है। महामहिम ने कहा कि उनका यह समर्पण देश के लिए प्रेरणा और गौरव का स्रोत बना हुआ है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वायु सेना का शौर्य, व्यावसायिकता और कर्तव्य के प्रति अटूट निष्ठा देश की संप्रभुता की रक्षा करना जारी रखे हुए है और राष्ट्र को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि मानवीय सहायता और आपदा राहत में वायु सेना की भूमिका संकट के समय मानवता की सेवा के प्रति उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि भारत को अपने वायुसेना योद्धाओं पर गर्व है। वायुसेना दिवस पर, आसमान की रक्षा करने के उनके साहस और समर्पण को हम सलाम करते हैं! रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वायु योद्धाओं ने हमेशा देश की रक्षा की है और जब भी देश के सामने कोई संकट आया है, वे अटूट प्रतिबद्धता के साथ उस परिस्थिति का सामना करने के लिए आगे आए हैं।





मातृभूमि की स्वतंत्रता के प्रयास में महान योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की परिचय श्रृंखला में आज 'मातृभूमि सेवा संस्था' तथा हिन्दी दैनिक समाचार पत्र 'आज' प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार, कवि, साहित्यकार तथा प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता 'गोपबंधु दास जी' के जीवन पर प्रकाश डालने का प्रयास करेगी, जिन्हें भारत के पूर्वी प्रांत उड़ीसा में उत्कल मणि व दरिद्र सखा अर्थात् शगरीबों के मित्रश के नाम से जाना जाता है। 09.10.1877-17.06.1928 उड़ीसा राज्य में जब भी राष्ट्रीयता और स्वाधीनता संग्राम की बात की जाती है, तब लोग उन्हें गोपबंधु दास जी का ही नाम लेते हैं। गोपबंधु दास जी ने उत्कल के विभिन्न अंचलों को संगठित करके पूर्ण उड़ीसा राज्य बनाने की जी-जान से कोशिशें की थीं। उत्कल के दैनिक पत्र समाज के ये संस्थापक थे। गोपबंधु दास जी का जन्म 09.10.1877 को उड़ीसा के पुरी जिले में साक्षी गोपाल के निकट सुआंडो नामक गाँव में हुआ था। इनके पिता का नाम दैतारि दास तथा माता का नाम स्वर्णमायी देवी था। इनका सम्बन्ध एक गरीब ब्राह्मण परिवार से था। गोपबंधु दास जी ने पुरी, कटक तथा कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) में शिक्षा ग्रहण की थी। इन्होंने कोलकाता विश्वविद्यालय से सन् 1906 में एल.एल.बी. की डिग्री प्राप्त की। शिक्षा पूरी करने के बाद गोपबंधु दास जी आजीविका के लिए वकालत करने लगे। वर्ष 1909 में गोपबंधु दास जी ने साक्षी गोपाल में एक हाई स्कूल की स्थापना की। यह विद्यालय शांतिनिकेतन की भाँति खुले वातावरण में शिक्षा देने का एक नया प्रयोग था। गोपबंधु दास जी जीवन पर्यंत शिक्षा, समाज सेवा और राष्ट्रीय कार्यों में संलग्न रहे। राष्ट्रीय भावना इनके अन्दर बाल्यकाल से ही विद्यमान थी। गोपबंधु दास जी विद्यार्थी जीवन से ही उत्कल सममिलनी संस्था में शामिल हो गये थे। इस संस्था का एक उद्देश्य सभी उड़िया भाषियों को एक राज्य के रूप में संगठित करना भी था। वह सन् 1920 में उत्कल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पहले अध्यक्ष बने। सन् 1921 में उन्होंने उड़ीसा में असहयोग आंदोलन की अगुवाई की। सन् 1922 में उन्हें फिर से गिरफ्तार किया गया, जब उन्हें 02 साल की जेल की सजा मिली। उन्हें 26.06.1924 को हजारीबाग जेल से रिहा किया गया था। उन्होंने इसे स्वतंत्रता संग्राम की अग्रवाहिनी बनाया। जब महात्मा गाँधी ने असहयोग आन्दोलन प्रारम्भ किया तब गोपबंधु दास जी ने अपनी संस्था को कांग्रेस में मिला दिया। गोपबंधु दास जी उड़ीसा में राष्ट्रीय चेतना के अग्रदूत थे। स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने अनेक बार जेल की यात्राएँ कीं। गोपबंधु दास जी लाला लाजपत राय द्वारा स्थापित सर्वेन्ट ऑफ दी प्यूपल सोसायटी के भी सदस्य बने थे। सन् 1919 में गोपबंधु दास ने शसमाजश नामक एक साप्ताहिक अखब्बार निकाला। सन् 1930 में यह दैनिक अखबार बन गया। अब गोपबन्धु सामाजिक सेवाओं के प्रति समर्पित हो गये। गोपबन्धु दास जी एक प्रसिद्ध लेखक और साहित्यकार भी थे। उन्होंने कुछ कविताएँ तथा गद्य लिखे, उनमें से निम्न थे-धर्मपद, गो माहात्मय, 'बन्दीर आत्मकथा' - एक कैदी की आत्मकथा, 'अवकाश चिन्ता' - लेजर टाइम थोट्स, 'कारा कविता' - जेल में लिखी कविताएँ, नचिकेता उपाख्यान - नचिकेता की कहानी अप्रैल 1928 में गोपबंधु दास जी लोक सेवक मंडल के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष बने। लाहौर में एक समाज की बैठक में भाग लेने के दौरान वे बीमार हो गए और 17.06.1928 को उनका निधन हुआ। - 'राकेश कुमार'

मातृभूमि सेवा संस्था

9891960477-क्रांतिकारियों के जीवन पर निर्मित कैलेंडर प्राप्त करने हेतु संपर्क सूत्र।

कार्यालय जिलाधिकारी, मीरजापुर
(खनिज अनुभाग)

पत्रांक– 2096 / खनिज / पत्थर / ई–निविदा / 2026 दिनांक 05.10.2026

ई–निविदा आमंत्रण सूचना (प्रेस नोट)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद मीरजापुर की तहसील लालगंज स्थित;ग्रामसभा कठवार, ग्राम डांगरखेड़ी के अन्तर्गत मेजा–जरगो लिंक नहर के आन्तरिक स्लोप स्टेबिलाइजेशन के कार्य से नहर के दायें बैंक से ओवरबर्डन हटाने एवं आन्तरिक सेक्शन के साइड स्लोप पर लाइनिंग कार्य के दौरान खुदाई में निकले हुए उपखनिज सैण्डस्टोन (गिट्टी / बोल्डर), जो नहर के दायें एवं बायें बैंक पर एकत्रित किये गये हैं, को निस्तारित किये जाने हेतु शासनादेश संख्या 2595 / 86–2018–12 (सामान्य) / 2018 दिनांक 03 / 12 / 2018 में दिये गये निर्देशानुसार राजस्व / जनहित में ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नवत् है:–

तहसील / ग्राम	स्थल का विवरण	भण्डारित क्षेत्र का जियो–कोआर्डिनेट	उपखनिज का नाम	निर्माण कार्य से निकले पत्थर (गिट्टी / बोल्डर) की मात्रा	पत्थरों का आरक्षित मूल्य (घन मी X रायल्टी दर रू0 140 प्रति घन मी0)	निविदा की न्यूनतम रा"ा (अर्नेस्ट मनी)
1	2	3	4	5	6	7
तहसील लालगंज स्थित ग्रामसभा कठवार, ग्राम डांगरखेड़ी	कि0मी0 20.00 से कि0मी0 21.00 के मध्य नहर के बीच खुदाई से निकले पत्थर नहर के दोनो पटरियों पर जगह–जगह व आस–पास में भण्डारित है ग्रामसभा कठवार ग्राम डांगरखेड़ी	25°00'01.14"N 82° 23'52.43"E से 25°00'35.18"N 82° 24'04.73"E के मध्य नहर के दोनो तरफ उपखनिज सैण्डस्टोन भण्डारित है।	सैण्डस्टोन (गिट्टी / बोल्डर)	18,928 घ0मी0	26,49,920	6,62,480

उक्त विवरण के अनुसार भण्डारित उपखनिज सैण्डस्टोन गिट्टी / बोल्डर को 03 माह की अवधि में निस्तारित किये जाने हेतु ई–निविदा दिनांक 17 / 10 / 2026 पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक 22 / 10 / 2026 समय अपरान्ह 5.00 बजे तक वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है, जिसे दिनांक 23 / 10 / 2026 को दोपहर 02:00 बजे गठित समिति के समक्ष क्वैरी कार्यालय, मीरजापुर में खोली जायेगी। विस्तृत सूचना eProcurement Portal https://etender.up.nic.in पर एवं खनिज कार्यालय, मीरजापुर से प्राप्त की जा सकती है।

(पवन कुमार गंगवार)
जिलाधिकारी,
मीरजापुर।

उ.प्र.—257748
दिनांक—07.10.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ज्ञानपुर नहर प्रखण्ड, भदोही

अल्पकालिक ई-निविदा सूचना संख्या:-03/E.E./2026-27
ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों की निविदा

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदे"। की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाइन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से टेक्निकल एवं फाइनें"ियल बिड सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत फर्मो / निविदादाताओं से दिनांक 19.10.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन दिनांक 19.10.2026 का अपरान्ह 02:.00 बजे से मुख्य अभियन्ता (सोन) सिंचाई विभाग, उ0प्र0, वाराणसी द्वारा गठित समिति द्वारा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में ऑनलाइन खोली जायेगी बिड / निविदा दिनांक 13.10.2026 के पूर्वान्ह 10.00 बजे से डाउनलोड / अपलोड किया जा सकता है। कार्यालय में अवका"। होने की द"ाा में यह बिड / निविदा अगले कार्यालय दिवस मे उसी समय खोली जायेगी।

लाट सं0	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू0 लाख)	धरोहर धनरा"ा (रू0 लाख)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मुल्य रू0	पंजीकृत निविदादाता की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	भदोही राजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 5. 570 तक स्कैपिंग का कार्य।	2.65	0.26	20 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
2	भदोही राजवाहा के कि0मी0 20.370 से कि0मी0 35.000 तक आन्तरिक सेक्"ान में स्कैपिंग एवं सिल्ट सफाई का कार्य।	7.31	0.73	25 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
3	भदोही राजवाहा के कि0मी0 35.000 से कि0मी0 53.000 तक आन्तरिक सेक्"ान में स्कैपिंग एवं सिल्ट सफाई का कार्य।	8.78	0.88	25 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
4	चौरीकला माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 6. 500 तक स्कैपिंग का कार्य।	1.75	0.17	20 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
5	गिर्दकोट राजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 14.600 तक आन्तरिक सेक्"ान मे स्कैपिंग का कार्य।	7.04	0.70	25 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
6	गरौरा राजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 6. 000 तक सिल्ट सफाई एवं कि0मी0 6.000 से कि0मी0 14.100 तक स्कैपिंग का कार्य।	6.77	0.68	25 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
7	कोछिया माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 7. 000 तक आन्तरिक सेक्"ान में स्कैपिंग का कार्य।	1.92	0.19	20 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
8	खेमईपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 7. 400 तक आन्तरिक सेक्"ान में स्कैपिंग का कार्य।	2.00	0.20	20 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
9	गोपालपुर राजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 5.500 तक आन्तरिक सेक्"ान में स्कैपिंग का कार्य।	2.63	0.26	20 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
10	भगवानपुर राजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 11.500 के मध्य आन्तरिक सेक्"ान में स्कैपिंग का कार्य।	5.52	0.55	25 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
11	सीखड़ राजवाहा के कि0मी0 7.000 से कि0मी0 25. 000 तक आन्तरिक सेक्"ान में स्कैपिंग का कार्य।	8.76	0.88	25 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
12	सीखड़ राजवाहा के कि0मी0 26.000 से कि0मी0 41.000 तक आन्तरिक सेक्"ान में स्कैपिंग का कार्य।	7.25	0.72	25 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
13	छत्रभानपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 6.800 तक आन्तरिक सेक्"ान में स्कैपिंग का कार्य।	1.83	0.18	20 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
14	भुआलपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 9. 800 तक आन्तरिक सेक्"ान में स्कैपिंग का कार्य।	2.67	0.27	20 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
15	इनारगांव राजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 5.000 के मध्य आन्तरिक भाग सिल्ट सफाई / स्कैपिंग का कार्य।	2.37	0.24	20 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
16	डीघ राजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 17. 800 के मध्य आन्तरिक भाग सिल्ट सफाई / स्कैपिंग का कार्य।	8.60	0.86	25 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर
17	लक्ष्मणपुर राजवाहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 9.000 तक आन्तरिक सेक्"ान में स्कैपिंग का कार्य।	5.08	0.51	25 दिवस	856.00	C श्रेणी के या उसके ऊपर

उ.प्र.:— 257687
दिनांक:— 07.10.2026

(सुधीर कुमार पाल)
अधिशासी अभियन्ता
ज्ञानपुर नहर प्रखण्ड, भदोही

वेबसाईट:— www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया

पत्रांक– 3528 / 4ए दिनांक– 01.10.2026

ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

1– इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई–टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनॉक 13.10.2026 से दिनॉक 19.10.2026 को 12:00 बजे तक आनलाइन अपलोड की जा सकती है एवं दिनॉक 19.10.2026 को ही अपरान्ह 12:30 बजे तकनीकी बिड आनलाइन खोली जायेगी। उक्त कार्यों के लिये लोक निर्माण विभाग में क्लास "ए एवं बी सेतु श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगें। निविदा सम्बन्धित समस्त जानकारी हेतु निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

2– कार्यो का विवरण

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य को पूर्ण करने की अवधि	कार्य सम्पादित कराने वाले अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
स्वीकृति की प्रत्याशा में राज्य योजना के कार्य (बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार)										
1	बलिया	जनपद बलिया में पंथी के पुरवा लोक निर्माण विभाग के किमी0–1 पर दोहरीघाट नहर पर पुलिया एवं एप्रोच मार्ग का निर्माण कार्य	109.60	7.48	(स्टेशनरी चार्जेज+ निविदा मूल्य+जी. एस.टी.) 2590.00	10 माह, वर्षा ऋतु सहित	अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया	अधीक्षण अभियन्ता, बलिया वृत्त, लो0नि0वि0, बलिया	मुख्य अभियन्ता, आजमगढ़ क्षेत्र, लो0नि0वि0, आजमगढ़	ए. बी.
2	बलिया	जनपद बलिया में चढ़िया चट्टी से अम्बेडकर ग्राम मसूरिया मार्ग पर क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर नई पुलिया का निर्माण कार्य	110.28	7.52	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
3	बलिया	जनपद बलिया में आर0एन0टी0 जमुआव सद्दोपुर मार्ग पर क्षतिग्रस्त एवं सकरी पुलिया के स्थान पर नई पुलिया का निर्माण कार्य	110.19	7.51	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव

3– निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक–13.10.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह से दिनांक 19.10.2026 के अपरान्ह 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है।

4– ई–टेन्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर सबमिट करने की अंतिम तिथि– 19.10.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक है तथा तकनीकी बिड दिनांक–19.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बलिया में खोली जायेंगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैधता पूर्ववत होगा। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय एवं तिथि वेबसाईट पर बाद में दर्शायी जायेगी।

5– शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा।


6– शासनादेश सं0–1 / 2018–3070 / 78–2–2013 / 42आई0टी0 / 2017 (22) दिनांक–03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग / कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

नोट– निविदा की समस्त शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(कमला कान्त)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
बलिया

उ.प्र.—257663
दिनांक—07.10.2026

वेबसाइटः- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।



...चला गया सिनेमा का क्रांतिवीर

नाना पाटेकर फिल्म अभिनेता के साथ लेखक और फिल्म निर्माता भी थे। नाना हिन्दी फिल्मों के मशहूर अभिनेता माने जाते हैं। उनके अभिनय के सभी कायल हैं और यही कारण है कि उन्हें आज तक कई बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें पद्मश्री सम्मान भी मिल चुका है। वे इंडस्ट्री में अपने डॉयलाग को बोलने की स्टाइल को लेकर काफी मशहूर थे। उनके अभिनय के दीवाने आपको हर आयु वर्ग में मिल जाएंगे। नाना का जन्म मुरुड-जंजीरा, रायगढ़, महाराष्ट्र में हुआ था। उनके पिता का नाम दिनकर पाटेकर और मां का नाम संजनाबाई पाटेकर है। नाना की पढ़ाई सर जे जे इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाईड आर्ट, मुंबई से हुई थी। नाना पाटेकर का विवाह 1978 में नीलाकांती पाटेकर से हुआ था। दोनों लंबे समय से अलग रह रहे थे, हालांकि उनका कानूनी तलाक नहीं हुआ था। दंपति के दो बेटे थे-दुर्वासा पाटेकर और मल्हार पाटेकर; दुर्वासा का बचपन में निधन हो गया था। मल्हार पाटेकर फिल्म निर्माण और निर्देशन से जुड़े रहे हैं और उन्होंने असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम किया था। नाना के करियर की शुरुआत फिल्म गमन से हुई थी लेकिन इंडस्ट्री में उन्हें फिल्म परिंदा से नोटिस किया गया जिसमें उन्होंने खलनायक की भूमिका अदा की थी। इस फिल्म में उनके अभिनय के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार भी दिया गया। इसके बाद उन्होंने कई अच्छी फिल्मों में काम किया और अपने अभिनय का लोहा मनवाया। क्रांतिवीर, खामोशी, यशवंत, अब तक छप्पन, अपहरण, वेलकम, राजनीति उनकी प्रमुख फिल्मों में से एक हैं।

नाना पाटेकर का करीब पांच दशक लंबा फिल्मी करियर रहा। उन्होंने थिएटर से शुरुआत की और बाद में फिल्मों का रुख किया। गमन, अंकुश, परिंदा, क्रांतिवीर, तिरंगा, अब तक छप्पन, अपहरण और वेलकम जैसी फिल्मों में उन्होंने यादगार भूमिकाएं निभाई थीं। जनवरी, 1951 को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के गांव मुरुद-जंजीरा में जन्मे विश्वनाथ गजानन पाटेकर, जिन्हें दुनिया ने नाना पाटेकर के नाम से जाना। बगावती तेवर वाले नाना बचपन से ही बाकी बच्चों से अलग रहे। समाज की कुरीतियों को कला के माध्यम से दिखाना चाहते थे। इसलिए पहले थिएटर में आए, फिर फिल्मों का रुख किया। नाना अपने गुस्सैल स्वभाव के लिए भी चर्चा में रहते थे। जब रवि चोपड़ा ने उन्हें रेपिस्ट का रोल ऑफर किया तो उन्होंने गाली दे दी थी। फिल्म परिंदा की शूटिंग के वक्त नाना और फिल्म के डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा भिड़ गए थे। नाना के पिता टेक्सटाइल पेंटिंग का छोटा सा बिजनेस चलाते थे। नाना जब 13 साल के थे, तभी किसी ने पिता के साथ फ्रॉड कर दिया। रातों-रात बिजनेस चौपट हो गया। सारी प्रॉपर्टी बिक गई। पैसे कमाने के लिए नाना को भी सड़क पर आना पड़ा। वे सुबह स्कूल जाते, शाम में फिल्म के पोस्टर पेंट करते थे। जहां पोस्टर पेंट करते थे, वहां से घर की दूरी 8 किलोमीटर थी। इस तरह दिन में 16 किलोमीटर की दूरी पैदल ही तय करते थे। इस काम के लिए हर महीने 35 रुपए मिलते थे। यह बात 1963 के आस-पास की है। पैसों की इतनी किल्लत थी कि कभी-कभार खाना भी नसीब नहीं होता था। लंच या डिनर टाइम में नाना यूं ही अपने दोस्तों से मिलने चले जाते थे। इस उम्मीद में कि सामने से कोई दो रोटी खाने को पूछ ले। नाना बचपन में बहुत शरारती थे। इतने शरारती कि टीचर इन्हें बगल में बिठाकर रखते थे, ताकि मारने के लिए बार-बार उठना न पड़े। शरारत इतनी बढ़ गई कि नाना की मां ने उन्हें छठी कक्षा के बाद अपनी बहन के गांव भेज दिया। मां को लगा कि दूसरी जगह जाएगा तो सुधर जाएगा। नाना अपनी मौसी के घर एक-दो साल रहे, फिर वापस आ आए। मौसी ने ही उन्हें वापस भेज दिया। उन्हें डर था कि नाना की संगत में कहीं उनके बच्चे ही न बिगड़ जाएं। नाना पाटेकर के परिवार में अब उनकी पत्नी नीलकांति और बेटे मल्हार हैं। नाना और नीलकांति ने अपनी शादीशुदा जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव देखे। दोनों ज्यादातर समय अलग-अलग रहे, लेकिन उन्होंने कभी तलाक नहीं लिया। नाना ने इंटरव्यू में बताया था कि उनकी मुलाकात नीलकांति से नाटक 'जात न पूछो साधु की' के दौरान हुई थी। नीलकांति भी इस नाटक में बतौर एक्टर काम कर रही थीं। उस समय नीलकांति बैंक में अधिकारी के तौर पर नौकरी भी करती थीं। नाना ने कहा था, वह बैंक में अधिकारी के तौर पर काम कर रही थीं। मुझे एक शो के 50 रुपए मिलते थे, जबकि उनकी सैलरी 2500 रुपए थी। 15-20 शो करने के बाद मैं सिर्फ 750 रुपए कमा पाता था। नाना के मुताबिक, नीलकांति ने उनसे कहा था कि अगर वह एक्टिंग को करियर बनाना चाहते हैं तो वह पहले से कमाई कर रही हैं, इसलिए परिवार के पास पैसे आते रहेंगे। नाना ने कहा था कि वह नीलकांति की वजह से ही इस पेशे को आगे बढ़ा सके, क्योंकि उस समय उन्हें नहीं पता था कि वह इसमें सफल होंगे या नहीं। कुछ साल बाद नीलकांति ने एक्टिंग छोड़ दी और परिवार की देखभाल करने लगीं। इस समय तक नाना और नीलकांति अलग-अलग रहने लगे थे। नीलकांति, नाना की मां और बेटे मल्हार के साथ रहती थीं, जबकि नाना अलग रहते थे। नाना के बड़े बेटे दुर्वासा का निधन महज ढाई साल की उम्र में हुआ था। उन्होंने बताया कि बेटे का नाम 'सबसे गुस्सैल ऋषि' के नाम पर रखा गया था और जन्म के समय उसे कुछ शारीरिक परेशानियां थीं। नाना ने बताया था कि उनके बड़े बेटे का जन्म कटे हुए तालू के साथ हुआ था और उसे एक आंख से देखने में भी परेशानी थी। उन्होंने स्वीकार किया कि बेटे को देखकर उनके मन में सबसे पहले यह विचार आया था कि लोग उनके बारे में क्या सोचेंगे। उन्होंने कहा था कि उस समय उनकी पहली चिंता बेटे की परेशानी नहीं, बल्कि लोगों की प्रतिक्रिया थी। दुर्वासा की मौत को याद करते हुए नाना ने कहा था कि वह ढाई साल की उम्र में चला गया, लेकिन उसने उन्हें बहुत कुछ सिखाया। उन्होंने बताया कि वह लंबे समय तक दुख में नहीं डूबे और हमेशा मुश्किल परिस्थितियों में भी खुद को संभालकर रखने की कोशिश की। बेटे की मौत के बाद नाना ने बहुत ज्यादा सिगरेट पीना शुरू कर दिया था। एक्ट्रेस स्मिता पाटिल ने नाना को बीआर. चोपड़ा के बेटे रवि चोपड़ा के पास भेजा था। रवि चोपड़ा उस वक्त फिल्म 'आज की आवाज' बना रहे थे। उन्होंने नाना को रेपिस्ट का रोल ऑफर किया। ऑफर सुनते ही नाना भड़क उठे। उन्होंने सबके सामने रवि को गालियां बक दीं। नाना ने कहा कि तुम मुझे ऐरा-गैरा आदमी समझते हो, क्या मैं ऐसा रोल करूंगा? यह कहकर नाना वहां से लौटने लगे। तभी स्मिता पाटिल वहां पहुंच गईं। उन्होंने नाना और रवि दोनों को समझाया। तब रवि चोपड़ा ने उन्हें मेन विलेन का रोल ऑफर किया। नाना इस बार भी सीधी तरह नहीं माने। उन्होंने कहा कि मैं कर तो लूंगा, लेकिन अपना किरदार खुद लिखूंगा। आखिरकार उन्होंने फिल्म में काम कर लिया था। फिल्म परिंदा की शूटिंग के दौरान डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा और नाना पाटेकर में लड़ाई हो गई थी। यह बात खुद विधु ने एक टीवी रियलिटी शो के दौरान स्वीकारी थी। उन्होंने कहा था, 'नाना हर सीन में गाली देता था। मुझे यह बात बड़ी अजीब लगती थी। मुझे उस वक्त गालियां नहीं आती थीं। नाना बार-बार गालियां दिए जा रहा था। ऊपर से बिना शूटिंग किए घर जाने लगा। मैंने कहा कि पहले पैसे दो, फिर वापस जाओ। कम से कम मेरा नुकसान तो मत कराओ। यही बात कहते हुए मैंने उसका कुर्ता फाड़ दिया।% उन्होंने आगे कहा था, %अभी यह सब चल ही रहा था कि कैमरामैन ने शॉट रेडी कर दिया। आप फिल्म देखिए, एक सीन में नाना बनियान में बैठकर रोता दिखाई देगा। वह शॉट झगड़े के तुरंत बाद लिया गया था। खैर, शॉट परफेक्ट हो गया। बाद में नाना ने मुझे गले लगा लिया।' फिल्म परिंदा के क्लाइमैक्स सीन में नाना पाटेकर को आग में जलते दिखाया गया था। दुर्भाग्यवश, नाना सच में आग में झुलस गए थे। इस वजह से उनकी पूरी स्किन उतर गई थी। दरअसल, उस वक्त की फिल्मों में आर्टिफिशियल फायर जैसी कोई चीज नहीं थी। सेट पर असली आग लगाई जाती थी। फिल्म के डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा ने नाना को सेफ्टी गार्ड पहनने को कहा था। नाना ने कहा था कि अगर वे सेफ्टी गार्ड पहन लेंगे तो एक्टिंग नेचुरल नहीं लगेगी। फिर भी विधु के कहने पर उन्होंने थोड़ा बहुत खुद को ढंक लिया। हालांकि, जब सीन शुरू हुआ तो आग की लपटें उनके शरीर को छूने लगीं। हाथ-पैर की स्किन झुलस गई। मामला सीरियस हो गया। उन्हें मुंबई के नानावटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद नाना एक साल तक फिल्मों से दूर रहे। नाना पाटेकर बचपन से आर्मी जॉइन करना चाहते थे। 1991 की फिल्म प्रहार के जरिए उनका यह सपना भी पूरा हो गया। आर्मी बैकग्राउंड पर बनी इस फिल्म की तैयारी के लिए नाना ने तीन साल तक आर्मी ट्रेनिंग प्रोग्राम किया था, जहां उन्हें कैप्टन की मानद रैंक दी गई थी। 1999 में पाकिस्तान के साथ कारगिल वॉर में नाना ने भारतीय सेना को अपनी सेवाएं दी थीं। हालांकि इसके पीछे दिलचस्प कहानी है। नाना ने सेना के एक बड़े अधिकारी को फोन किया और आर्मी जॉइन करने की इच्छा जताई। अधिकारी ने कहा कि आप आम नागरिक हैं, हम आपको आर्मी में नहीं ले सकते। नाना ने तब देश के तत्कालीन रक्षा मंत्री जॉर्ज फर्नांडिस को फोन कर दिया। जॉर्ज फर्नांडिस पहले से नाना को जानते थे। पहले तो उन्होंने मना किया, लेकिन जब नाना ने उन्हें अपना आर्मी वाला बैकग्राउंड बताया, तब मान गए। उन्हें हरी झंडी दे दी। नाना कारगिल में दो महीने सेना के साथ जुड़े रहे। वहां वे क्रिक रिएक्शन टीम का हिस्सा थे। क्रिक रिएक्शन टीम में सिर्फ वहीं लोग काम करते हैं, जो औरों से निपुण हों और हर परिस्थिति में लड़ने को तैयार रहें। साल 1986 में रिलीज हुई फिल्म अंकुश नाना पाटेकर के करियर की अहम फिल्मों में से एक थी। इस फिल्म को पूरा करने के लिए नाना ने अपने घर तक को गिरवी रख दिया था। फिल्म के डायरेक्टर एन. चंद्रा ने नाना को 10 हजार रुपए फीस पर साइन किया था। उन्हें 3 हजार रुपए एडवांस मिले थे, जबकि बाकी 7 हजार रुपए फिल्म बिकने के बाद मिलने थे। नाना उस रकम से स्कूटर खरीदना चाहते थे। शूटिंग के दौरान फिल्म के प्रोड्यूसर के पैसे खत्म हो गए और काम रुक गया। नाना को फिल्म की कहानी और अपने दोस्त एन. चंद्रा पर इतना भरोसा था कि उन्होंने अपना घर गिरवी रखकर करीब 2 लाख रुपए का इंतजाम किया। इस पैसे से फिल्म का काम आगे बढ़ा और अंकुश पूरी हो सकी। फिल्म रिलीज होने के बाद बॉक्स ऑफिस पर सफल रही और नाना पाटेकर को भी पहचान मिली। नाना ने एक नाटक पुरुष (1981) में 16 साल अभिनय किया और लगभग 1800 शो किए। इंटरव्यू में नाना ने बताया कि फिल्म तिरंगा की शूटिंग के दौरान वह घर से केले के फूल की सब्जी बनवाकर लाए थे। राज कुमार ने सब्जी खाई और नाना से कहा कि कीमा बहुत अच्छा बना है। नाना ने उन्हें बताया कि यह कीमा नहीं, बल्कि केले के फूल की सब्जी है। राज कुमार ने उसे मजाकिया अंदाज में फिर भी कीमा ही कहा था। 1993 बम ब्लास्ट में नाना ने अपना भाई खो दिया था। उनके भाई जिस बस में बैठे, उसी में ब्लास्ट हो गया था। बॉडी पहचान में नहीं आ रही थी। नाना के भाई हाथ में कड़ा पहनते थे। उसी से शव की पहचान हुई थी। जिसमें ब्लास्ट हुआ, उसके आगे वाली बस में नाना की पत्नी नीलकांति बैठी हुई थीं। दरअसल, नाना की पत्नी और भाई साथ ही निकले थे। दोनों एक ही बस में बैठने वाले थे, लेकिन सीट सिर्फ एक ही मिली। नाना के भाई मजबूरन पीछे वाली बस में बैठ गए। अगर उन्हें पहली बस में सीट मिल जाती तो शायद जान बच जाती।









श्रद्धांजलि



पीएम मोदी ने कहा कि नाना पाटेकर एक सच्चे 'क्रांतिवीर' थे, जिन्होंने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उनकी खामोशी भी उतनी ही असरदार थी, जितनी उनकी आवाज दमदार थी। उन्होंने लगातार देशविरोधी तत्वों पर लगाम लगाने की बात कही। पीएम मोदी ने नाना पाटेकर को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना जताई।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय सिनेमा के महान अभिनेता नाना पाटेकर के निधन को कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि पांच दशकों तक नाना पाटेकर ने अपने सहज अभिनय और दमदार संवाद अदायगी से दर्शकों के दिल पर अमिट छाप छोड़ी। गंभीर सामाजिक विषय हों या हास्य-व्यंग्य, उन्होंने जिस किरदार को निभाया, उसे जीवंत बना दिया। नागपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नाना पाटेकर के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि नाना पाटेकर उनके बहुत करीबी दोस्त थे और दोनों के बीच कई सालों से परिवार जैसा रिश्ता था। नितिन गडकरी ने कहा कि नाना ने किसानों के लिए बेहद संवेदनशीलता के साथ शानदार काम किया। गडकरी ने कहा कि सामाजिक चेतना, सामाजिक जिम्मेदारी और समाज के प्रति



संवेदनशीलता नाना के व्यक्तित्व की खास पहचान थीं। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीश ने नाना पाटेकर के बेटे मल्हार से बात की। उन्होंने नाना पाटेकर के निधन पर शोक व्यक्त किया और पाटेकर परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने मल्हार को यह भी बताया कि महाराष्ट्र सरकार नाना पाटेकर का अंतिम संस्कार पूरे



राजकीय सम्मान के साथ करने की तैयारी कर रही है। विराट कोहली ने नाना पाटेकर के निधन पर दुख जताते हुए उन्हें भारतीय सिनेमा का सच्चा दिग्गज बताया। उन्होंने कहा कि नाना का काम और उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों तक जिंदा रहेगी। रेस्ट इन पीस, भगवान आपकी आत्मा को शांति दे। अनुपम खेर इस समय वॉशिंगटन डीसी में हैं। वह अपना नाटक खत्म करके निकले ही थे जब



कुछ घंटे पहले उन्हें अपने दोस्त नाना पाटेकर के निधन की बेहद दुखद खबर मिली। राजपाल यादव ने हाल ही में वनवास फिल्म में नाना पाटेकर के साथ स्क्रीन शेयर किया था।अल्लू अर्जुन ने नाना पाटेकर के लिए ट्वीट करते हुए लिखा- जबरदस्त कलाकार... प्रेरणादायक अभिनेता... जमीन से जुड़े कलाकार! जो एक ही समय में ऊर्जावान और काव्यात्मक भी थे। भारतीय सिनेमा के सबसे अनोखे रत्नों में से एक। उन्हें हमेशा देखा, उनसे प्रेरणा ली जाएगी और उनकी तारीफ की जाएगी। उनकी कलाकारी हमेशा याद रखी जाएगी। उनके करीबी लोगों के प्रति प्यार और संवेदनाएं।%आदित्य धर ने इंस्टा स्टोरी में नाना पाटेकर के लिए एक खूबसूरत मैसेज शेयर किया। उन्होंने लिखा- %कुछ लोग हमारे बीच यादों से बढ़कर होते हैं। वह हमारे दिल में अपना एक छोटा सा टुकड़ा छोड़ जाते हैं। नाना पाटेकर जी आपकी बहुत याद आएगी। रेस्ट इन पीस। शत्रुघ्न सिन्हा ने नाना पाटेकर की याद में एक्स पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट लिखा है, दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर के निधन से बहुत दुख हुआ। वे बेहतरीन अभिनय क्षमता वाले, जमीन से जुड़े और थिएटर की दुनिया के भी जाने-माने कलाकार थे। नाना पाटेकर फिल्म इंडस्ट्री के सबसे शानदार और लोकप्रिय सितारों में से एक रहे हैं। वे अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाते थे। उन्होंने 3 नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीते थे। इस मुश्किल घड़ी में उनके परिवार, दोस्तों, समर्थकों और प्रशंसकों के लिए मेरी प्रार्थनाएं हैं।

